✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



गोपालगंज में मुठभेड़ में घायल शराब तस्कर का पुलिस अभिरक्षा में हो रहा इलाज

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 108 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शनिवार, 13 सितंबर 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी की 71वीं प्रारंभिक परीक्षा आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा आज 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इस बार परीक्षा में 4.70 लाख कैंडिडेट्स शामिल हो रहे हैं। आयोग ने परीक्षा को पारदर्शी और कदाचार मुक्त बनाने के लिए सख्त इंतज़ाम किए हैं। वहीं तैयारी को लेकर एक्सपर्ट्स ने भी अभ्यर्थियों को अंतिम समय में खास टिप्स दिए हैं। यह परीक्षा 37 जिलों के 912 केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एक ही पाली में होगी।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तीन विदेशी गिरफ्तार

**मधुबनी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बासोपट्टी प्रखंड के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई हुई। एसएसबी की 48 बटालियन जानकीनगर, खौना और बासोपट्टी थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए विदेशियों में एक ब्राजील और दो नाइजीरियाई नागरिक शामिल हैं। ब्राजील का नागरिक इमोहा इबेह डेढ़ साल से नेपाल की जेल में बंद था। नाइजीरिया के लरीशान बेनिस्तो दोस 2016 से काठमांडू जेल में थे। नेपाल में हुई हिंसा का फायदा उठाकर ये तीनों जेल से भाग निकले।

### बाढ़ के पानी में डूबने से मामा-भांजे की मौत

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दुधघाट गांव में शुक्रवार दोपहर बाढ़ के पानी में डूबने से मामा-भांजे की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतकों में शाहपुर थाना क्षेत्र के दूधघाट गांव निवासी लालबाबू बिंद का 12 वर्षीय पुत्र विजय कुमार और उसी थाना क्षेत्र के दूधघाट (पठकौली) गांव निवासी हरेंद्र बिंद का 14 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार शामिल है। विजय कुमार रिश्ते में मामा और सोनू कुमार भांजा था।

### बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों को राहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) ने बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों को बड़ी राहत दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिनकी सेवा समाप्त कर दी गई है, वे अब इस आदेश के विरुद्ध अपील कर सकते हैं। इसके लिए वे कार्यालय अवधि में राजस्व विभाग में आकर या अपने ई मेल आईडी से विभाग की आईडी पर अपील आवेदन भेज सकते हैं। शुक्रवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि अभी तक 100 से अधिक संविदाकर्मियों के अपील आवेदन मिले हैं। इनमें शुरू में 54 आवेदन करने वालों को काम पर वापस ले लिया गया है। इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अन्य बर्खास्त संविदाकर्मियों को भी विभिन्न माध्यमों से सूचित किया गया है। विभाग के इस निर्णय से राजस्व महाअभियान की शुरुआत में हड़ताल पर जाने के कारण बर्खास्त किए गए संविदाकर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# सीपी राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** देश के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर सीपी राधाकृष्णन ने आज शपथ ग्रहण कर लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आज उन्हें शपथ दिलाई। राधाकृष्णन ने विपक्ष के कैंडिडेट बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर यह पद हासिल किया है। सीपी राधाकृष्णन ने आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण कर लिया है। यह शपथ समारोह राष्ट्रपति भवन में सुबह 10 बजे आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीतने के बाद शपथ लेकर वे देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हो गए। यह आयोजन सुबह 10 बजे शुरू हुआ जिसमें देश की तमाम प्रमुख राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। इसके अलावा समारोह में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से भी नेता और राज्यपाल दिल्ली पहुंचे थे। इनमें ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रमुख हैं। गौरतलब है कि यह चुनाव ऐसे समय में हुआ जब पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके चलते 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की।



## आधुनिक हथियार और स्मार्ट पुलिसिंग उपकरणों से लैस होगी बिहार पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस आने वाले दिनों में आधुनिक हथियारों और स्मार्ट पुलिसिंग के उपकरणों से लैस होने जा रही है। इसके लिए केंद्र प्रायोजित योजना एसिस्टेंस टू स्टेट्स एंड यूटी फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस (एएसयूएमपी) के तहत राज्य को फंड मिलेगा, जिसमें 60 फीसदी राशि केंद्र और 40 फीसदी राज्य अपने स्तर से खर्च करेगी। यह जानकारी एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इस राशि में आवश्यक प्रौद्योगिकी (तकनीक), वाहन, संचार उपकरण एवं अन्य आवश्यक उपकरणों से पुलिस बल को सुसज्जित करने के साथ ही आधुनिक सुविधा युक्त बनाने की कवायद शुरू की गई है। हथियार के अतिरिक्त पुलिस को स्मार्ट बनाने के लिए कई आधुनिक उपकरणों या तकनीक की खरीद चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही करने की तैयारी है। इसके लिए करीब 66 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका उपयोग गृह विभाग से मंजूरी के बाद किया जाएगा। एडीजी श्री सुधांशु ने बताया कि राज्य योजना के अंतर्गत पुलिस के विभिन्न प्रभागों को सुदृढ़ करने के लिए अलग-अलग राशि मंजूर की गई है। राज्य के 1212 थानों में अभी सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। जबकि 176 नए थानों में इन्हें लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है, जिसके लिए 280 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन्हें लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी। आगामी विधानसभा के मद्देनजर तथा प्रशिक्षण एवं सुरक्षा कार्य के लिए 21.37 करोड़ रुपये के उपकरणों या उपस्करों की खरीद की स्वीकृति दी गई है। सुरक्षा प्रभाग के तहत बम निरोधक दस्ता को सुदृढ़ करने के लिए 20 करोड़ 57 लाख रुपये से उपकरण या उपस्कर की खरीद की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में 10.57 करोड़ जारी किए गए हैं।

## रेल ट्रैक से टुकड़ों में मिला प्रेमी युगल का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना-गया रेलखंड के पोठाही हॉल्ट के पास से शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर प्रेमी युगल का शव मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों के शव कुल छह टुकड़ों में मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार दोनों के सिर, गर्दन और पैर अलग-अलग पड़े थे। पुलिस का अनुमान है कि यह ऑनर किलिंग है। पुलिस के अनुसार रात में हत्या कर सुबह बॉडी ट्रैक पर फेंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार लड़के का नाम सुबोध कुमार (19) है और वह श्रीरामपुर गांव का रहने वाला था। वहीं लड़की का नाम लवली कुमारी (16) है और वह छातीपुर गांव की रहने वाली थी। दोनों का गांव धनरूआ थाना इलाके में पड़ता है। दोनों के शव शुक्रवार को पटना-गया रेलखंड के पोठाही हॉल्ट के पास से बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों 6 सितंबर को घर से भागे थे। लड़की के परिवार ने 7 सितंबर को थाने में उसके अपहरण की शिकायत की थी जिसमें प्रेमी को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस के अनुसार 6 सितंबर को घर से भागने के बाद लड़का और लड़की पटना के रामकृष्ण नगर में किराए के घर में रह रहे थे। उसके बाद परिवार ने 7 सितंबर को केस दर्ज कराया था और इसके बाद से परिवार के लोग दोनों को ढूंढ रहे थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि 11 सितंबर को परिवार को रामकृष्ण नगर में दोनों के किराए के घर के एड्रेस की जानकारी मिली थी। रात में ही दोनों की हत्या कर शवों को ट्रैक पर फेंका गया।

## आज से 15 सितंबर तक कई राज्यों का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 से 15 सितम्बर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा करेंगे। 13 सितंबर को प्रधानमंत्री मिज़ोरम का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 10 बजे आइज़ोल में 9000 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मणिपुर का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 12:30 बजे चूड़ाचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, वे दोपहर लगभग 2:30 बजे इम्फाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की सौवीं जयंती समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। 14 सितंबर को प्रधानमंत्री असम में 18,530 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख अवसंरचना और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह सुबह लगभग 11 बजे दरंग में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दोपहर लगभग 1:45 बजे गोलाघाट में असम बायो-एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड, नुमालीगढ़ रिफाइनरी प्लांट का उद्घाटन करेंगे। वह गोलाघाट में पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट का शिलान्यास भी करेंगे। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 9:30 बजे कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम बिहार का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 2:45 बजे पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वे पूर्णिया में लगभग 36,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे और इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। वे बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे।



## पीरपैंती बिजलीघर के लिए अदाणी से करार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर के पीरपैंती में प्रस्तावित बिजली घर परियोजना से दीर्घकालिक विद्युत आपूर्ति के लिए शुक्रवार को विद्युत भवन में बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और अदाणी पावर लिमिटेड के बीच एकरारनामा हुआ। बीएसपीएचसीएल की ओर से मुख्य अभियंता मुर्तजा हलाल, पुरुषोत्तम प्रसाद, दीपक कुमार सिंह और अदाणी पावर लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक त्यागी ने एकरारनामे पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना के निविदा के लिए राज्य कैबिनेट ने बिहार स्टेट पावर जेनेशन कंपनी लिमिटेड को फरवरी में नोडल एजेंसी नियुक्त किया था। लगभग 30 हजार करोड़ से 2400 मेगावाट क्षमता वाला यह ताप विद्युत संयंत्र स्थापित हो रहा है। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आजादी के बाद बिहार के इतिहास में यह ऊर्जा क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है।

## बिहारियों का अपमान करना कांग्रेस का स्वभाव : संजय मयूख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन / तिलौथू।** रोहतास जिले के तिलौथू स्थित राधा शांता महाविद्यालय में शुक्रवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन संजय चंद्रवंशी एवं जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता बेवकूफ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी वहीं होती है जहां इंडिया गठबंधन के लोग हारते हैं। कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में वोट चोरी नहीं होती। उन्होंने राहुल और तेजस्वी यादव से जनता को गुमराह न करने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद मंत्री संतोष सिंह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पेंशन में तीन गुना वृद्धि की है। सरकारी कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की गई है। बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। विधान पार्षद सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख ने कहा कि बिहारियों का अपमान करना कांग्रेस का स्वभाव है। पीएम मोदी की दिवंगत मां पर एआइ वीडियो साझा करने को उन्होंने शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि बिहार चाणक्य, महावीर और आर्यभट्ट की धरती है। पाकिस्तान की धमकियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि,मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की औकात खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में खाने को रोटी नहीं है और वह भारत को धमकाता है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह ने संजय मयूख को महाविद्यालय का प्रतिवेदन सौंपा। वहीं सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका नवसर्ग भेट स्वरूप दी। कार्यक्रम में मंत्री जनक राम, पूर्व सांसद कविता सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, जवाहर प्रसाद और डॉ निर्मल कुशवाहा समेत कई नेताओं ने भी अपने विचार रखे। इंदु कश्यप, कपिल कुमार, कमलेश राय, असलम अंसारी और संतोष शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में तिलौथू मंडल प्रभारी प्रकाश गोस्वामी, तिलौथू पूर्वी मंडल प्रभारी ऋतुराज उपाध्याय, अशोक कुमार, डॉ. अजय कुशवाहा, भाजपा जिला प्रवक्ता महेंद्र ओझा उर्फ छोटी ओझा, अमित पटेल, अभिषेक सिंह, विजय प्रजापति, डॉ. नवीन नटराज, राकेश सिन्हा समेत सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।



## कांग्रेस के युवराज व लालू प्रसाद के जंगलराज के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं : अनुराग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के युवराज और लालू प्रसाद के जंगलराज के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं है। यहां की जनता विपक्ष के चाल-ढाल को समझ चुकी है। उन्होंने शुक्रवार को यहां भाजयुमो के युवा शंखनाद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि लालू प्रसाद के समय बिहार एक बीमारु राज्य था। लेकिन एनडीए की सरकार और नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार एक विकासशील प्रदेश बना है। एनडीए सरकार आगे एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी। जबकि पूर्व में इस सरकार के द्वारा साढ़े ग्यारह लाख नौकरियां दी गई है और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम किया गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार में राजद और कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय मां को गाली देने का काम करते हैं तो वहीं एआई वीडियो के माध्यम से अब उनके (प्रधानमंत्री) मां को अपमानित भी कर रहे हैं। इससे बिहार की जनता आहत है और आनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में जनता उन दलों को करारा जवाब देगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार की संस्कृति ऐसी नहीं है। लालू राज में महिलाओं एवं लड़कियों को अपमानित और प्रताड़ित किया जाता था। लेकिन अब एनडीए सरकार में ऐसा नहीं होगा। यहां की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## 'हमारा बिहार-हमारी सड़क' ऐप से ग्रामीण सड़कों को मिला नया जीवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से बिहार के ग्रामीण इलाकों की सड़कों को लम्बे समय तक चकाचक रखने के लिए तैयार किये गए एक ख़ास ऐप ने सूबे की ग्रामीण सड़कों को नया जीवन प्रदान कर रहा है। 'हमारा बिहार-हमारी सड़क'मोबाइल ऐप के जरिये न केवल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सड़कों के रख-रखाव की मॉनिटरिंग की जा रही है बल्कि ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित शिकायतों का निष्पादन भी तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार इस मोबाइल ऐप की मदद से पिछले आठ माह में ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई कुल 1238 शिकायतों में 1072 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा तौयार किये गए इस मोबाइल ऐप का लोकार्पण विगत दिसंबर माह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। इस तकनीक से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ लोगों की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आयी है। इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग को मिल कुल 1238 शिकायतों में 1072 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है जबकि कुल 166 शिकायतों के निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है। इस ऐप के माध्यम से विभाग के अधिकारियों और अभियंताओं को ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों के रख-रखाव में भी सहूलियत हो रही है। हमारा बिहार-हमारी सड़क ऐप के माध्यम से जनता द्वारा ऑनलाइन दर्ज की जा रही शिकायतों के समाधान के लिएविभाग के स्तर से लगातार मॉनिटरिंग का काम जारी है।

## बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : नित्यानंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। इस बार महागठबंधन के प्रत्याशियों को जमानत बचना मुश्किल हो जायेगा। यह बात केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने औरंगाबाद के गांधी मैदान में आयोजित विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। श्री राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं से जुड़ी उपलब्धियों को गिनाया और गरीबों को मुफ्त राशन और इलाज देने की बात कही। मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की आलोचना की। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए बिहार में एनडीए सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने कहा कि यहां धर्म और अधर्म की लड़ाई है, जिसमें धर्म की जीत होगी। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। जिले में करोड़ों रूपये से विकास की योजनाएं बनी हैं। हरेक क्षेत्र में विकास हो रहा है। उन्होंने धारा 370, कश्मीर मुद्दा, राम मंदिर निर्माण एवं पुनौराधाम में माता सीता मंदिर शिलान्यास आदि सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को घर मिले हैं और मुफ्त अनाज का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को समाप्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की मां का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मां को बिहार की धरती पर अपमानित किया गया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से महागठबंधन को वोट के माध्यम से जवाब देने का आह्वान किया। सीतामढ़ी के सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने कहा कि इस बार हम काम के आधार पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि एनडीए सरकार ने महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। औरंगाबाद भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यहां कई और योजनाएं जमीन पर उतरेगी। देवेश चन्द्र ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2005 में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में काफी विकास हुआ है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए पांच पांडव है, पांच पार्टियों का गठबंधन है। धर्म की रक्षा के लिए महाभारत की लड़ाई पांडवों ने लड़ी थी। आज एनडीए बिहार के विकास और उत्थान की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस और राजद कार्यकर्ताओं द्वारा (शेष पृष्ठ 10 पर)



## बिहार में वोटर बन गई पाकिस्तानी महिला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र अंतर्गत भीखनपुर टैंक लेन में बिना वैध वीजा सालों से रह रही पाकिस्तानी महिला इमराना खानम वोटर बन गई। इसका खुलास तब हुआ जब मतदाता सूची की गंभीरता से जांच की गई। अब महिला पर आपराधिक मामला दर्ज होने जा रहा है। उसके साथ-साथ मतदाता सूची में उसका नाम दर्ज करने वाले व्यक्ति पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच में खुलासा हुआ कि इमराना खानम के भारतीय मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भरे गए फॉर्म-6 की कभी विधिवत जांच ही नहीं की गई। सिर्फ कागजी प्रक्रिया में टेबल जांच कर ली गई और बिना दस्तावेजी पुष्टि के उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं, उसे मतदाता पहचान पत्र भी जारी कर दिया गया।

CMYK

# युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से मिलेगा आत्मनिर्भरता का रास्ता

## सीएम प्रतिज्ञा योजना को लेकर उद्योग संवेदनशीलता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है जिसके अंतर्गत राज्य के युवाओं को तीन माह से एक साल तक उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे युवा आधुनिक कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनेंगे और बिहार को एक कौशल-संपन्न तथा प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। बिहार कौशल विकास मिशन के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह श्रमायुक्त राजेश भारती ने शुक्रवार को श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को 'सीएम-प्रतिज्ञा योजना पर उद्योग संवेदीकरण कार्यशाला' को संबोधित करते हुए कहा। श्री भारती कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने योजना के विजन, मिशन और प्रमुख उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। इसमें खास तौर पर श्रमिक कल्याण, युवाओं में जागरूकता और उद्योगों के साथ सहयोगी तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला प्रमंडल और जिलास्तर पर भी आयोजित की जाएगी जिसमें सभी संबंधित लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों, पीएसयू और निजी कंपनियों ने शिरकत की। इसमें हरिओम फीड्स प्रा. लि., ब्रिटेनिया इंडस्ट्रीज, इंडियन आयल कॉर्पोरेशन, एचपीसीएल, माइक्रोमैक्स बायो फ्यूल प्रा. लि., प्रमोद लड्डू, बीआरएलपीएस-जीविका, डालमिया सीमेंट, बिहार सरकार के शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि, कॉम्फेड, गो ग्रीन अपैरल प्रा. लि., अनमोल इंडस्ट्रीज, परमान न्यूट्रीशन प्रा. लि. और ओवो सुन्दरम इंटरनेशनल प्रा. लि. जैसे प्रमुख साझेदार मौजूद थे। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछे और पैनल के साथ अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। यह तय किया गया कि विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिलास्तर पर फॉलो-अप वर्कशॉप आयोजित किये जाएंगे और सामुदायिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। कार्यशाला का समापन मिशन निदेशक मनीष शंकर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बिहार सरकार देगी सितंबर में तीन बड़े तोहफे

## एसडीआरएफ, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और साइंस सिटी का उद्घाटन इसी महीने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार लगातार जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों को बड़ी सौगातें दे रही है। इसी कड़ी में इस बार केवल सितंबर माह में तीन महत्वपूर्ण भवनों का उद्घाटन किया जाएगा। ये तीन प्रमुख तोहफे 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी', 'राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय' और 'बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' के नए भवन हैं।

**एसडीआरएफ मुख्यालय का समृद्ध विकास**

बिहटा के दिलावरपुर में 25 एकड़ भूमि पर 287.52 करोड़ रुपये की लागत से एसडीआरएफ मुख्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें प्रशासनिक भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, ट्रेनिंग ब्लॉक, हेड कॉन्स्टेबल व डिप्टी कमांडेंट आवास सहित कई अन्य भवन शामिल हैं। राज्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के लिए परिसर में एक राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल भी निर्मित किया जा रहा है। प्रशिक्षकों और जवानों के लिए अत्याधुनिक आवासीय व प्रशिक्षण सुविधाएं तैयार की गई हैं। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि शेष भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर उद्घाटन की योजना बनाई गई है। विभाग की ओर से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का भी निर्माण कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में डेयरी इंजीनियरिंग भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, पशु प्रयोगशाला, फीड विश्लेषण लैब, यूजी/पीजी हॉस्टल, कुलपति आवास सहित कुल 14 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का विशेष ध्यान रखा गया है।

# विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राचार्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को किया अभिप्रेरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के सभागार में सांस्कृतिक समिति द्वारा स्वर संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भजन, गजल, शास्त्रीय एवं लोकगीत की एकल एवं लोकगीत की समूह प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु उन्हें अभिप्रेरित किया। समन्वयक डॉ. विनीता तिवारी ने प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्रतियोगिता के नियम प्रतिभागियों को समझाया। निर्णायक मंडल में शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. ममता शर्मा एवं डॉ. अनिल कुमार सिंह ने प्रस्तुतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. लाडली कुमारी, डॉ. दिव्या कुमार, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. मनीता एवं डॉ. नब्येंदु ने विद्यार्थियों का भविष्य के कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन किया। मंच संचालन डॉ. मनीषा प्रियम्वदा ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# वीवीआईपी पार्टी जात नहीं, जमात की पार्टी : विज्ञान स्वरूप सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विज्ञान स्वरूप सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर वीवीआईपी पार्टी ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी की जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वीवीआईपी पार्टी 'टीम तेजप्रताप' के साथ मिलकर राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से संभावित उम्मीदवारों की सूची कमेटी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आचार संहिता लागू होने से पहले गठबंधन दलों के साथ बैठक कर अंतिम रूप से प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। विज्ञान स्वरूप सिंह ने कहा कि वीवीआईपी पार्टी जाति की राजनीति से अलग हटकर समाज की जमात को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा आज जब अधिकांश दल जाति के सहारे राजनीति कर रहे हैं, हम वैचारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से लोगों को जोड़ रहे हैं। नफरत, अपराध, बलात्कार और हत्याओं की घटनाओं से राज्य की स्थिति चिंताजनक हो गई है। ऐसे में तीसरा मोर्चा बनाकर हम बिहार की नई दिशा तय करेंगे। उन्होंने बेरोजगारी और युवाओं की निराशा को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि वीवीआईपी पार्टी उन्हें रोजगार और सकारात्मक अवसरों की ओर उन्मुख करेगी। उन्होंने पार्टी के चुनाव चिह्न 'पानी का जहाज' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रतीक कठिन परिस्थितियों में भी राह निकालने और आगे बढ़ने का संदेश देता है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद (हेलीकॉप्टर बाबा), राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार, विवेक कुमार सिंह (रोहतास), ज्ञानदीप प्रसाद (नालंदा), नवीन कुमार सिंह (समस्तीपुर), गोपाल शरण सिंह (जहानाबाद), मुन्ना सिंह (छपरा), सर्वेश कुमार सिंह (वैशाली), राजीव कुमार (वैशाली), अभय कुमार (पटना), आकाश कुमार (पटना), आशीष साहनी, श्रेष्ठ जायसवाल और शिवेन्द्र निषाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उर्वरकों का इस्तेमाल समझदारी से कर रहे हैं बिहार के किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार अपने कृषि रोड मैप के जरिए मिट्टी के स्वास्थ्य प्रबंधन को प्राथमिकता दे रही है जिससे उर्वरकों की प्रति हेक्टेयर खपत में कमी आई है। वर्ष 2020-21 में जहां यह खपत 207.60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी वहीं 2024 -25 में यह घटकर 172.57 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रहने का अनुमान है। इससे पहले 2023-24 में यह 195.68 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर था। आंकड़े बताते हैं कि बिहार के किसान अब अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का समझदारी से इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जागरूकता मुहिम का असर अब बिहार में दिखने लगा है। अब किसान समझ चुके हैं कि खेतों में गैरजरूरी तौर पर उर्वरकों का इस्तेमाल मिट्टी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि संतुलित तौर पर उर्वरकों का उपयोग और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से न केवल बिहार में कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य में सरकार द्वारा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। कार्बनिक और जैविक स्रोतों के साथ रासायनिक उर्वरकों नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश (एनपीके) के वैज्ञानिक अनुपात (4:2:1) में उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में वृद्धि हो सके। राज्य सरकार ने संतुलित उर्वरक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक मिट्टी जांच कार्यक्रम लागू किया है। राज्य के सभी जिलों में अब मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है।

# राजेश राम के जन्मदिन पर बधाइयों का तांता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम पटना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने एकत्रित होकर केक काटा और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजेश राम के दीर्घायु, स्वस्थ जीवन एवं सफल नेतृत्व की कामना की। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस पार्टी और अधिक सशक्त एवं मजबूत होगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है। मैं अपने जीवन का हर क्षण संगठन को मजबूत करने और आमजन की समस्याओं को दूर करने के लिए समर्पित करूंगा। कांग्रेस पार्टी विचारधारा की पार्टी है और हम सब मिलकर बिहार में न्याय, समानता और भाईचारे की राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। सांसद पप्पू यादव ने भी आज सुबह राजेश राम के निजी आवास पर जाकर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाइयां और शुभकामना दी। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, रेखा दास, मोती लाल शर्मा, वीणा शाही, अजय चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजीव मेहता, विनय वर्मा, शकीलुर रहमान, असित नाथ तिवारी, राजेश कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, ज्ञान रंजन, नागेन्द्र कुमार विकल, रौशन कुमार सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द लाल रजक, कमलदेव नारायण शुक्ला, सूरज सिन्हा, मो. शाहनवाज, मो. कामरान, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, पंकज यादव, अशोक गगन, कमल कमलेश, दुर्गा प्रसाद, अनोखा देवी, राजेन्द्र चौधरी, अरूण पाठक, वसी अख्तर, सुनील कुमार सिंह, साधना रजक, गुरूदयाल सिंह, मनोज शर्मा, विशाल झा, विशाल यादव, मोनी देवी पासवान, हीरा सिंह वग्गा, राजनन्दन कुमार, सुरेश मुखिया सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज, पटना ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता को ए. एन. कॉलेज ने बी. एस. कॉलेज, दानापुर को 42-21 से पराजित किया। यह प्रतियोगिता बीएस कॉलेज दानापुर में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा कुमारी ने इस जीत के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# संस्कृत के प्रचार-प्रसार में जन सम्पर्क विभाग की भूमिका अह्म : झा

## अध्यक्ष ने की विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार और उत्थान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। इस सिलसिले में संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष श्री झा ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मुलाकात की। इस दौरान श्री झा ने भावी कार्यक्रमों की चर्चा की और सूचना जन सम्पर्क से सहयोग की अपेक्षा की। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि आगामी योजनाओं एवं नवाचारों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक ने हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया एवं कहा कि बिहार में संस्कृति के बढ़ते आयाम को देखते हुए एक लघु वृत चित्र का निर्माण करवाया जाय जिससे आने वाले समय में संस्कृत के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए लघु फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच इसको प्रदर्शित कर समाज में जागरूकता अभियान लाया जायेगा।

# जिलों के समग्र विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिलों के समग्र विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन पटना में देशभर से आए वरिष्ठ प्रशासकों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने सहभागी शासन और सतत विकास के सफल अनुभव साझा किए। चर्चाओं का फोकस पारदर्शिता बढ़ाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की प्रभावशीलता, समग्र शासन दृष्टिकोण और प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक क्रियान्वयन पर रहा। चौथे सत्र की अध्यक्षता भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक एस. एन. त्रिपाठी ने की। उन्होंने योजनाओं की समयबद्ध उपलब्धता के लिए पारदर्शिता और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी सुधारात्मक पहलों की महत्ता पर बल दिया। जिलास्तरीय अनुभवों के अंतर्गत पटना के जिलाधिकारी थियागराजन एस. एम. ने बच्चों में श्रवण क्षमता ह्रास की समस्या के समाधान हेतु विकसित अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। आंगनबाड़ी ढांचे और विभागीय समन्वय का उपयोग करते हुए बिना अतिरिक्त बजट व्यय के यह पहल अनेक बच्चों के लिए जीवन बदलने वाला साबित हुई।

पूर्वोत्तर भारत से अनुभव साझा करते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक डॉ. वर्णाली डेका ने असम के नलबाड़ी जिले की 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड' पहल पर प्रकाश डाला।

# कंपनी सेक्रेटरी स्टार्टअप्स विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं : सतीश चंद्र दुबे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने 'एस्पिरेशनल ईस्ट' शीर्षक से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें स्टार्टअप्स, एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) और एग्री-बिजनेस जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सांसद राज्यसभा, उपेन्द्र कुशवाहा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अपने संबोधन में श्री दुबे ने राष्ट्रीय स्तर पर कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए आईसीएसआई की इस अनूठी पहल की सराहना की और भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कंपनी सेक्रेटरी स्टार्टअप्स और कृषि-आधारित व्यवसायों के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों क्षेत्र देश को सतत आर्थिक विकास की दिशा में आगे ले जाने की क्षमता रखते हैं। कंपनी सेक्रेटरी देश के युवाओं को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करते हुए इस क्षेत्र को मजबूत बनाने में सक्षम हैं। उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और मैं आईसीएसआई को बधाई देता हूं कि उसने इस संगोष्ठी का आयोजन किया जो कंपनी सेक्रेटरीज को किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी प्रथाओं की ओर मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी सेक्रेटरीज को फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स को पेशेवर सहयोग, निरीक्षण और दिशा-निर्देश प्रदान कर उनका समर्थन करना चाहिए। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चाओं में बिहार के एग्री-बिजनेस क्षेत्र और उससे आगे के लिए एक प्रगतिशील दिशा तय की गयी जिनमें शामिल थे: एग्री-बिजनेस एवं एफपीओ इकोसिस्टम का अवलोकन तथा एफपीओ में सुशासन को सुदृढ़ कर मूल्य सृजन-कंपनी सेक्रेटरी के लिए अवसर, वित्तीय पहुंच और नीतिगत सहयोग- एफपीओ को सशक्त बनाने में कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका, कृषि-इकोसिस्टम का डिजिटलीकरण-स्टार्टअप्स एवं तकनीक का प्रवेश एग्री-बिजनेस में। प्रेसिडेंट आईसीएसआई, सीएस धनंजय शुक्ला ने प्राचीन काल में शासन और नीति निर्धारण में सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा आज के कंपनी सेक्रेटरी कॉर्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में वही भूमिका निभा रहे हैं जिसका उल्लेख वेदों और पुराणों में मिलता है।

# वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पर्यावरण (निर्माण एवं विध्वंस) अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 (01 अप्रैल, 2026 से प्रभावी) के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुपालन, इन गतिविधियों तथा अपशिष्ट प्रबंधन से हाने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विभिन्न हितधारकों यथा ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पुलिस भवन निर्माण लिमिटेड, स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग आदि के साथ वर्चुअल मोड में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 251 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बिहार राज्य के विभिन्न शहरों में वायु प्रदूषण, विशेष रूप से पार्टिकुलेट मैटर का स्तर राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं रहता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति (पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर) ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के प्रभावी कार्यान्वयन तथा निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन आदि नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान जनित धूल-कण के नियंत्रण के लिए पानी का नियमित छिड़काव, निर्माण एवं विध्वंस भवन के चारों ओर लगाई जाने वाली मचान पर धूल अवरोधक चादर, निर्माण सामग्री को ढकना, हवा अवरोधक लगाना, निर्माण एवं विध्वंस सामग्रियों को विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में रखना आवश्यक है।

# गोल एजुकेशन विलेज में सेमिनार आयोजित- 'हाउ टू क्रैक नीट'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गोल एजुकेशन विलेज में मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए 'हाउ टू क्रैक नीट' विषय पर एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोएल विलेज में नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स और रणनीतियां बताई गईं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह तथा आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने अपने विचार साझा किए। बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को हालिया प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रवृत्तियों और नीट परीक्षा की बदलती रणनीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि 'कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।' उन्होंने नीट की तैयारी को लेकर निम्नलिखित विशेष मार्गदर्शन दिए। एनसीइआरटी की पुस्तकों पर गहन पकड़ बनाना सबसे जरूरी है। डेली प्रैक्टिस पेपर्स और मॉक टेस्ट के माध्यम से समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की गति को विकसित करें। कठिन विषयों और कमजोरियों पर विशेष ध्यान दें तथा उन्हें सुधारने के लिए अतिरिक्त समय निकालें। रीविजन की ठोस रणनीति बनाकर हर टॉपिक की बार-बार पुनरावृत्ति करें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करके परीक्षा के पैटर्न और ट्रेंड को समझें।

# अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स ने मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह, चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स, भारत के एक एडवांस्ड किडनी देखभाल प्रदाता एवं अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के एक अंग ने राज्यव्यापी जागरूकता अभियानों के माध्यम से अपना राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 अभियान सफलतापूर्वक मनाया जिसमें किडनी के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। 2025 का थीम था, बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करना जिसमें कुपोषण से निपटने, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम और पोषण को स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया गया है। इस राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाते हुए अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स अपने शैक्षिक वीडियो, वेबिनार, रोगी संपर्क सत्रों और डिजिटल जागरूकता अभियानों के माध्यम से हजारों डायलिसिस रोगियों, देखभाल प्रदाताओं और आम जनता तक पहुंचा है। यह पहल पूरे भारत में कुल 5,00,000 से अधिक लोगों तक पहुंचने में सफल रहा, साथ ही बिहार की जनता ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया जहां सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत अपोलो बिहार सरकार के साथ साझेदारी में 19 डायलिसिस क्लीनिक्स चलाता है। अपोलो डायलिसिस क्लिनिक्स के सीओओ, एम सुधाकर राव ने कहा कि अपोलो डायलिसिस क्लिनिक्स में, हम दृढ़ता के साथ मानते हैं कि सही पोषण चिकित्सीय उपचार के समान ही महत्वपूर्ण होता है।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में 'प्रबंधन में रेलकर्मियों की भागीदारी' की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में 'प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी' (प्रेम समूह) की वर्ष 2025 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहां कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है। हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय बन जाते हैं। यूनियन एवं एशोसिएशन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि आज की समीक्षात्मक चर्चा एवं इससे उत्पन्न प्रेरक विचार हमारे लिए सार्थक एवं उपयोगी साबित होंगे। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, इस्ट सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश वर्मा एवं महासचिव जे.पी.सिंह, इस्ट सेंट्रल रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पासवान एवं महासचिव रवीन्द्र कुमार राज, इसीआरईयू के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान एवं सहायक महासचिव संतोष कुमार, कार्यकारी सदस्य संजय कुमार, एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष महेंद्र कुमार एवं महासचिव पवन कुमार राम, ओबीसी एसोशिएशन जोनल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार एवं महासचिव सुबोध पोद्दार एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे।

# कांग्रेस सांसद मनोज राम को जनता की सेवा नहीं, मेवा से मतलब : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मोहनियां दुर्गा पड़ाव में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने किया। ऋतुराज सिन्हा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य और केंद्र सरकार के कार्यों को गिनाते हुए विपक्षियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां के सांसद धर्मांतरण कराने के साथ-साथ मठ के भूमि को हड़पने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनको जनता के सेवा से कोई मतलब नहीं है। बल्कि उनको मेवा से मतलब है। हमारी सरकार क्या कर रही है सबको पता है। वहीं पत्रकारों के सवालों पर कहा कि एनडीए में सब कुछ ठीक ठाक है। जल्द ही सीट का बंटवारा हो जाएगा। कांग्रेस और राजद पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मां को इनके द्वारा मंच से गालियां दी जा रही है। इन दोनों को पता है कि जनता इनकी सुनने वाली नहीं है।



वहीं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीविका दीदियों के रोजगार के लिए सरकार राशि देने का फैसला किया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार ने सिर्फ कैमूर को 100 करोड़ रूपए दिया है। हमारी सरकार चारा घोटाला नहीं बल्कि विकास कर रही है। जाति पाती से ऊपर उठकर कार्य कर रही है।

# 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में शनिवार को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा केंद्र पर 480 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के सफल और कदाचारमुक्त संचालन के लिए परीक्षा से पूर्व विद्यालय प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक राज नारायण सिंह के नेतृत्व में आज विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबंधित नियमों तथा निर्देशों की जानकारी दी गई। निदेशक आनंद सिंह ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की मूलभूत असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाएगा।




# जीबीएम कॉलेज में ऑनलाइन सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, कॉलेज के आईक्यूएसी, एनएसएस इकाई एवं सेहत केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन सेफ्टी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से आये अधिकारी दीपिका, सौविक एवं उपस्थित प्रोफेसरों ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।दीपिका एवं सौविक ने छात्राओं को ऑनलाइन सेफ्टी, स्नेह एआई का उपयोग, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन थ्रेट्स, साइबर ग्रूमिंग, साइबर स्टॉकिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट, फाइनेंशियल स्कैम्स, ऑनलाइन ब्लैकमेल जैसे विषयों पर जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संयोजन सेहत केन्द्र की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने किया। कार्यक्रम के समन्वयन में छात्रा गीतांजलि, अनीषा एवं सिमरन की भी अहम भूमिका रही। अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान करके किया गया। प्रधानाचार्य डॉ पटेल ने छात्राओं को सलाह दी कि वे सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर करने से पहले सोच-समझ लें, सतर्क रहें।

# जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का डॉ निर्मल कुशवाहा के नेतृत्व में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनडीए का तिलौथू में सासाराम विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में जाने के क्रम में डिहरी पाली रोड के समीप जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा के नेतृत्व में जदयू के नेता व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। तिलौथू जाने के क्रम में जदयू प्रदेश अध्यक्ष के गाड़ी के आगे आगे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल से तिलौथू के लिए निकल पड़े। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम, नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा, प्रखंड



अध्यक्ष विकास सिंह, किसान सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजनंदन सैनी, जदयू के वरिष्ठ नेता गुड्डू पटेल, अरविंद तिवारी, शोभा चन्द्रवंशी, मुमताज अंसारी, विंध्याचल पासवान, श्रवण कुमार सिंह, संजय पासवान, आकाश चन्द्रवंशी, रमेश कुमार, देवराज पटेल, अकोढ़ी गोला प्रखंड अध्यक्ष डब्लू कुशवाहा, भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल, बबन कुशवाहा, रामजी गुप्ता सहित काफी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कल्याण मंत्री ने विकास मित्रों के साथ किया संवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में रोहतास जिला के विकास मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम मल्टी पर्पस हॉल, फजलगंज, सासाराम में किया गया। सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली गई एवं योजनाओं को सफल संचालन हेतु निदेशित किया गया। संवाद कार्यक्रम में सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास उपस्थित रहे।

# सोने की ठगी करने वाला गिरफ्तार, जेवरात बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोने के जेवरातों की ठगी करने वाले एक ठग को पुलिस से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से ठगी किए गए जेवरात भी बरामद किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए एएसपी सह डिहरी के एसडीपीओ आतुलेश झा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि डिहरी नगर थाना कांड सं.-402/25 के वादी के द्वारा दिये गये फुटेज के आधार पर पुअनि संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में फुटेज में दिखाई पड़ने वाले व्यक्ति की पहचान करते हुए रूपेश कुमार उर्फ संजय कुमार की गिरफ्तारी की गई है तथा उनके निशानदेही पर ठगी किये गये सोने का आभूषण व विभिन्न बैंकों का कुल 33 ए0टी0एम0 कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया है। उन्होंने बताया कि



गिरफ्तार अभियुक्त रूपेश कुमार द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगे ए0टी0एम0 मशीन में घुसकर व्यक्तियों की सहायता करने के नाम पर बहुत चालाकी से ए0टी0एम0 कार्ड बदल कर पैसा का अवैध रूप से निकासी भी कर लिया जाता रहा है। इनके द्वारा अब तक करीब 40 लाख रूपये की ठगी की गई है। एसडीपीओ ने कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर 33 पीस एटीएम कार्ड (विभिन्न बैंक का), जाली आधार कार्ड-01, सोने का तीन अंगूठी, कान की बाली सोने का, अपराध के तक्त पहने हुए पहनावा (रार्ट, पैंट, टोपी) बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त का डिहरी, अकोढ़ीगोला, सासाराम, दाउदनगर, नासरीगंज थाना क्षेत्र में आपराधिक इतिहास रहा है। इसकी जांच की जा रही है। प्रेस वार्ता में प्रभारी थानाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, अंजली कुमारी, विश्वजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# रोहतास महिला महाविद्यालय में पोषण माह का समापन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया जिसमें पोषण से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी, खाद्य प्रदर्शनी तथा क्वीज प्रतियोगिता कराई गई। पोषण माह के समापन समारोह के दौरान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गृह विज्ञान विभाग के द्वारा पोषण माह पर व्याख्यान कराया गया जिसमें विभाग अध्यक्ष डॉ अमरजीत कुमार के द्वारा 'जंक फूड', डॉ सविता के द्वारा 'हर्बल टेक्सटाइल', डॉक्टर शाइस्ता परवीन के द्वारा 'मोटापा' तथा डॉक्टर मनु सिन्हा द्वारा 'संतुलित आहार' पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक अध्यापिका डॉ छाया कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार राय, डॉ आनंद त्रिपाठी, डॉ आनंद कुमार, डॉ गिरिजा उरांव, डॉ शमशेर आलम, डॉ सुनीता सैनी, डॉ ज्योति कुमारी, डॉ प्रिया, डॉ कुमारी रेखा एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रहे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में रंगारंग कार्यक्रम के बीच आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह के साथ स्वागत किया गया तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विविध प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने वहां उपस्थित सभी अतिथियों का अभिनंदन किया एवं नारायण वर्ल्ड स्कूल को बिहार में पहली बार सीबीएसई राष्ट्रीय खेल के लिए चयनित किए जाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बिहार के शिक्षण




संस्थानों का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होता है। बिहार के बच्चों में इस कार्यक्रम से एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप हमारे अतिथि हैं और आपके हर तरह की सुविधा और आपके मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन हर संभव व्यवस्था को संधारित किया है और आप सभी सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में प्रतियोगिता में भाग लें। इस अवसर पर सी बी एस ई के कई पदाधिकारी गण टेक्निकल पदाधिकारी, खेल रेफरी, आयोजन प्रबंधन टीम, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सशैल फाउंडेशन की अध्यक्ष शैल सिंह, नारायण वर्ल्ड स्कूल की निदेशक डॉक्टर मोनिका सिंह, बोर्ड की सदस्य निरुपमा सिंह, डॉक्टर आकांक्षा सिंह, डॉक्टर संगीता कुमारी, एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह, कुलसचिव डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अध्यक्ष एवं शिक्षकगण, कुलाधिपति के निजी सचिव कृष्णा साहू समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अब तक देश के 19 राज्यों की 57 टीमें खेल परिसर में पहुंच चुकी है तथा 13 सितंबर को सुबह में मार्च पास्ट एवं मसाल प्रज्ज्वलन के साथ ही प्रतियोगिताओं की शुरुआत हो जाएगी।

# किसानों और आजाद समाज पार्टी ने एसपी से मिल मांग पत्र सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी एवं किसानों का प्रतिनिधिमंडल आजाद समाज पार्टी चेनारी विधानसभा प्रभारी अमित पासवान के नेतृत्व में रोहतास पुलिस अधीक्षक से मिल मांग पत्र सौंपा। बता दें कि बीते 27-8-2025 को समय तकरीबन 11:30 बजे दिन में शिवसागर अंचलाधिकारी एवं पीएनसी कंपनी के पदाधिकारी कुमार आशीर्वाद के द्वारा किसानों पर झूठा मुकदमा दायर किया गया है जो कहीं से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। वीडियो फुटेज के आधार पर साफ तौर से यह देखा जा रहा है कि शिवसागर अंचलाधिकारी के द्वारा किसान भाइयों को उकसाने एवं उन्हें हिंसक करने के लिए अभद्र अमर्यादित एवं भद्दी-भद्दी गालियां दिया गया जो असंवैधानिक है इससे न केवल सम्पूर्ण किसान भाइयों को आहत हुई है। बल्कि समाज में वैमनस्यता फैलाने और कानून- व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का भी शिवसागर अंचलाधिकारी एवं वहां मौजूद कंपनी के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया जबकि मामला यह था कि भारतमाला एक्सप्रेसवे में ग्राम वार्तालीके सैकड़ों किसानों का भूमि अधिग्रहण किया



गया है। किसान भाई शांतिपूर्ण तरीके से संबंधित पदाधिकारी के समक्ष अपनी बात रख रहे थे उनका कहना था कि पहले हमारे जमीन का उचित मुआवजा सहित फसल का हर्जाना दिया जाए उसके बाद ही यह कार्य प्रारंभ हो, लेकिन शिवसागर अंचलाधिकारी के तानाशाही रवैया के कारण वहां माहौल खराब हुआ। प्राथमिकी में इस बात का जिक्र किया गया है कि किसान भाइयों के द्वारा हमला कर पथराव किया गया है। यह आरोप निराधार और असत्य है अगर ऐसा है तो निश्चित तौर पर हमारी संगठन भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी किसी भी तरह से हिंसा का समर्थन नहीं करती है।

हमारी मांग है कि चेनारी थाना प्राथमिकी संख्या 370/25 में किसान भाइयों के ऊपर किए गए फर्जी मुकदमें की उच्चस्तरीय जांच हो, पथराव का वीडियो फुटेज को सार्वजनिक किया जाए और जांचोपरांत अगर केस असत्य पाया जाता है तो संबंधित पदाधिकारियों के ऊपर भी गिरने के आरोप लगाना के तहत कार्रवाई सुनिश्चित हो। सार्वजनिक स्थल पर शिवसागर अंचलाधिकारी के द्वारा किसान भाइयों को भद्दी-भद्दी गालियां देना उनके अश्लील कृत्य को उजागर करता है जो भारतीय दंड संहिता की धारा 294 के तहत दंडनीय अपराध बताती है। प्रतिनिधिमंडल में किसान कामेश्वर यादव, विजय सिंह, अमीरुल हक अंसारी, उपेंद्र यादव, लालबाबू पासवान, आजाद समाज पार्टी प्रवक्ता चंद्रभान प्रताप, संजीत पासवान, सीटू कुमार मौजूद रहे।

# नशे में उप प्रमुख को धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** ग्राम टेकारी में शुक्रवार को ग्रामीणों ने दो लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने शराब के नशे में चेनारी प्रखंड के उप प्रमुख विकास कुमार को कट्टा दिखाकर धमकाया और गाली-गलौज की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजय पांडे (पिता किशन पांडे, ग्राम सोनहर, थाना-शिवसागर) और धर्मेंद्र पाठक (पिता-विनोद पाठक, ग्राम-भवाडीह, थाना-कारगहर) के रूप में हुई है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि दोनों की जांच ब्रेथ एनालाइजर से की गई जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद चिकित्सीय जांच भी कराई गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आवेदक द्वारा लिखित आवेदन दिया जा रहा है।

# बच्ची का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के छितराटाड गांव में आज सुबह 9 बजे करीब एक नौ वर्षीय बच्ची का शव कुएं से बरामद हुआ। बच्ची की पहचान लखन कुमार सिंह के नौ वर्षीय पुत्री आकृति कुमारी के रूप में की गई जो छितराटांड़ गांव के रहने वाली बताई गई। घटनास्थल पर एसडीपीओ दिलीप कुमार ने शव को बरामद किया और आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर मृतक के पिता ने बताया कि कल शाम 5:00 बजे मेरी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी।

# सहकारी समितियों के निबंधन को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष कोषांग का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समितियों के निबंधन को प्रोत्साहित करने एवं सहकारी समितियों के निबंधन संबंधित सभी कठिनाइयों के समाधान हेतु कार्य करने के लिए निबंधक, सहयोग समितियां पटना, सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, स0स0 एवं सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय में विशेष कोषांग का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष कोषांग सहकारी समितियों के गठन एवं निबंधन संबंधी सम्पूर्ण वैधानिक जानकारी इच्छुक व्यक्तियों को उपलब्ध करायेगा। सहकारिता विभाग द्वारा सभी विशेष कोषांग को तत्काल प्रभाव से कार्यरत करने का निर्देश दिया गया है। सहकारितामंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारी समितियों के निबंधन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने के लिए निबंधक, सहयोग समितियां पटना सहित सभी प्रमंडल एवं जिला स्तर पर विशेष कोषांग का गठन एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे सहकारी समितियाँ बनाने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन एवं सहयोग एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। इससे न केवल नये सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि सहकारिता आंदोलन को भी मजबूती मिलेगी। इन विशेष कोषांगों के माध्यम से सहकारी समिति गठित करने के इच्छुक व्यक्तियों को निबंधन प्रक्रिया से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी, उप-विधियों की तैयारी, आवश्यक अनुलग्नकों की व्यवस्था तथा आवेदन पत्रों में त्रुटियों के सुधार में प्रत्यक्ष सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इसके माध्यम से कार्यरत विशेष कोषांग में इच्छुक व्यक्ति सीधे सम्पर्क कर सकेंगे, प्रभारी एवं सदस्यों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किये जायेंगे ताकि अधिकाधिक लोग लाभ उठा सकें साथ ही प्रत्येक प्रमण्डल एवं जिला स्तर पर भी इसी प्रकार के विशेष कोषांग का गठन किया जाएगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई. खुली निविदा संख्या : ईसीआर–एसएनटी–ओटी –215–2025–26

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि : पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल में बेगूसराय (बीजीएस को छोड़कर) से कटिहार (केआईआर को छोड़कर) खंड (161 किमी) में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का डिजान निर्माण, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। मंडल : सोनपुर, पूर्णता अवधि 24 महीने, (ii) अनुमानित लागत ₹261,76,44,676.11 (दो सौ इकसठ करोड़ छिहत्तर लाख चौबालीस हजार छः सौ छिहत्तर रूपये और ग्यारह पैसे मात्र), (iii)अग्रधन जो जमा करना है : एक करोड़, (iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय : 14.10.2025 अपराह्न 14.00 तक एवं 14.10.2025 अपराह्न 14.30 बजे, (v) वेव साईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके : www.ireps.gov.in, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप मुख्य सिंगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूमरे/हाजीपुर

पीआर/0941/एचक्यू/एस एण्ड टी/टी/25–26/40



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**

(CIN No. U40108JH2013SGC001702)

Electric Supply Area, Medininagar

Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102

email:-gm_mdnjseb@yahoo.in/Telephone:-06562-295539

**e-Tender Cancellation Notice**

Invited E-Tender Notice No-143/144/145/PR/JBVNL/2025-26/O&M is here by cancelled due to unavoidable reason.

Deposited EMD by concern agency is hereby refunded.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 359669

Sd/-

General Manager-cum-Chief Engineer

ESA, Medininagar

PR 361775 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D



**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

Email Id – npsbnagar@gmail.com

**आम–सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 74 (AMD), राँची, दिनांक 07.02.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सक का सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 19.09.2025 को नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय के सभागार में पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 19.09.2025 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 361693 (Urban Development)25-26*D

भारत में लोकतंत्र, चुनाव और दलगत राजनीति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

# भारत का लोकतंत्र पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल एवं वर्मा के मुकाबले परिपक्व : प्रो. एसपी शाही




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 सितम्बर 2025 को 'भारत में लोकतंत्र, चुनाव और दलगत राजनीति विषय' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत के बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका का विधिवत विमोचन किया गया। विभाग के वरिष्ठ प्रो. मो. एहतेशाम खान ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र किसी भी पक्ष में तानाशाही पूर्ण नहीं है बल्कि यहां एक प्रकार की रणनीतिक स्वायत्तता है । भारत में जीवंत दल प्रणाली है जो कि संसदीय चुनाव से लेकर स्थानीय स्तर तक होने वाले चुनाव से प्रदर्शित होती है। कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र विश्व स्तर पर प्रचलित है किंतु भारत का लोकतंत्र पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल एवं वर्मा के मुकाबले परिपक्व है। किंतु आजादी के 78 वर्ष बाद भी भारत का लोकतंत्र जाति की परिधि से बाहर नहीं निकल पाया है, विशेष कर बिहार की राजनीति में जाति विशेष रूप से हावी है। नव बिहार के निर्माण हेतु युवाओं को आगे बढ़कर जाति की परिधि को तोड़ना होगा और लोकतंत्र के जड़ों को मजबूत करना होगा। लोकतंत्र की उन्नति के लिए जातिगत आधार पर मतदान व्यवहार को त्यागना होगा तथा इसमें बुद्धिजीवियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश एक बहुजातीय, बहुभाषीय बहुवर्गी है। यहां एक प्रकार की समरसता है कोई भी किसी के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में आगामी माह आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के आयोजन के संबंध में घोषणा की। विशिष्ट अतिथि प्रो. संजय कुमार पूर्व निदेशक(सीएसडीएस), नई दिल्ली ने अपने व्याख्यान के प्रारम्भ में कहा कि वह बिहार के किसी भी राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय में पहली बार उपस्थित हुए हैं। उन्होंने विषय की सामयिकता एवं प्रासंगिकता की सराहना की तथा बिहार को क्रांतियों की भूमि बताया। दल प्रणाली, चुनाव एवं लोकतंत्र की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति दल आधारित है तथा भारत के मतदाता बड़ी संख्या में चुनाव चिन्ह के आधार पर वोट करते हैं जो कि दल आधारित लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। वर्तमान में भी पार्टी का महत्व और बढ़ता जा रहा है नये- नये दल समय के साथ जन्म लेते रहते हैं तथा बिहार की जन सुराज पार्टी इसका अध्यतन दृष्टांत है। उन्होंने कहा लोकतंत्र के अनेक आयाम हैं जिनमें नियमित चुनाव एवं निष्पक्ष चुनाव महत्वपूर्ण और भारत का लोकतंत्र इन मामलों में अधिक मजबूत है जिससे जनता का चुनाव प्रणाली में विश्वास बना हुआ है। अतः इन पर कोई बड़ा प्रश्न चिन्ह आज तक नहीं खड़ा हुआ है। मुख्य अतिथि प्रो डॉ. ममता चंद्रशेखर, प्राचार्य, प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय, इंदौर ने मानव स्वभाव के मतांतर को एक स्वभाविक प्रक्रिया बताते हुए इसकी परिणीति दल प्रणाली के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने लोकतंत्र को भारतीय ज्ञान परंपरा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व बताया।

## दिल्ली की बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज गयाजी पहुंचीं, किया पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोक्ष और ज्ञान की धरती गयाजी में पितृपक्ष के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन अपने पूर्वजों के पिंडदान के लिए पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली की बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गयाजी पहुंचीं। उन्होंने विष्णुपद मंदिर परिसर में अपनी माता एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रहीं स्व. सुषमा स्वराज के नाम पर पिंडदान किया। गयापाल पंडा बैधनाथ दाढ़ीवाले के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने वैदिक विधि से पूरा कर्मकांड संपन्न कराया। सांसद ने विष्णुपद मंदिर, फल्गु तट देवघाट और अक्षयवट वेदी पर पिंडदान एवं तर्पण किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में बांसुरी स्वराज ने कहा कि आज मैं धार्मिक कार्य से आई हूं। किसी तरह की राजनीतिक चर्चा नहीं करूंगी। राजनीति की बातें कल होंगी। गौरतलब है कि 13 सितंबर को बोधगया में भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें बांसुरी स्वराज मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में जमुई सांसद श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहेंगी। बीजेपी का दावा है कि इस आयोजन में करीब पांच हजार युवा जुटेंगे।

## गयाजी में गैर आवासीय संपत्ति कर में राहत पर भाजपा नेताओं ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया सर्किट हाउस में आज भाजपा गया विधानसभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बिहार सरकार द्वारा गैर आवासीय संपत्ति कर में दी गई बड़ी राहत का स्वागत किया गया और इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार तथा नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नेताओं ने बताया कि वर्ष 2023 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने गैर आवासीय संपत्ति कर में तीन गुना वृद्धि कर दी थी। इस निर्णय को अलोकतांत्रिक और मनमाना बताते हुए गया सहित पूरे बिहार के



व्यवसायियों ने लगातार विरोध किया और राहत देने की मांग उठाई। गया शहर के विधायक एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और नगर विकास मंत्री के साथ कई दौर की बैठकों के बाद कैबिनेट में कर राहत का प्रस्ताव रखा गया। अंततः सरकार ने इसे मंजूरी देकर लाखों व्यवसायियों को बड़ी राहत दी। बैठक में उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और डॉ. प्रेम कुमार व नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा के प्रयासों से व्यापारियों को राहत मिल सकी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि बिहार की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, नीरज निश्चल, ऋषि लोहानी, धनंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, सूरज राणा, गुंजन मिश्रा, राजेश मस्तान, पवन कुमार, राम पुकार सिंह, कौशलेंद्र कुमार, शंभू यादव, गोपाल चंद्रवंशी, शिवनारायण चंद्रवंशी, दीपक कुमार, मनोज चंद्रवंशी, पप्पू नीलकर, मनीष गुप्ता, लाडो कुमार चंद्रवंशी, महेंद्र प्रसाद, गौतम गोस्वामी, गाजो बाबा, विनोद पासवान और संजय सिंह नीतीश कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच इस राहत को पहुंचाने और सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक ले जाने का कार्य करेंगे।

## मंदिरों की अर्थव्यवस्था और रोजगार में भूमिका पर राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** ग्लोबल संस्कृत मंच, दिल्ली और मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय राष्ट्रीय इ-संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'मंदिरः भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार एवं आत्म प्रकाशन' रहा। आभासी मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिरों की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक भूमिका पर गहन विचार-विमर्श हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र कुंज बिहारी द्वारा वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ। स्वागत भाषण विभागीय प्राध्यापक डॉ. ममता मेहरा ने दिया जबकि कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. एकता वर्मा ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. डी. प्रमोद, डीन (आरएंडडी), मल्ल रेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद थे। संगोष्ठी की अध्यक्षता मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. राजेश कुमार मिश्र, महासचिव, ग्लोबल संस्कृत मंच और सहायक आचार्य, नव नालंदा महाविहार, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। डॉ. निभा शर्मा, अध्यक्ष, ग्लोबल संस्कृत मंच (बिहार प्रांत), विभागीय अध्यक्ष डॉ. उमेश राय और पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा। मुख्य वक्ता प्रो. डी. प्रमोद ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मंदिरों की भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमिका, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक आत्म-अभिव्यक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मंदिर केवल आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक जीवन के महत्वपूर्ण आधार भी हैं। मंदिर संस्कृति स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यटन, कला, वास्तुकला और साहित्य को प्रोत्साहन देती है। उन्होंने मंदिरों को भारत की आत्मा और आर्थिक सशक्तिकरण का संवाहक बताया।

## मगध विश्वविद्यालय द्वारा दादा भाई नौरोजी की आर्थिक विरासत पर व्याख्यान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा शुक्रवार को दादा भाई नौरोजी के आर्थिक विरासत पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ सिंह ने दादा भाई नौरोजी के आर्थिक विरासत को देश के लिए एक अमूल्य धरोहर माना और उनके विचारों की प्रासंगिकता को आज भी महनीय और विचारणीय बताया। प्रो. सिंह ने भारत की विरासत को आज भी अनेक देशों के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने इस बात पर अपनी राय स्पष्ट रूप से रखते हुए सभा को यह विश्वास दिलाया कि कैसे भारत जैसे विश्व गुरु था और इसकी पहचान सोने की चिड़िया के रूप में थी, वैसे ही आने वाले समय में भारत विश्व गुरु और सोने की चिड़िया के रूप में अपनी पहचान पुनः स्थापित करेगा। ब्रिटिश काल में हुए शोषण के कारण भारत की स्थिति अर्श से फर्श पर पहुंच गई थी, परन्तु यह भारतवासियों के दृढ़ निश्चय, लगन और आत्मविश्वास और साथ ही साथ दिन दयाल उपाध्याय, दादा भाई नौरोजी, जगजीवन राम, राम मनोहर लोहिया जैसे देश भक्तों के सार्थक आर्थिक विचारों की अनुकरणीयता ही है कि भारत आज विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आर. एस. जमुआर ने किया और सभी श्रोताओं का स्वागत करते हुए अपार हर्ष जताया कि आज इस विषय पर व्याख्यान हेतु आप सभी यहां उपस्थित हैं यह आपकी देश के प्रति प्यार और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने दादा भाई नौरोजी के विचारों को नए और आधुनिक भारत के निर्माण में आज भी प्रासंगिक बताया। प्रो. जमुआर ने अर्थशास्त्री के रूप में नौरोजी के विचारों को दिलों में ज्वलंत रखने की बात कही और इन्हीं विचारों का अनुकरण करके भारत आज विश्व में 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम आयोजित करने में आयोजन संयोजक के रूप में डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. दीपा रानी, डॉ. गोपाल जी सिंह और डॉ. इमरान आलम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

## एक नजर

### लापता किशोर दिल्ली से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी 14 वर्षीय सूरज कुमार जो बीते 26 अगस्त की सुबह घर से अचानक लापता हो गया था, उसे पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे पुलिस ने सूरज को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सूरज के पिता शिव कुमार साव ने आंती थाना में शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर कांड संख्या 96/25 दर्ज किया गया। परिजनों ने स्वयं भी काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर किशोर को दिल्ली से सुरक्षित बरामद किया। बेटे की सकुशल वापसी से परिवार में खुशी का माहौल है और परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### गया अभियंत्रण महाविद्यालय कैंपस का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय कैंपस में नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद और भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी अखिलेश कुमार, एसडीओ भवन अरुणप्रिया भारद्वाज, बीडीओ कुमारी सुमन, जेई नीरज कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय भवन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। प्राचार्य डॉ राजन सरकार ने अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य और चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। यह निरीक्षण छात्रों की सुविधा और संस्थान के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया।

### वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** गयाजी के बहेरा थाना क्षेत्र से एक कुर्की वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले की पुष्टि बहेरा थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के गाढ़ीजाम निवासी राजकुमार यादव (40 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि राजकुमार यादव के खिलाफ तीन अलग-अलग मामलों में एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था। लगातार तलाश के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया।

### ओम प्रकाश सिंह बने गुरारू थानाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू थाना में जेएसआई के रूप में पदस्थापित दारोगा ओम प्रकाश सिंह को वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा थानाध्यक्ष के रूप में गुरुवार को नियुक्त कर दिया गया। गौरतलब है कि छपरा जिला के रहने वाले श्री सिंह काफी मिलनसार और कर्मठ पदाधिकारी हैं और पिछले वर्ष इन्होंने थाना में जेएसआई के रूप में पदभार संभाला था। श्री सिंह ने कहा कि थानाध्यक्ष के रूप में मेरा प्रथम कर्तव्य विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखना होगा। मेरा प्रयास होगा गुरारू बाजार एवं मथुरापुर बाजार में सड़क को अतिक्रमण कर जाम करने वाले लोगों पर अंचल अधिकारी से विमर्श कर कुछ स्थायी निदान निकाला जाए ताकि आमजन की समस्या कम हो।

### मासूम की तालाब में डूबकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव में एक 5 वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान गीतांजलि के रूप में हुई है। बच्ची गांव के पूर्व वार्ड सदस्य राम प्रवेश यादव की नातिन थी। गुरुवार शाम 4:30 बजे से बच्ची लापता थी। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे बधार स्थित तालाब में उसका शव तैरता मिला। यह तालाब रफीगंज, आंती और गोह थाना क्षेत्र की सीमा पर रफीगंज-गोह मार्ग के थोड़ा पश्चिम दिशा में स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार शाम कुछ महिलाएं बधार में घास काटने गई थीं। गीतांजलि खेलते-खेलते उनके पीछे चली गई थी।

### मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के लभरा गांव में मारपीट में घायल हुए व्यक्ति की मौत इलाज के क्रम में हो गई। मृतक की पहचान लभरा ग्राम में रहने वाले स्व भोला गोस्वामी के 50 वर्षीय पुत्र अमरेश गोस्वामी के रूप में हुई। घटना के बाद गुस्साये परिजनों ने पंचानपुर बाजार के समीप जाम कर दिया। एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के प्रयास से तुरंत जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पुत्री के फर्द बयान पर चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक की पुत्री संगीता कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई फर्द बयान के अनुसार अमरेश गोस्वामी घर के समीप ही सेंट्रिंग खोलने का काम मजदूरी पर कर रहे थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया सैचुरेशन ड्राइव का आयोजन, लाभुकों को दिया चेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** आमस प्रखंड के महुआवा में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा एक विशेष वित्तीय समावेशन सैचुरेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना था। आयोजन की अध्यक्षता बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना अंचल के अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक सुब्रत कुमार स्वाइन एवं क्षेत्रीय प्रबंधक, गया क्षेत्र संजय कुमार तिवारी एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रभात कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर, प्रखंड विकास पदाधिकारी शेरघाटी स्नेहिल आनंद और सरपंच अनिल कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रकार के कार्यक्रमों को ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और पीएम पेमेंट स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

**लाभार्थियों को सौंपे गए चेक**

इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए जिनमें कबूतरी देवी को 2 लाख का चेक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सौंपा गया। रूबी कुमारी को 40 लाख की राशि का चेक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किया गया। मनीष कुमार को 1 लाख की सहायता राशि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत दी गई। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया।

## पिंडदानियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में पितृपक्ष मेले में देश-विदेश से आए पिंडानियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर के माध्यम से प्रातः 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक लगातार चाय, पानी, बिस्कुट एवं विभिन्न व्यंजनों खीर हलवा लड्डू पूरी शेव एवं फलों का प्रसाद स्वरूप वितरण किया जा रहा है। शिविर में आने वाले श्रद्धालु न केवल प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं बल्कि सेवकों को आशीर्वाद भी प्रदान कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा का मानना है कि पितृपक्ष का यह अवसर केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने इस शिविर में व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं संभाली। शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं। पिंडानियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से उन्हें अत्यंत सुविधा प्राप्त हो रही है।वे शिविर को और डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।दूर-दराज से आए श्रद्धालु बताते हैं कि इस शिविर के कारण उन्हें घर जैसा वातावरण मिलता है।इस सेवा शिविर के माध्यम से डॉ. मिश्रा ने यह स्पष्ट किया कि सामाजिक और धार्मिक दायित्वों का निर्वहन मिलकर करने से ही समाज में आपसी सौहार्द और मानवता की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**Email ID- adss.plm@gmail.com**

**पब्लिक नोटिस**

**केस नं0–JH/CWC/PAL/87/2020**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि बालक गुड्डू कुमार उम्र 15 वर्ष विगत कई वर्षों से बाल गृह, डाल्टनगंज में आवासित है। रामाशीष यादव, पिता–स्व0 मुनेश्रवर यादव, निवासी ग्राम–जगदीशपुर, थाना–डिबरा, जिला–औरंगाबाद, राज्य–बिहार खुद को इस बालक का पालक पिता होने का दावा करते हैं एवं इस बालक को अपने देख–रेख व संरक्षण में रखना चाहते हैं। इस हेतु इन्होने बाल कल्याण समिति, पलामू के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। अतः जिस किसी को भी इस संदर्भ में आपत्ति हो, वो अपना लिखित आपत्ति 60 दिनों के भीतर समिति के समक्ष दायर करें, अन्यथा समिति द्वारा बाल हित में उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

विश्वासभाजन,
सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू

PR 361714 District(25-26).D

**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**
**Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

विभागीय निदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत कचड़ा मुक्त शहर बनाने के उदेश्य से नागरिक को जागरूक करने के निमित्त जागरूकता अभियान के तहत् मझिऑंव नगर पंचायत अन्तर्गत अष्ठिापित दुर्गापूजा पंडालों/समितियों के बीच **"सर्वश्रेश्ट पुजा पंडाल प्रतियोगिता/पूजास्थल"** आयोजित किया जाना है। समिति एवं उनके द्वारा अधिश्ठापित पंडालों का मूल्यांकन निम्ननिलिखित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा।

| क्रमांक | विषय | अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का पृथक्करण। | 10 |
| 02 | पूजा पंडाल से निकलने वाले Biodegradable कचड़ा का pit disposal | 10 |
| 03 | पूजा पंडाल से निकलने वाले Non-Biodegradable कचडे का निस्तारण हेतु निकाय को सौंपना | 10 |
| 04 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला Dustbin की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा उनका प्रयोग | 10 |
| 05 | पूजा पंडाल में स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का अधिष्ठापन/ध्वनि विस्तारक यन्त्र (जिंगल इत्यादि)/ऑडियों विजुअल (LED स्क्रीन) के माध्यम से प्रचार–प्रसार | 10 |
| 06 | विज्ञापन में बायोडिग्रेडेबल सामग्रीयों का उपयोग करना जैसे कपड़े, कागज आदि का होर्डिंग इत्यादि अथवा वैसे होर्डिंग का प्रयोग जिसका उपयोग बार–बार किया जा सके, जैसे LED स्क्रीन, स्टैंडी आदि | 10 |
| 07 | पूजा पंडालों में पॉलिथीन के स्थान पर कागज/जुट या किसी अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रीयों से बने ठोंगों का उपयोग | 10 |
| 08 | थुकने हेतु स्थान की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा इसका प्रयोग | 10 |
| 09 | निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति द्वारा मूर्ति का विसर्जन | 10 |
| 10 | पूजा समिति/नागरिकों द्वारा किये गए अभिनव (Inovative) कार्य | 10 |
| | कुल प्राप्तांक | 100 |

उपरोक्त मापदंडों के आलोक में नगर निकाय स्तर पर गठित समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाना है। अधिकतम अंक अर्जित करने वाले तीन श्रेष्ट पंडाल/पूजा समिति को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 361791 (Urban Development)25-26*D

**कार्यालय, उपायुक्त –सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
Phone no.06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड, राँची द्वारा विभिन्न जिलों में संचालित सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेत प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया जाना है। प्रशिक्षुओं का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर किया जायेगा। पलामू जिला में जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता से चयनित प्रशिक्षुओं का राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता दिनांक–24–25 सितम्बर, 2025 को राँची में आयोजित की जायेगी। जिलास्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर खेल किट के साथ आधार कार्ड/नगर निगम अथवा पंचायत से निर्गत जन्म प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो (अद्यतन), स्कूल का बोनाफाईड एवं झारखंड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा। जिलास्तरीय आयोजन की तिथि एवं स्थान निम्नवत् है–

| क्र0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेलविद्या | आयोजन स्थल | जन्मतिथि | तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | फुटबॉल, बैंडमिंटन एवं कुश्ती (बालक एवं बालिका) | जिला एथलेटिक्स स्टेडियम, मेदिनीनगर पलामू। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | 18–19 सितम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से |
| 2 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र/जे0एस0एस0पी0एस0 | फुटबॉल, बैंडमिंटन एवं एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका) | | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |
| 3 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र/जे0एस0एस0पी0एस0 | कुश्ती(बालक) | | | |
| 4 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षणकेन्द्र | कब्ड्डी (बालिका) | | | |
| 5 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | हॉकी (बालक एवं बालिका) | गुमला, खूँटी, लातेहार, राँची एवं सिमडेगा। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | 18–19 सितम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से। |
| 6 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0 एस0एस0पी0एस0 | हॉकी (बालक एवं बालिका) | गुमला, खूँटी, लातेहार, राँची एवं सिमडेगा। | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |
| 7 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | तीरदांजी (बालक एवं बालिका) | पूर्वी सिंहभूम, पं0 सिंहभूम, दुमका, राँची, सरायकेला–खरसांवा एवं बोकारो। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | |
| 8 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0 एस0एस0पी0एस0 | तीरदांजी (बालक एवं बालिका) | पूर्वी सिंहभूम, पं0 सिंहभूम, दुमका, राँची, सरायकेला–खरसांवा एवंबोकारो। | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खेल समन्वयक, जिला खेल कार्यालय, पलामू के मोबाईल नं0–7903002586 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 361754 District(25-26)D

जिला खेल पदाधिकारी,पलामू।

संपादकीय

# नेपाल में जेन-जी ने सत्ता को दिया सबसे बड़ा चैलेंज

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के बाद अब नेपाल में युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा में कई लोगों की जान चली गई है। सरकारी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से सुलगी विरोध की इस चिंगारी से संसद तथा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवास भी अछूते नहीं रहे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करना सुरक्षा बलों के लिए इस समय बड़ी चुनौती है। हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इससे पहले सरकार के कुछ मंत्री भी अपना पद छोड़ चुके हैं।सवाल यह है कि आखिर देश का युवा वर्ग इतना ज्यादा आक्रामक कैसे हो गया? शासन और स्थानीय प्रशासन युवाओं के गुस्से को समय रहते शांत करने में क्यों नाकाम रहा? क्या सरकार को इस बात का इल्म नहीं था कि हालात इस कदर बिगड़ सकते हैं या फिर इसका पूर्व आकलन करने में कहीं कोई चूक हुई है? दरअसल, नेपाल सरकार ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि देश में सोशल मीडिया मंचों से संबंधित कंपनियां पंजीकरण कराने की अनिवार्यता का पालन करने में विफल रही हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और सरकार के इस फैसले का विरोध करने लगे। सोमवार को विरोध प्रदर्शन का दायरा व्यापक हो गया और काठमांडो में युवाओं की उग्र भीड़ ने जगह-जगह तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ प्रदर्शनकारियों की हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। इससे युवाओं का आक्रोश बढ़ गया और भीड़ संसद भवन परिसर में घुस गई। यहां तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवासों को भी निशाना बनाया गया। हालात को देखते हुए सरकार ने सोमवार रात को ही सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया और मंगलवार को प्रधानमंत्री ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मगर प्रदर्शनकारी अभी भी शांत नहीं हुए हैं और वे सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।नेपाल के इतिहास में इसे बहुत बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह जन आक्रोश ने सरकारों को अपदस्थ कर दिया था। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व 'जेन जी' कर रहा है। यह युवाओं का एक ऐसा समूह है, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस समूह ने पिछले दिनों सोशल मीडिया के जरिए सरकार के मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली हस्तियों के बच्चों की फिजूलखर्ची तथा उनकी जीवनशैली को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी के साथ-साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की आजादी हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन क्या हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ ही इसका एकमात्र समाधान है? बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल की सरकार और युवा वर्ग देश एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और माहौल का शांत कर बातचीत की राह पर लौटेंगे। नेपाल का पीएम कौन बनेगा इस बार पर गुरुवार को जेड जेन के कार्यकर्ता और प्रदर्शनकारी आपस में ही भिड़ गए थे और उनमें हिंसक झड़प भी हुई।

# रेल नक्शे पर मिजोरम

**–अश्विनी वैष्णव**



कई दशकों तक उत्तर-पूर्व को एक दूरस्थ इलाक़ा माना जाता था, जहां विकास की राह देखी जाती रही। हमारे भाई-बहन उम्मीदों के साथ जीते थे लेकिन उन्हें वह बुनियादी ढांचा और अवसर नहीं मिल पाए जिसके वे हक़दार थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह तस्वीर बदली है। जो इलाका कभी दूर का फ्रंटियर कहा जाता था वह आज भारत की तरक़्क़ी का फ्रंट रनर बनकर उभरा है।

## शांति, समृद्धि और प्रगति

यह बदलाव रेलवे, सड़कें, हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी में रिकॉर्ड निवेश की वजह से संभव हुआ है। शांति समझौते स्थिरता ला रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। आज़ादी के बाद पहली बार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का केंद्र माना जा रहा है। रेलवे में किए गए निवेश को ही देख लीजिए। 2009 से 2014 की तुलना में क्षेत्र के लिए रेलवे बजट पांच गुना बढ़ा है। सिर्फ इस वित्तीय वर्ष में ही 10,440 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 2014 से 2025 तक कुल बजट आवंटन 62,477 करोड़ रुपये रहा है। आज यहां 77,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं। इससे पहले उत्तर-पूर्व ने इतना बड़ा निवेश कभी नहीं देखा था।

## मिज़ोरम की पहली रेल लाइन

मिज़ोरम भी इसी बदलाव का हिस्सा है। यह राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति, खेल प्रेम और खूबसूरत पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। फिर भी, दशकों तक यह संपर्क की मुख्यधारा से दूर रहा। सड़क और हवाई संपर्क सीमित था। रेलवे राजधानी तक नहीं पहुंच पाई थी। लोगों के सपने थे, लेकिन विकास की राहें अधूरी थीं। अब ऐसा नहीं है। अब हालात बदल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। 51 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 8,000 करोड़ से अधिक की लागत से बनी है और पहली बार आइज़ोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली (राजधानी एक्सप्रेस), कोलकाता (मिज़ोरम एक्सप्रेस) और गुवाहाटी (आइजोल इंटरसिटी) के लिए तीन नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेलवे लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। रेल इंजीनियरों ने मिजोरम को जोड़ने के लिए 143 पुल और 45 सुरंगें बनाई हैं। इनमें से एक पुल कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। दरअसल इस इलाके में जैसे अन्य हिमालयी रेल परियोजनाओं में होता है, रेलवे लाइन लगभग पूरी तरह पुल और सुरंगों के क्रम से बनी है– एक पुल, फिर एक सुरंग, फिर दोबारा पुल, और इसी तरह आगे।

## हिमालय सुरंग निर्माण विधि

उत्तर-पूर्व हिमालय युवा और नाज़ुक पहाड़ हैं। यहां ज़मीन कठोर चट्टानों की जगह मुलायम मिट्टी और जैविक सामग्री से बनी है। ऐसी स्थिति में सुरंग और पुल बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। पारंपरिक तरीके यहां काम नहीं कर सकते थे, क्योंकि ढीली मिट्टी निर्माण का भार सहन नहीं कर पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए हमारे इंजीनियरों ने एक नया और अनोखा तरीका विकसित किया जिसे अब हिमालयन टनलिंग मेथड कहा जाता है। इस तकनीक में पहले मिट्टी को स्थिर और मज़बूत किया जाता है, फिर सुरंग और निर्माण का काम किया जाता है। इससे क्षेत्र की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक को पूरा करना संभव हुआ। एक और बड़ी चुनौती ऊंचाई पर पुलों को टिकाऊ बनाना था, क्योंकि यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित है। इसके लिए भी विशेष डिज़ाइन और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पुल सुरक्षित और मज़बूत बन सके। यह स्वदेशी नवाचार दुनिया भर में ऐसे ही भौगोलिक इलाकों के लिए एक मॉडल है। हज़ारों इंजीनियरों, मज़दूरों और स्थानीय लोगों ने मिलकर इसे संभव बनाया। भारत जब निर्माण करता है, तो दूरदृष्टि और समझदारी के साथ करता है।



## क्षेत्र को लाभ

रेलवे को विकास का इंजन माना जाता है। यह नए बाज़ारों को करीब लाता है और व्यापार के अवसर पैदा करता है। नई रेल लाइन मिज़ोरम के लोगों का जीवन स्तर सुधारेगी। राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ ही आइजोल और दिल्ली के बीच सफर का समय 8 घंटे कम हो जाएगा। नई एक्सप्रेस ट्रेनें आइजोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच की यात्रा को भी तेज और आसान बनाएंगी। किसान, खासकर जो बांस की खेती और बागवानी से जुड़े हैं, वे अपनी उपज को तेजी से और कम लागत पर बड़े बाजारों तक पहुंचा पाएंगे। अनाज और खाद जैसे जरूरी सामान की ढुलाई भी आसान होगी। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि मिज़ोरम की प्राकृतिक सुंदरता तक पहुंचना और सुविधाजनक हो जाएगा। इससे स्थानीय कारोबार और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। यह परियोजना लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार तक बेहतर पहुंच भी देगी। मिज़ोरम के लिए यह कनेक्टिविटी सिर्फ सुविधाएं ही नहीं, उससे कहीं अधिक लेकर आएगी।

## पूरे देश में विकास

देशभर में रेलवे में रिकॉर्ड स्तर पर बदलाव हो रहा है। हाल ही में 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन किया गया। साथ ही 1200 और स्टेशन तैयार हो रहे हैं। ये स्टेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देंगे और शहरों को नए विकास केंद्र बनाएंगे। 150 से ज़्यादा चल रहीं हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें यात्री सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। साथ ही लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण रेलवे को और हरित बना रहा है। 2014 से अब तक 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। यह उपलब्धि पिछले छह दशकों के कुल काम से भी अधिक है। सिर्फ़ पिछले साल ही 3,200 किलोमीटर नई रेल लाइनें जोड़ी गईं। विकास की यह गति और बदलाव उत्तर-पूर्व में भी साफ दिखाई दे रहा है।

## पूर्वोत्तर का विकास विज़न

प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे लिए पूर्व का मतलब है-एम्पॉवर (सशक्त बनाना), एक्ट (कार्य करना), स्ट्रेंथन (मजबूत बनाना) एंड ट्रांसफॉर्म (बदलना)। ये शब्द पूर्वोत्तर के प्रति उनके दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करते हैं। कई क्षेत्रों में निर्णायक कदमों ने इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव सुनिश्चित किया है। असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट, अरुणाचल प्रदेश में टाटो जैसी जलविद्युत परियोजनाएं और बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल जैसी ऐतिहासिक संरचनाएं इस क्षेत्र का रूप बदल रही हैं। इसके साथ ही, गुवाहाटी में एम्स की स्थापना और 10 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने स्वास्थ्य सुविधाओं और संपर्क को मज़बूत किया है।

## फ्रंटियर से फ्रंट-रनर

कई दशकों तक मिज़ोरम के लोगों ने सड़कों, स्कूलों और रेलवे के लिए इंतज़ार किया है। अब वह इंतज़ार ख़त्म हुआ है। ये परियोजनाएं हमारे प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर के प्रति विज़न का प्रमाण हैं: एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी फ्रंटियर (सीमान्त) माना गया परन्तु अब फ्रंट-रनर (अग्रणी) के रूप में उभरा है।

**(लेखक केन्द्रीय रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

## रोज-रोज सत्संग सुनने से क्या लाभ मिलता है?

बात उस समय की है जब गौतम बुद्ध काफी प्रसिद्ध हो चुके थे, वे रोज प्रवचन देते, जिन्हें सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे। प्रवचन सुनने एक लड़का रोज आता था। वह गौतम बुद्ध की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनता था। काफी दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद एक दिन उस लड़के ने सोचा कि मैं प्रवचन तो रोज सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। बुद्ध बातें तो अच्छी बताते हैं, लेकिन कुछ लाभ नहीं हो रहा है। मुझे इस बारे में बुद्ध से बात करनी चाहिए। अगले दिन वह लड़का बुद्ध से बात करने की इच्छा लेकर पहुंच गया। बुद्ध का प्रवचन शुरू हुआ और वे कह रहे थे कि अगर कोई व्यक्ति हम पर गुस्सा करता है तो वह हमसे ज्यादा खुद का नुकसान करता है। अगर हम भी दूसरे के गुस्से का जवाब गुस्से से ही देते हैं तो हम खुद का नुकसान कर लेते हैं। बुद्ध की ये बातें सुनते ही वह लड़का खड़ा हो गया और कहने लगा कि तथागत मैं बहुत दिनों से आपके प्रवचन सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में तो कोई बदलाव ही नहीं आया है। मुझे तो प्रवचन सुनने से कोई लाभ नहीं हो रहा है। बुद्ध ने अपने प्रवचन बीच में रोके और उस लड़के की बात सुनने लगे। जब वह लड़का चुप हो गया तो बुद्ध ने उससे पूछा कि तुम कहां रहते हो? लड़का बोला कि मैं श्रावस्ती में रहता हूं। बुद्ध ने कहा कि श्रावस्ती से यहां तक की दूरी कितनी होगी और यहां आने में कितना समय लगता है? उस लड़के ने बुद्ध की बातों का उत्तर दिया तो बुद्ध ने फिर पूछा कि यहां आते कैसे हो? उसने बताया कि मैं कभी पैदल आता हूं, कभी सवारी का कोई साधन मिल जाता है तो उससे आ जाता हूं। बुद्ध ने फिर एक नया प्रश्न पूछ लिया कि क्या तुम यहां बैठे-बैठे अपने घर पहुंच सकते हो? ये प्रश्न सुनकर वह लड़का और वहां बैठे सभी लोग हैरान हो गए। लड़के ने कहा कि ये कैसे संभव है? मैं बैठे-बैठे कहीं और नहीं पहुंच सकता। इसके लिए तो मुझे ही चलकर जाना होगा। बुद्ध ने कहा कि तुम्हारी बातों में ही तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर है। सत्संग सुनने से तब तक कोई लाभ नहीं होगा, जब तक कि तुम उन अच्छी बातों को अपने जीवन में उतारते नहीं हो। जब तक तुम अच्छे काम नहीं करोगे, इच्छाओं का त्याग नहीं करोगे, बुराइयों से दूर नहीं रहोगे, तब तक तुम्हारे जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। सिर्फ प्रवचन सुनने से, यहां बैठने से जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। बुद्ध ने आगे कहा कि अगर तुम कोई अच्छा करना चाहते हो तो उसके लिए तुम्हें प्रयास करना होंगे, विचार करने से काम नहीं होगा। सत्संग में तुम्हें सही-गलत बातों की जानकारी मिलती है, लेकिन उन्हें अपने जीवन में किस तरह उतारना है, ये तो तुम्हें ही तय करना होगा, तुम्हें प्रयास करने होंगे, तभी जीवन में सुख-शांति और सफलता आएगी। सत्संग करते रहने से हमारी बुद्धि पवित्र रहती है और हमारा मन गलत बातों से बचा रहता है। अगर हम सत्संग नहीं करेंगे तो हमारे विचार भटक सकते हैं। इसलिए अच्छी किताबें पढ़नी चाहिए, अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए।

# वसुधैव कुटुम्बकम् की जीवंत प्रतिमूर्ति और समाज को सदैव सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक हैं भागवत

**भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिश्ता नया नहीं है। दोनों का वैचारिक स्रोत समान है, किंतु समय-समय पर दूरी और निकटता की स्थिति भी बनी रहती है। हाल की राजनीतिक घटनाओं ने एक बार फिर इस रिश्ते को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में संघ मुख्यालय जाना, स्वतंत्रता दिवस के भाषण से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर लिखे गए भावनात्मक आलेख तक, और हाल ही में मोहन भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना, ये सब घटनाएं संकेत देती हैं कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संघ की छत्रछाया को पहले से कहीं अधिक महत्व देना शुरू कर दिया है।**

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको याद दिला दें कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही थी। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे।

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिश्ता नया नहीं है। दोनों का वैचारिक स्रोत समान है, किंतु समय-समय पर दूरी और निकटता की स्थिति भी बनी रहती है। हाल की राजनीतिक घटनाओं ने एक बार फिर इस रिश्ते को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में संघ मुख्यालय जाना, स्वतंत्रता दिवस के भाषण से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर लिखे गए भावनात्मक आलेख तक, और हाल ही में मोहन भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना, ये सब घटनाएं संकेत देती हैं कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संघ की छत्रछाया को पहले से कहीं अधिक महत्व देना शुरू कर दिया है।

हम आपको याद दिला दें कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही थी। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे। पिछले एक दशक तक भाजपा जिस तरह मोदी के चेहरे और संगठनात्मक शक्ति के बल पर जीत दर्ज करती रही थी, उसमें 2024 का चुनाव परिणाम झटका देने वाला था। देखा जाये तो मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल गठबंधन सरकार की मजबूरी के साथ शुरू हुआ। ऐसे माहौल में संघ का सहारा भाजपा के लिए स्वाभाविक था। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा बनी थी कि भाजपा ने चुनावी रणनीति और प्रचार की ताकत से संघ पर निर्भरता कम कर दी है। लेकिन 2024 के चुनाव के बाद तस्वीर बदल गई। संघ के सक्रिय सहयोग और भागवत के आशीर्वाद से भाजपा ने महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में जीत हासिल की। इन चुनाव परिणामों ने यह संदेश दिया कि संघ के संगठनात्मक नेटवर्क, जमीनी कार्यकर्ताओं और सामाजिक पहुंच के बिना भाजपा की जीत अधूरी है।

मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी की हाल की नजदीकियों को इसी संदर्भ में समझना चाहिए। प्रधानमंत्री का संघ प्रमुख की खुलकर तारीफ करना और उनके मार्गदर्शन को राष्ट्रहित से जोड़ना यह बताता है कि भाजपा अब फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट रही है। वहीं, भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना यह संकेत देता है कि संघ भी इस समय भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन बनाने और उसे स्थिरता प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है।

राजनीतिक दृष्टि से यह घटनाक्रम कई संकेत देता है। जैसे केवल मोदी के नेतृत्व और भाजपा की चुनावी मशीनरी से जीत अब सुनिश्चित नहीं है। चुनावी राजनीति में विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और सामाजिक नेटवर्क की गहराई का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा और संघ दोनों को अब यह अहसास है कि एक-दूसरे के बिना उनकी शक्ति अधूरी है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए भाजपा को संघ की जमीनी ताकत और वैचारिक छवि दोनों की आवश्यकता होगी।

देखा जाये तो भाजपा की 2024 की असफलता और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियों ने साफ कर दिया है कि सत्ता की डगर पर अकेले चलने का दावा अब टिकाऊ नहीं है। संघ की शरण में लौटकर भाजपा ने एक तरह से अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा की जीतें यह संदेश देती हैं कि जब संघ-भाजपा एक साथ चलते हैं, तब उनकी राजनीतिक ताकत कई गुना बढ़ जाती है।

आने वाले समय में यह देखना रोचक होगा कि संघ इस साझेदारी को किस तरह संतुलित करता है और भाजपा किस हद तक अपनी राजनीतिक रणनीतियों में संघ की सलाह और आशीर्वाद को स्थान देती है। इतना तो निश्चित है कि आज की तारीख में भाजपा की राजनीति फिर से उसी पुराने सूत्र पर लौट आई हैङ्क संघ ही शक्ति का आधार है।

जहां तक मोहन भागवत के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखे गये आलेख की बात है तो आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने लिखा है कि 11 सितम्बर का दिन इतिहास में विशेष महत्व रखता है। यह वही तिथि है जब 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में अपने ओजस्वी शब्दों सिस्टर एण्ड ब्रदर आफ अमेरिका ङ्क से भारत की आध्यात्मिक धारा और सार्वभौमिक भाईचारे की अवधारणा को विश्वपटल पर स्थापित किया। यही दिन 2001 में आतंकवाद की विभीषिका का साक्षी भी बना, जब मानवता पर 9/11 का हमला हुआ। एक ओर यह दिन वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश देता है, तो दूसरी ओर यह दिखाता है कि चरमपंथ और हिंसा किस प्रकार सभ्यता को चुनौती देते हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि इसी तिथि पर एक और प्रसंग उल्लेखनीय है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का जन्मदिन है। जब संघ अपनी शताब्दी के वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तब उनका 75वाँ जन्मदिन हमें उनके योगदान और नेतृत्व की भूमिका पर विचार करने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि मधुकरराव भागवत के सुपुत्र मोहन भागवत ने अपने जीवन का आरंभ उसी वातावरण में किया, जहाँ राष्ट्र को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा सहज ही मिलती थी। 1970 के दशक में प्रचारक बने मोहनराव ने आपातकाल के कठिन समय में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु संघर्ष किया। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में कार्य करते हुए उन्होंने समाज की गहराई को समझा और उसकी पीड़ा को अनुभव किया। यही अनुभव आगे चलकर उनके नेतृत्व का आधार बने।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है कि भागवत जी का नेतृत्व केवल संघ के भीतर सीमित नहीं रहा। उन्होंने संगठनात्मक परम्पराओं को बनाए रखते हुए समय की मांग के अनुसार परिवर्तन किए। गणवेश में बदलाव हो या शिक्षा वर्गों में सुधार, उनका दृष्टिकोण हमेशा व्यावहारिक और भविष्यदृष्टा रहा। सबसे महत्वपूर्ण यह कि उन्होंने युवाओं के साथ जीवंत संवाद बनाए रखा, जिससे संघ आज के डिजिटल युग में भी प्रासंगिक और सक्रिय बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि कोविड-19 महामारी के समय उनका मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उन्होंने तकनीक का उपयोग बढ़ाने और सेवा कार्यों को नई ऊर्जा देने की प्रेरणा दी।

इसी प्रकार उनके 'पंच परिवर्तन' ङ्क सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्य, पर्यावरण चेतना, राष्ट्रीय आत्मबोध और नागरिक कर्तव्य ङ्क समाज को नई दिशा देने वाले स्पष्ट सूत्र हैं। यही वे आधार हैं जिन पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना साकार हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने लिखा है कि भागवत जी की सबसे बड़ी विशेषता है उनकी सरलता और श्रवणशीलता। वह विचार सुनते हैं, संवाद करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं। यही गुण उन्हें युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाज के विविध वर्गों से जोड़ता है। उनकी शैली आदेशात्मक नहीं, बल्कि प्रेरणादायी है। यही कारण है कि स्वयंसेवक सेवा, समरसता और राष्ट्रप्रेम के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि आज भारत अमृतकाल की ओर अग्रसर है। आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के इस दौर में हमें ऐसे नेतृत्वकर्ताओं की आवश्यकता है, जो समाज को सही दिशा दिखा सकें। मोहन भागवत का योगदान इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। वह परम्परा और आधुनिकता, आदर्श और व्यावहारिकता, संगठन और समाज इन सबके बीच संतुलन साधते हैं। बहरहाल, 11 सितम्बर का दिन हमें स्वामी विवेकानन्द की सार्वभौमिक दृष्टि और मोहन भागवत के राष्ट्रनिष्ठ नेतृत्वङ्क दोनों की याद दिलाता है। एक ने विश्व को भारत की आत्मा से परिचित कराया, दूसरे आज उस आत्मा को संगठन और समाज में सशक्त कर रहे हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों में खुशहाली रहेगी। मन में नये कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ अनेक कार्य करने का प्रयास न करें।

**वृषभ**
नये कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है।

**मिथुन**
उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**कर्क**
आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आलस्य करने से बचें।

**सिंह**
आपके मन में अनेक सवाल एक साथ चलते रहेंगे। इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला**
परिवार के लोग आपके निर्णयों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दिन थोड़ा उलझा हुआ हो सकता है। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक**
घर में अचानक बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक हो सकती है। आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनु**
घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे।

**मकर**
नयी सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी नकारात्मक आदतों पर नियन्त्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है।

**कुंभ**
यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा।

**मीन**
आपकी राय लोगों के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को सम्भालकर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है।

# बीपीएससी परीक्षा आज, तैयारी पूरी

## 23 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, डीएम ने की ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार की अध्यक्षता में ब्रीफिंग बैठक आहूत की गई।

डीएम ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 71वीं संयुक्त परीक्षा दिनांक शनिवार) को अररिया जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय अवस्थित 16 एवं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित 07, कुल 23 परीक्षा केन्द्रों पर 12:00 बजे मध्याहन से 02:00 बजे अपराहन तक निर्धारित है, जिसमें कुल 9324 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों से स्पष्ट निर्देश दिये कि परीक्षा को सफल, स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदधिकारी अत्यंत ही संवेदनशील होकर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्राधीक्षक सहित अन्य पदधिकारी इस बात का विशेष ध्यान देंगे कि अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगा तथा 11 बजे के बाद किसी भी सूरत में किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्रवेश के साथ ही अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग की जायेगी, जिसमें महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों दोनों का बारिकी से फ्रिस्किंग किया जाना है। महिला अभ्यर्थियों के फ्रिस्किंग के लिए अलग से कक्ष/घेरायुक्त स्थल बनाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। अभ्यर्थियों को ई-एडमिट कार्ड लेकर उपस्थित होना है जिसे परीक्षा अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल, फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर रिस्ट वॉच (सामान्य/स्मार्ट) इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। बताया गया कि कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता एवं वरीय दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्त की गई है। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा की सूचिता बनाये रखने के लिए मोबाइल जैमर की व्यवस्था प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों की जा रही है। विधि व्यवस्था संबंधी सम्पूर्ण प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया एवं फारबिसगंज तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज अपने अनुमंडल क्षेत्र के विधि व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे।




### यहां आयोजित होगी परीक्षा

**जिला मुख्यालय में** बनाये गये परीक्षा केन्द्र यथा प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल अररिया,आजाद एकडमी अररिया, प्लस टू एमजीएस हाई स्कूल अररिया आरएस, प्लस टू हाई स्कूल अररिया, आदर्श मिडिल स्कूल अररिया आरएस, आदर्श मिडिल स्कूल अररिया बाजार, अपग्रेडेड मिडिल स्कूल जय प्रकाष नगर अररिया, आदर्श मिडिल स्कूल ककुड़वा अररिया, मिडिल स्कूल हड़ियाबारा अररिया, गर्ल्स मिडिल स्कूल खरहिया बस्ती अररिया, मिडिल स्कूल रजोखर अररिया, अपग्रेड मिडिल स्कूल रहिका टोला साउथ शिवपुरी अररिया, अररिया पब्लिक स्कूल वसियाबाद अररिया,मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आरएस, स्कॉटिश पब्लिक स्कूल रजोखर अररिया, स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल बैजनाथपुर रानीगंज रोड़ अररिया आरएस **फारबिसगंज अनुमंडल में बनाय गये परीक्षा केन्द्र में** प्लस टू ली एकेडमी फारबिसगंज, प्लस टू बीडीजी गर्ल्स हाई स्कूल फारबिगसंज,प्लस टू डी0डी0एस0 हाई स्कूल फारबिसगंज, आदर्श मिडिल स्कूल ढ़ोलबज्जा फारबिगसंज, थाना मिडिल स्कूल फारबिगसंज, रानी सरस्वती विद्या मंदिर कोशी कॉलानी हाईव फिल्ड फारबिसगंज, मिथिला पब्लिक स्कूल आर0बी0 नगर भद्रेश्वर फारकिसगंज आदि केंद्र बनाए गए हैं।

## हर महिला की पुकार, बराबरी, सम्मान और अधिकार : सोनाली सिंह

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत जमालपुर बाज़ार में एक विशेष महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस में क्षेत्र की माताओं बहनों की ज्यादातर भागीदारी देखने को मिली। भीड़ ने यह साबित कर दिया कि अब बड़हरा की महिलाएं न सिर्फ अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हैं बल्कि समाज और राजनीति में भी अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चौपाल में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, घरेलू हिंसा, रोजगार के अवसर, समाज और राजनीति में भागीदारी जैसे कई मुद्दे सामने आए। महिलाओं ने कहा कि अक्सर उनकी समस्याओं को हल्के में लिया जाता है।

## विकास के पथ पर बढ़ रहा बेगूसराय : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** प्रखंड के आगापुर में बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने की। सम्मेलन को बेगूसराय के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन में जहां बिहार नितीश कुमार जी के नेतृत्व में आगे बढ़ी हैं तो देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक से एक असंभव विकास को संभव में तब्दील करवाने का काम किये हैं जिसका जीता जागता उदाहरण सिमरिया गंगा धाम पर सिक्स लेन पुल का निर्माण, फर्टीलाईजर का जीर्णोद्धार सहित अन्य विकास कार्य किया गया हैं और बचे हुए कार्यों को भी हम पूरा करवाने में लगे हुये हैं जो कहने से नहीं बल्कि आयनों पर देख सकते हैं। उन्होंनें विरोधी दलों पर निशाना साधते हुये कहा कि जब पूरे देश के अंदर राष्ट्रीय एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ कोने-कोने में छा चुका हैं तो महागठबंधन बहुत ज्यादा घबरा चुका है और उलूल जुलूल बोलने पर भी उतारु हो चुकें हैं जिससे एनडीए गठबंधन पर उसका कोई प्रभाव परने वाला नहीं है। इस बार बिहार में जनता ने एनडीए को अपार बहुत के साथ नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाने के लिए तय कर लिये हैं। बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र कुमार मेहता ने कहा कि जनतंत्र में जनता ही सर्वोपरि हैं। बछवाड़ा में जो बीस वर्ष के अंदर विकास नहीं हुआ था वह हमने जनता के आशीर्वाद से कर दिखलाने का काम किया हैं। उन्होंनें कहा बछवाड़ा के दियारा क्षेत्र से लेकर भरौल, रूदौली बलान नदी घाट सहित अन्य जगहों पर पुल का निर्माण, मालती पिपरा - दलसिंसराय मुख्य सड़क का दोहरी करण कार्य का निर्माण, हर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण सहित अन्य मुख्य -मुख्य कार्यों का निष्पादन करवाने का काम किया है। जनता की हर एक समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये उसे हल करवाया है। सभी लोगों के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री कर देने, वृद्धजनों के लिए चार सौ से ग्यारह सौ रुपए पेंशन कर देने सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्र -छात्रा, नौजवानों के उत्थान के लियें काम करने का काम कियें हैं.उन्होंनें कहा बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद प्राप्त हैं और आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि अपने क्षेत्र के बेटा को पूनः आशीर्वाद देकर बचे हुये कार्यों को पूरा करने का अवसर देंगे। सम्मेलन में बछवाड़ा, भगवानपुर, मंसूरचक के कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त समर्थकों का भीड़ उमड़ पड़ी। खेल मंत्री सुरेंद्र कुमार मेहता ने सभी कार्यकर्ताओं को मंच से नीचे उतर कर चादर फूल का माला देकर सम्मानित किया। सम्मेलन को विधान पार्षद सर्वेश कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार, लोजपा (रा) के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार राय, सुधीर कुमार राय मुन्ना, सुमन कुमार चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य एनडीए के शीर्ष नेता ने संबोधित करते हुये आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



## एक नजर

### वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर पुलिस ने एक कोर्ट वारंटी एवं विदेशी शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 251/25 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त जगदीशपुर गांव निवासी महेंद्र राय के पुत्र राजू कुमार एवं थाना कांड संख्या 152/21 के फरार वारंटी हारीचक गांव निवासी स्वर्गीय चरण महतो के पुत्र धर्मपाल महतो को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

### देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस के साथ किशोर धराया

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के पंडुरा गांव से देशी कट्टा तीन जिंदा कारतूस के एक किशोर को पुलिस ने पकड़ा है। एसआई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बीते बुधवार के दिन 112 नंबर पर कॉल आया कि उक्त किशोर अपने घर के बगल में स्थित मुर्गी फार्म के पास एक देशी कट्टा से फायरिंग कर हथियार को छुपा दिया है। घटना की पुष्टि के लिए पुलिस किशोर के घर पहुची। पुलिस को देखते ही एक लड़का भागने लगा। उसे पुलिस बल के सहयोग से दौड़ कर पकड़ लिया गया। किशोर ने बताया कि मैं फायरिंग कर अपने दोस्त को दे दिया। वह उसी का हथियार था। पुलिस की करवाई को देखते हुए काफी लोग इकठ्ठा हो गए। किशोर को पकड़ कर संदेश थाना लाया गया एफआईआर दर्ज कर निरुद्ध किया गया।

### बाइक की चोरी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मालडीह गांव से अज्ञात चोरों ने बाइक की चोरी कर ली। जिससे पीड़ित ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के मलहडीह गांव के वार्ड संख्या 7 से जुड़ा हुआ है। पीड़ित मीनू कुमारी ने आवेदन देकर वीरपुर पुलिस को बताई है कि 30 अगस्त के देर रात में घर के पास बाइक बांध पर बाइक लगाकर सो गई। सुबह जगे तो बाइक गायब हो गई थी। जो कि अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई। इस मामले को लेकर वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि आवेदन के आलोक में मामले को दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पहसारा निवासी वारंटी राम बाबू तांती को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि वह थाना कांड संख्या 141/25 में वांछित था। पिछले सात जुलाई को उसके छोटे भाई की पत्नी सविता देवी ने उस पर घरेलू विवाद में गाली गलौज मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस कांड में रामबाबू बहुत दिनों से न्यायालय व थाना से फरार चल रहे थे। समय पर वह न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण इनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया। गिरफ्तारी में एस आई रंजीत कुमार व पुलिस बल के जवान थे।

### बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन संगठन के सहयोग से ल्लएक्सेस टू जस्टिसक्क अभियान के अंतर्गत बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 तक बाल विवाह जैसी कुप्रथा का पूर्ण उन्मूलन करना है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक ग्लोबल इंटरफ़ेथ प्लेज़ वीकेंड टू एंड चाइल्ड मैरेज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत संगठन से जुड़े कार्यकर्ता विभिन्न धर्मस्थलों का दौरा कर धर्माचार्यों एवं पुरोहितों से बाल विवाह न कराने और न होने देने की शपथ दिलवा रहे हैं।

## अपराधियों की सम्पत्ति अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजा गया कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती के मार्गदर्शन में दोनों जिलों में अपराधियों द्वारा अर्जित अपराधजनित सम्पत्ति की बीएनएसएस की धारा 107 के प्रावधानों के तहत जब्त की कार्रवाई की जा रही है। उक्त प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाकर जिला के द्वारा अब तक कुल 9 अपराधकर्मियों के अपराधजनित सम्पत्ति की अधिग्रह्ला सह कुर्की हेतु प्रस्ताव कोर्ट भेजा गया है। साथ ही खगड़िया जिला के द्वारा कुल छह अपराधकर्मियों के अपराधजनित सम्पत्ति के अधिग्रह्ला हेतु प्रस्ताव न्यायालय में भेजा गया है। जिनमें से न्यायालय द्वारा खगड़िया जिला में एक अपराधकर्मी को नोटिस भी भेजी गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस उप महानिरीक्षक श्री भारती के द्वारा इस कार्य में और तेजी लाने हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस अधीक्षक को उनके जिलान्तर्गत 100 अपराधकर्मियों एवं पुलिस अधीक्षक खगड़िया को उनके जिलान्तर्गत 50 अपराधकर्मियों को चिन्हित कर उनके आपराधिक इतिहास के साथ विवरणी उपलब्ध कराया गया है। निर्देशित किया गया है कि उक्त सबों द्वारा अर्जित अपराधजनित सम्पत्ति का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई कराते हुए बीएनएसएस की धारा 107 के प्रावधानों के अन्तर्गत अपराधजनित सम्पत्ति के जप्तीकरण हेतु अगेतर कार्रवाई करें तथा उपरोक्त सूची के अतिरिक्त भी अन्य अपराधियों के अपराधजनित संपत्ति का पता लगाते हुए उनके सम्पत्ति को बीएनएसएस की धारा-107 के प्रावधानों के तहत् जब्तीकरण हेतु प्रस्ताव समर्पित करें।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रयासरत : निखिल कश्यप

### निखिल कश्यप ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में पदभार किया ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर के महाप्रबंधक निखिल कश्यप ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उपस्थित परियोजना प्रबंधक सह प्रभारी महाप्रबंधक मधु कुमारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, हरेश कुमार, अरविंद कुमार, स्वेता कुमारी, बड़ा बाबू अखिलेश, स्टेनो मनोज कुमार, डाटा ऑपरेटर मनोज और राहुल, एमएसएमई मित्र नीरज कुमार और बंटी कुमार, जिला संसाधन सेवी सौरभ कुमार, अनुराग, मंजय मिश्रा, अमित कुमार, मो गुफरान, मुनेश्वर, विवेक समेत अन्य मौजूद थे। जहां उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों और जिला संसाधन सेवियों ने बुके देकर महाप्रबंधक बनने की बधाई दी। पदभार ग्रहण के अवसर पर उत्सवी माहौल था। इस अवसर पर नवपदस्थापित महाप्रबंधक निखिल कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), मुख्यमंत्री उद्यमी योजना समेत सरकार की अन्य योजनाओं के लिए पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा। श्री कश्यप ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोई कमी नहीं रहेगी। उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से भोजपुर में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कराने के लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। आगे कहा कि युवक और युवतियों के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है, बस जरूरत है युवाओं को आगे आने की। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जिले के जो भी लोग उद्योग करके खुद का स्वरोजगार करना चाहते है वे आगे आए, जिला उद्योग केन्द्र उनकी मदद के लिए तत्पर है। नए जीएम पदभार ग्रहण के बाद पहले ही दिन एक्शन में दिखे और पहली बैठक उद्योग विस्तार पदाधिकारियों और कर्मियों संग करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं में आप सभी को जो जिम्मेवारी दी गई है, उसे ससमय पूरा करें। बतादे कि परियोजना प्रबंधक मधु कुमारी जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर के महाप्रबंधक के प्रभार में कार्यरत थी। निखिल कश्यप के वरीय परियोजना प्रबंधक होने के कारण उन्हें महाप्रबंधक बनाया गया है। इसको लेकर बीते बुधवार को अवर सचिव राधाकृष्ण चौहान ने अधिसूचना जारी किया था।



## सदस्यता एवं अभ्यास वर्ग को लेकर अभाविप की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी नगर इकाई के द्वारा एपीएसएम कॉलेज परिसर में सदस्यता इकाई गठन अभ्यास वर्ग सहित आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री प्रियांशु एवं बैठक का संचालन कॉलेज मंत्री अंकित कुमार ने किया। मौके पर मौजूद अभी एबीवीपी के पूर्व विभाग प्रमुख विजेंद्र कुमार ने कहा कि छात्रों को आज अपने जीवन शैली को बदलना जरूरी है और राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए अपने जीवन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। और इसका सबसे बड़ा प्लेटफार्म अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है। जहां छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावनाओं से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। जिस वजह से आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। बैठक को संबोधित करते हुए अभाविप बेगूसराय विभाग के विभाग संयोजक सह ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा विद्यार्थी परिषद अगर विश्व में सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्रात किया है तो आज के छात्रों का इसमें अहम योगदान भी है। विद्यार्थी परिषद के लिए गौरव का विषय है की बरौनी इकाई के द्वारा 5000 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 3500 का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। और जिले का 30000 सदस्यता का लक्ष्य रखा गया। जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लगातार छात्र हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान में सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने की भी आवश्यकता है। मौके पर मौजूद जिला संयोजक कमल कश्यप एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास झा ने कहा की बिहट में आयोजित होने वाले जिला अभ्यास वर्ग को सफल बनाने के लिये बरौनी इकाई से 20 कार्यकर्ता भाग लेंगे जबकि पूरे जिले से 200 से भी अधिक कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। आगामी जिला अभ्यास वर्ग में जिले के शैक्षणिक सुधार के लिए कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। मौके पर कॉलेज उपाध्यक्ष अनुभव, कोषाध्यक्ष स्वराज कुमार सौरभ कुमार कुणाल कुमार अनिकेत, प्रिंस अमन, मोहन, शालू, हनी, अर्चना, खुशी, खुशबु, आराध्या, कलेज सह मंत्री कुनाल, अभिनव, सौरभ सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड के विद्यालयों में सर्वेक्षण कराएगी एबीवीपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई डंडारी का एक बैठक डंडारी में आयोजित किया गया, बैठक में प्रखंड क्षेत्र के शैक्षणिक समस्या, दुर्गा पूजा में सेवा कार्य, नगर इकाई पुर्नगठन, डिग्री कलेज की स्थापना आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि डंडारी प्रखंड के कुछ विद्यालयों के प्राचार्य द्वारा नामांकन एवं पंजीयन के नाम पर अवैध वसूली की सूचना प्राप्त हुई है। एबीवीपी डंडारी इकाई के कार्यकर्ता प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में सर्वेक्षण अभियान चलाएगी। हम प्रखंड के शैक्षणिक माहौल को खराब होने नहीं देंगे। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता छात्र हित की लड़ाई लड़ेंगे और अवैध वसूली कर रहे प्राचार्य को निलंबित कराने का कार्य करेंगे। एबीवीपी डंडारी के नगर मंत्री दिवेश कुमार ने कहा कि आगे दुर्गा पूजा में एबीवीपी कार्यकर्ता सेवा कार्य करेंगे, एबीवीपी कार्यकर्ता सिर्फ कलेज कैंपस तक ही सीमित नहीं रहते है एबीवीपी छात्रहित, समाजहित, एवं राष्ट्रहित में कार्य करने वाला एक मात्र छात्र संगठन है इसी वजह से हमें विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त है, एबीवीपी डंडारी के नगर अध्यक्ष वसंत कुमार ने कहा कि डंडारी में डिग्री कलेज खोलने के मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकता बहुत जल्द जोरदार आंदोलन का आवाहन करेंगे स डंडारी में डिग्री कलेज नही होने के कारण यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रह्ला करने के लिए 40 किलोमीटर दूर बेगूसराय जाना पड़ता है। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की गई तो डंडारी में भी डिग्री कॉलेज के लिए एबीवीपी कार्यकर्ता संघर्ष करेंगे बैठक में एबीवीपी कार्यकर्ता कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार, आकाशदीप कुमार, रितिक रोशन, सुचित कुमार, हर्ष कुमार, प्रियांशु कुमार, सोनू कुमार, विशाल कुमार, अमन कुमार, श्रवण कुमार, शुभम कुमार झा आदि थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 11.09.2025, **मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा** निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-125-25-26, कार्य का नाम:** (i) ब्रिज संख्या 16ए, 17 और 20 के फ्लोर के हिस्सों की आपातकालीन मरम्मत एवं प्रतिस्थापन (ii) सियालदह मंडल के तहत सभी रोड ओवर ब्रिजों पर ट्रैक्शन गार्ड/सेफ्टी स्क्रीन एवं एंटी क्रैश बैरियर का प्रावधान (फेज-II)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,36,51,408.43, **बयाना राशि:** रु.2,68,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-195/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## जिले में चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह की जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस पहल का उद्देश्य जिले की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। क्षेत्र में सुपोषण और महिला स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह अभियान औपचारिक रूप से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि राष्ट्रीय पोषण माह 16 अक्टूबर तक जारी रहेगा। विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन इस अभियान के तहत पूरे बेगूसराय में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे। इन शिविरों का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बच्चों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएँ देना है। जिनमें महिलाओं के लिए ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर, एनीमिया (खून की कमी), टीबी और सिकल सेल की जाँच।गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित प्रसव पूर्व देखभाल जाँच। बच्चों के लिए: विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण।इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आप अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या आंगनवाड़ी केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय पोषण माह सुपोषित बेगूसराय की ओर एक कदम इस साल का राष्ट्रीय पोषण माह कई महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है।जिनका लक्ष्य जिले में पोषण की स्थिति को बेहतर बनाना है। इनमें शामिल हैं सही खान-पानः मोटापे को नियंत्रित करने के लिए चीनी और तेल का सीमित उपयोग।

## कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के शिवशक्ति ज्योति नगर सहिलोरी में कांग्रेस पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विधानसभा स्तरीय सांगठनिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने एवं जीत के संकल्प को दोहराते हुए पूर्व की बैठक में पारित हुए कार्य की समीक्षा की गई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य व्यापी चल रहे हर घर अधिकार कार्यक्रम के तहत आमलोगों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए जा रहे गारंटी योजना में प्रमुख बिहार के प्रत्येक महिलाओं को माई बहिन मान योजना के तहत हर महीने पच्चीस सौ रुपए, विधवा, वृद्ध एवं दिव्यांगजन पेंशन के तहत प्रति माह पन्द्रह सौ से पच्चीस सौ रुपए, आठवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र -छात्राओं को फ्री में टेबलेट एवं कम्प्यूटर, भूमिहीन सभी परिवारों को पक्का मकान बनाने हेतु पांच डिसमिल जमीन, प्रत्येक परिवार को दो सौ यूनिट फ्री बिजली, सभी गरीब परिवारों को उधोग के लिए दो लाख रुपए की आर्थिक मदद के साथ ही प्रत्येक परिवार को पच्चीस लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सहित इंडिया गठबंधन के अन्य प्रमुख योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने एवं बूथ स्तर तक सघन जनसंपर्क अभियान जारी रखने का आह्वान किए तथा अतिशीघ्र पंचायत स्तरीय बैठक करने का निर्देश दिए। उक्त बैठक में मंसूरचक प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतो, बछवाड़ा प्रखंड अध्यक्ष संजय चौधरी, श्याम नंदन महतो, रामकुमार चौधरी, मो युनीश, इन्द्रदेव राय, राजीव पोद्दार, उमेश चौरसिया, गणेश दास, अजय सिंह, पूर्व मुखिया सीताराम यादव, पूर्व मुखिया रामबाबू तांती,राम प्रकाश साह, जय प्रकाश सिंह, रविन्द्र सहनी, रामचंद्र साह, हरदेव पासवान, रामकुमार पासवान, पूर्व मुखिया रामाशीष सहनी, पूर्व मुखिया राम चन्द्र तांती, राम कल्याण महतो, मनमोहन तांती, कुंदन साह, दीपक राम, प्रिंस पासवान, रामनारायण महतो आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाघ ने वृद्ध महिला को बनाया निवाला

**गौनाहा/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के गोवर्धना वन प्रक्षेत्र के सोनवर्षा के उत्तर द्वारदह नदी के किनारे मवेशी चरा रही एक 67 वर्षीय महिला को गुरुवार की शाम पांच बजे झाड़ी से निकल कर बाघ ने हमला बोल कर मौत की नींद सुला दिया। मृत महिला की पहचान खेलावन महतो की पत्नी उमच्छी देवी के रूप में हुई है। वैसे ससमय वन विभाग घटना स्थल पर पहुंच कर बाघ के पग मार्क का ट्रैकिंग करते हुए, शव को अपने कब्जे में लेकर मटियरिया पुलिस को सुपुर्द कर दीं । थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है । गोवर्धना वन क्षेत्र के रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि तत्काल मृतक के परिजन को सहायता राशि के तौर पर 20 हजार रुपए दी गई ।

### एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपित धराया,जेल

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के चल रहे फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि खम्हियां गांव के नरेंद्र कुमार साह को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विगत मई माह में लगभग 58 किलो गांजा और एक लग्जरी वाहन को पुलिस ने जब्त किया था। साथ ही पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। वहीं वाहन चालक नरेंद्र कुमार साह मौके से फरार हो गया था।

### 12.5 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल क्षेत्र के लौरिया थाना अंतर्गत लौरिया- साठी मुख्य सड़क में सौराहा गाव के समीप वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 12.5 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस करवाई में एक बाइक को भी जप्त किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान साठी थाना क्षेत्र के सोमगढ़ गाव निवासी नितिल कुमार व प्रांजल पटेल के रूप में की गई है। उक्त जानकारी एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने प्रेसवार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर साठी- लौरिया मुख्य पथ पर सौराहा गाव के भगवती मंदिर के समीप गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे वाहन जांच के दौरान पुलिस को देख दो बाइक सवार भागने लगे। जिसे खदेड़कर पुलिस ने पकड़ लिया और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 12.5 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया हैं।

### नगर निगम में फर्जी लेबर मामले का पटाक्षेप

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम क्षेत्र की साफ सफाई व्यवस्था में फजीर्वाड़े की परत खुलने के मामले का महापौर ने स्वागत किया है।उन्होंने कहा है कि यह सब निगम के नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी की तत्परता और कार्रवाई से संभव हो पा रहा है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि वर्ष 2024 के मार्च में ही पगार ऐप बुक जैसे ऑनलाइन अटेंडेंस का आदेश नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया था। लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त फरवरी 2025 में पगार ऐप से सफाई कर्मियों की निगरानी शुरू करायी गयी। अब फरवरी 2025 से दिन में दो बार सुबह एवं शाम पगार बुक एप पर हाजिरी लगाने के बाद भी कतिपय कर्मियों को सफाई कार्य ना कर कोई अन्य कार्य करने की शिकायत नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के पास दर्ज कराई थी। नगर आयुक्त के लगातार एक्शन मोड में रहने के परिणाम मिलने भी लगे हैं।

### जनता के दरबार में 66 आवेदनकर्ताओ की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 66 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार कार्यक्रम मे जिलाधिकारी के साथ एडीएम, पीजी आर ओ शैलेंद्र कुमार भारती, वरीय उप समाहर्ता यशवंत कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।



### संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर

**बनकटवा ( पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल में हुए घटनाक्रम के बाद भारत-नेपाल सीमा के बार्डर बरेला,बरहरवा,रेगनिया, अगरवा सहित सभी जगहों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद कर दी गई है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस के कवच पॉइंट्स और एसएसबी के जवान आपसी सहयोग से सीमा पर सघन गश्त कर रहे हैं। नदी पार जाने वाले रास्तों तक पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का साफ संदेश है कि नेपाल से कोई भी अराजक तत्व भारतीय सीमा में घुसपैठ न कर पाए। एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेन्ट निखिल विश्वास और जीतना थाना प्रभारी रजनी कुमारी बॉर्डर की हर हलचल पर पैनी नजर रखे हुए हैं। दोनों लगातार मॉनिटरिंग कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।किसी तरह का कोई अपराधी तत्व भारत क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सके।

### आनंद पुष्कर के प्रयास से मिला शिक्षकों का वेतन

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 12 अगस्त पूर्वीचम्परण जिले के ढाका,चिरैया और रक्सौल प्रखंड के 94 विशिष्ट शिक्षकों का वेतन उत्र्टर के तकनीकी खराबी के कारण नहीं हो पाया था। स्थानीय शिक्षकों ने इस मुद्दे को इरळअ के प्रमंडलीय उपाध्यक्ष श्री सीताराम यादव से बात की।श्री यादव ने इस समस्या को जिला शिक्षा पदाधिकारी और सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनन्द पुष्कर जिसे बात की। पुष्कर जी ने उत्र्टर प्रभारी पटना और ऊ्ड पूर्वी चंपारण इस समस्या का समाधान कराए ।परिणामस्वरूप 94 शिक्षकों का आज ट्रेजरी से भुगतान हो गया।इस कार्य में नव बिहार के खबर का भी योगदान रहा। इस कार्य में महती भूमिका निभाने वालों में अजय आनंद,लोकेश कुमार पाण्डेय,विमल प्रकाश आर्य, रोहित कुमार, आलोक रंजन, रमेश प्रसाद, विनय कुमार, राकेश आर्या,अमित कुमार और अरुण आर्या ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साक्षी ने लेफ्टिनेंट बनकर किया जिला व गांव का नाम रौशन

**चकिया।(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगर दृढ़ इच्छा शक्ति हो ईमानदारी से मेहनत कर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसी को अनुमंडल क्षेत्र के माधोपुर गोविन्द गाँव के एक सामान्य परिवार की बेटी साक्षी ने भारतीय थल सेना में लेफि्टनेंट बनकर चरितार्थ किया है उन्होंने इस सफलता से अपने जिला, गाँव और समाज का नाम रौशन किया है। सुश्री



साक्षी ने कड़े मेहनत और अनुशासन के बल पर सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर तीसरे प्रयास में सफलता का परचम लहराया। साक्षी ने अपने सफलता का श्रेय माता श्रीमती पुष्पा देवी एवं पिता नवल किशोर प्रसाद जो भारतीय सेना में वारंट ऑफिसर सहित शिक्षकों को दिया है। लेफ्टिनेंट साक्षी ने छात्र छात्राओं को यह सन्देश भी दिया कि शिक्षा से बढ़कर दुनिया में कोई भी दूसरा स्वर्णिम वस्तु नहीं है। अगर हम कम से कम साधन में भी एकाग्रता और अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करें तो बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। लेफ्टिनेंट साक्षी का स्वागत चकिया रेलवे स्टेशन पर बैंड बाजा के साथ किया गया। जिसमें माता पिता के अलावें सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवं लॉयन्स क्लब ऑफ चकिया के सदस्य शामिल थे। स्वागत में सचिव डॉ. आसिफ हुसैन, शिक्षाविद व समाजसेवी सत्यम वत्स, लॉयन अभय गुप्ता, लोकेश यादव, अमरेंद्र सिंह, श्याम बाबू सिंह, रामबाबू साह, सोनू कुमार आदी उपस्थित थे।

# आधुनिक खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए 25.55 करोड़ की स्वीकृति : सम्राट चौधरी

## मेडल लाओ,नौकरी पाओ योजना से खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो



**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी प्रवेक्षागृह में एनडीए के कार्यकता सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में आधुनिक खेल इन्फ्रास्ट्रक्कर के निर्माण कार्य के लिए 2555.29 लाख यानी पच्चीस करोड़ पचपन लाख उनतीस हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि इस योजना के लागू होने से जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बिहार में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। 2005 की तुलना में बिहार में शानदार खेल सुविधाओं का विकास हुआ है। एक तरफ जहां बिहार के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं शानदार खेल इन्फ्रास्ट्रक्कर तैयार होने के बाद बिहार अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का भी भरोसेमंद ठिकाना बना है। हाल में ही यहां महिला एशिया हॉकी चैंपियनशिप 2024, महिला कबड्डी विश्वकप, पुरुष हॉकी एशिया कप 2025, सेपक टकरा वर्ल्डकप, खेलो इंडिया यूथ गेम्स और एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेंस चैंपियनशिप जैसे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सफल आयोजन हुए हैं। बिहार सरकार खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर भी संवेदनशील है। उत्कृष्ट खिलाड़ी मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत उन्हें सरकारी नौकरी दी जा रही है। बिहार का ध्येय है- खेलेगा बिहार, तभी तो आगे बढ़ेगा बिहार। खेलेगा बिहार, तो खिलेगा बिहार। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार उत्तरोत्तर विकास नए प्रतिमान गढ़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि मोतिहारी में खेल की बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए पच्चीस करोड़ पचपन लाख उनतीस हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

# चिरैया के एक केंद्र पर बीपीएससी की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा आज



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को प्रखंड के एक केंद्र पर आयोजित की जाएगी। पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई। इस संबंध में केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा में 492 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में अपराह्न 12 से 2 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को पूर्वाह्न 9.30 से 11 बजे तक हर हाल में प्रवेश कर लेना होगा। उसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को उक्त केंद्र पर प्रतिनियुक्त किए गए सभी वीक्षको की ब्रीफिंग ली गई। जिसमें केन्द्राधीक्षक द्वारा परीक्षा को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। बताया कि अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 9.30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। वहीं सभी कमरे में जैमर एवं सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है। सम्पूर्ण गतिविधि की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थी को जांच व फ्रिस्किंग के बाद ही केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति मिलेगी। वह अपने साथ प्रवेश पत्र की दो प्रति, पहचान पत्र तथा कलम लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को परिसर के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। संपूर्ण परीक्षा अवधि तक परीक्षा केंद्र के समीप धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। मौके पर कार्यालय सहायक के रूप में प्रतिनियुक्त शिक्षक आदित्य राज, रवि कुमार रवि, चंद्रिका कुमार, हरि प्रकाश, राघवेंद्र कुमार, दयाशंकर पंडित तथा लेखापाल विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# नेपाल हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा 51 पहुंचा, इनमें एक भारतीय महिला भी

## सुशीला कार्की का पीएम बनना लगभग तय



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 51 पहुंच गया है। विरोध प्रदर्शन के 5वें दिन 17 मौतों की पुष्टि हुई है। मरने वालों में गाजियाबाद की रहने वाली एक भारतीय महिला भी शामिल है। इधर प्रधानमंत्री पद से के.पी. शर्मा ओली को इस्तीफा दिये 48 घंटे से अधिक हो गए हैं, लेकिन अभी तक अंतरिम प्रधानमंत्री पर सर्वसम्मति नहीं बन पाई है। इसपर बातचीत आज सुबह 9 बजे फिर से शुरू हो गई है।कारण कल दिनभर चली चर्चा किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी। सूत्रों के मुताबिक सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम बनाने पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन मौजूदा संसद को भंग करने या न करने पर चर्चा रुकी हुई है। बातचीत में भाग लेने वाले एक अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति पौडेल संसद भंग करने को तैयार नहीं। हालांकि, कार्की ने तर्क दिया है कि पहले संसद को भंग किया जाना चाहिए। क्योंकि संविधान के अनुसार संसद कायम रहते हुए किसी गैर-सांसद को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जा सकता। इस बीच स्पीकर देवराज घिमिरे और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष नारायण दहल ने देश के मौजूदा संकट को संविधान के दायरे में रहकर हल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल जनता की संप्रभुता, नागरिक स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए स्थिति को संबोधित करने के लिए पहल कर रहे हैं।

### यूरिया खाद की कालाबाजारी पर किसानों का आक्रोश, प्रखंड का किया घेराव

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को किसानों का गुस्सा यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर फूट पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि निर्धारित मूल्य 266 रुपये की जगह 330 रुपये में खाद बेचा जा रहा है। इससे नाराज होकर बड़ी संख्या में किसान प्रखंड कार्यालय पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक का घेराव किया । किसान कोटवा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पानालाल यादव, मुन्ना कुमार, रोहित कुमार, किशोरी राय, कामेश्वर कुमार, अजित कुमार का कहना है कि पहले ही धान की फसल सूखे और समय पर खाद न मिलने से बर्बाद हो रही है। ऊपर से दुकानदारों और आपूर्ति केंद्रों पर यूरिया का मनमाना दाम वसूला जा रहा है। इससे छोटे और गरीब किसान बुरी तरह परेशान हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने प्रशासन से मांग की कि कालाबाजारी में लिप्त दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और यूरिया खाद की बिक्री सरकारी दर पर सुनिश्चित की जाए।

# एनटीपीसी के सीएसआर के तहत ब्यूटीशियन और स्किन केयर प्रशिक्षण शुरू



**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनटीपीसी कांटी ने अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत समुदाय की महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ब्यूटीशियन और स्किन केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी के जीएम, एचओपी, और एजीएम के साथ-साथ प्रशिक्षण भागीदार इन्फोटेक बेतिया के निदेशक और समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस पहल के तहत 50 लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें ब्यूटीशियन और स्किन केयर के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय लोगों, विशेष रूप से महिलाओं, को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन्फोटेक के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सौंदर्य और त्वचा देखभाल से संबंधित आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के उपयोग, और उद्योग की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को न केवल कौशल प्रदान करना है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार शुरू करने या सौंदर्य उद्योग में नौकरी पाने के लिए सक्षम बनाना भी है। प्रशिक्षण की शुरूआत करते हुए एनटीपीसी के जीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को ऐसी स्किल्स प्रदान करना है जो उनकी आजीविका को बेहतर बनाए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी सीएसआर प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है, जिसके माध्यम से हम समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इन्फोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि हमें एनटीपीसी के साथ मिलकर इस नेक पहल का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य है कि इन 50 लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को छू सकें।कार्यक्रम में इंफोटेक की शबा खानम, प्रशिक्षक दीपा कुमारी समेत अन्य भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पिरामल टीम और जिला पदाधिकारी की मासिक समीक्षा बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की समीक्षा के लिए पिरामल फाउंडेशन टीम और जिला प्रशासन के बीच मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने की। पिरामल फाउंडेशन की ओर से जिला प्रबंधक श्री मुकेश कुमार के नेतृत्व में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में संस्थान द्वारा दिए जा रहे सहयोग पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में पिरामल टीम के सदस्य आरुनेन्द्र कुमार (डी.भी.सी.), रानी कुमारी गुप्ता (एस.ओ.एच.) के साथ गांधी फेलो बैच 17 एवं 18 के फेलोज— अशोक कुमार चौधरी, वर्षा कुमारी, काजल यादव, हर्षित शुक्ला, बृजेश मिश्रा, साहिल कुमार और मोहम्मद शाहीन ने अपने अनुभव साझा किए। गौरतलब है कि पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलोशिप कार्यक्रम में युवा स्नातक 23 महीने का कोर्स पूरा करते हुए देश निर्माण में अपना योगदान देते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा नेतृत्व, प्रशासनिक सहयोग और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में कार्य करते हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी फेलोज से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पिरामल टीम ने सदर अस्पताल, मोतिहारी को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन दिलाने के लिए चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति एवं कार्य योजना को समयबद्ध तरीके से लागू करने के सुझाव दिए। इसके अलावा मासिक स्वास्थ्य समीक्षा बैठकों में प्रगति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, श्लरठऊ साइट्स पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच और 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की नियमित जांच के भी सुझाव रखे गए।बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष बैठक जल्द बुलाने का आश्वासन दिया और पिरामल टीम को सभी स्तरों पर सहयोग देने के निर्देश दिए।

### सीएसपी संचालक से लूटकांड में पांच अपराधी गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज-बल्थर मुख्य मार्ग में भसुरारी गाव के समीप सीएसपी संचालक से 1.80 लाख रुपए लूट मामले का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। मामले में पुलिस ने पांच अपराधियो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियो के पास से एक चोरी की बाइक, पिस्टल का मैगजीन, मोबाइल व कागजात बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान साठी थाना क्षेत्र के हैसवा गांव निवासी मोहम्मद फरहान, अतिक अनवर उर्फ मुन्ना, पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के भेडिहारी गांव निवासी सरफे आलम, मोहम्मद अनीश और शिकारपुर थाना क्षेत्र के रूपवलिया गांव निवासी शेख तौसीक आलम के रूप में की गई है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सीएसपी संचालक से लूट मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। घटना में शामिल पांचों अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हालांकि सीएसपी संचालक से लूटे गए रुपये बरामद नहीं हो सका है।

# अपर समाहर्ता ने की पोस्टल बैलट कोषांग की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं पोस्टल बैलेट कोषांग सह अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण श्री मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में कोषांग की बैठक संपन्न हुई जिसमें कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पीजी आर ओ गौरव कुमार सिंह, अवर निबंधन चकिया, अरेराज एवं रक्सौल, प्रबंधक डीआरसीसी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपर समाहर्ता के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी को कोषांग के कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों/ मतदाताओं के लिए पोलिंग पार्टी प्रशिक्षण स्थल पर मतदान करने हेतु फैसिलिटेशन सेंटर का निर्माण करना तथा उसके लिए मतदान दल का गठन करना इस कोषांग का एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। नोटिफाएड वोटर/ अब्सेंटी वॉटर, 80 वर्ष की आयु से अधिक उम्र वाले/दिव्यांग वोटर्स के लिए सुगम मतदान हेतु मतदान दल का गठन तथा उससे संबंधित सभी तैयारी इस कोषांग की महत्वपूर्ण कार्य है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का अंतिम रूप देने के 72 घंटे के बाद पोस्टल बैलेट को प्रिंट करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है।

# जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, कई समस्याओं का हुआ तत्काल समाधान

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश के आलोक में आज समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुँचे। वरीय पदाधिकारियों ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आज आयोजित जनता दरबार में 90 मामले सामने आए। इनमें से कई मामलों का समाधान अधिकारियों की पहल पर मौके पर ही कर दिया गया। वहीं, जिन मामलों का तत्काल निपटारा संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी लंबित मामलों का समाधान शीघ्र नियमानुसार किया जाए।जनता दरबार में लोगों ने राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य सहित कई विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतें रखीं। वरीय पदाधिकरियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया और कुछ मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, मासूम अंसारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यूरिया के लिए किसानों ने एसडीएम से की शिकायत

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र में यूरिया नही मिलने से किसान परेशान है। अपनी सारी जमा पूंजी खेतो में लगाकर किसान एक तरफ जहां मौसम की मार झेल रहे है। वही यूरिया के लिए घन्टो लाइन में लगने के बाद भी दुकानदार द्वारा यूरिया देने से मना कर दिया जाता है। शुक्रवार को धूमनगर मटियरिया गांव के नन्हे पासवान, झुन्नू यादव, रंजीत कुमार, विमलेश कुमार, छोटे कुमार, सुनरमन यादव,और महमूद मियां समेत कई किसान सुबह से ही धूमनगर चौक समीप स्थित इफको बाजार खाद दुकान पर यूरिया लेने के लिए लंबी कतार में खड़े थे। दोपहर तक यूरिया न मिलने पर जब किसानों ने दुकानदार से पूछा, तो उसने मनमाने ढंग से कहा कि जब तक अधिकारी नहीं आएंगे, तब तक यूरिया नहीं मिलेगा।

# जानकारियों को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें : एसडीएम



**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिरिक्त महानिदेशक बाबु राम, उप महानिदेशक (अनुपालन) जीसी राय, सहायक निदेशक (ईएमआर व आरओ) मनीष कुमार, एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता व बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान दूरसंचार सेवा प्रदाताओ के सभी हितधारकों और उपभोक्ताओं के बीच नए पीओएस के दिशानिर्देश, ईएमएफ जागरूकता और नए केवाईसी आदि की जानकारी दी गयी। अधिकारियो ने कहा कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित टेलीकॉम सर्विस को लेकर विभाग लगातार काम कर रही है। उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक तरीके से उनके चेहरे की पहचान के माध्यम से फर्जी मोबाईल कनेक्शन को ब्लॉक किया जा रहा है। इसके साथ ही संचार सारथी एप्लीकेशन को डाउनलोड कर उससे होने वाले फायदे की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के उपरांत एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि दूरसंचार विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगो मे जागरूकता लाने के उद्देश्य से आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अपनी निजी जानकारियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने से सभी को बचना चाहिए। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, साईबर ठगी, रेडिएशन समेत रेडियो तरंग के महत्व व उसके दुष्प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड नाजिर प्रदीप पासवान, सभी पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक समेत विभिन्न विद्यालयों के कंप्यूटर शिक्षक आदि उपस्थित थे।

CMYK

# पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, प्राकृतिक खेती पर जोर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद द्वारा 8 से 12 सितम्बर 2025 तक पांच दिवसीय 'कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि सखियों को प्रशिक्षित कर उन्हें अपने-अपने गांवों में किसानों के बीच प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार करना था। प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, जो कम लागत, पर्यावरण हितैषी एवं टिकाऊ खेती की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहानाबाद जिले से 12 एवं अरवल जिले से 10 कृषि सखियों ने भाग लिया। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में विशेषज्ञों ने व्याख्यान, चर्चाएं और प्रयोगात्मक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को गहन जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान समापन सत्र की अध्यक्षता वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक कृषि सखी अपने गांव जाकर 125 किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दें। उन्होंने इसे ग्रामीण स्तर पर प्राकृतिक खेती मिशन की मजबूती के लिए एक निर्णायक कदम बताया। इस अवसर पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी, सुश्री सम्भावना ने कहा कि आने वाले समय में प्राकृतिक खेती एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कृषि सखियों से अपील किया कि वे किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराएं और उन्हें प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करें। इसी क्रम में स्वेता, सहायक निदेशक (मृदा विज्ञान) एवं नोडल अधिकारी – प्राकृतिक खेती ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कृषि सखियां प्राकृतिक खेती मिशन में गांव-गांव तक पहुंच बनाने का मुख्य स्रोत होंगी। उन्होंने बताया कि जिले में 750 किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि सखियां अपने-अपने गांव जाकर इस लक्ष्य को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

**मास्टर ट्रेनर्स का योगदान**

मास्टर ट्रेनर डॉ. वाजिद हसन ने प्रशिक्षणार्थियों को प्राकृतिक खेती के प्रमुख इनपुट जैसे बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, अग्न्यास्त्र और अमृत जल बनाने की जानकारी दी। उन्होंने इन सभी तकनीकों को प्रयोगात्मक माध्यम से प्रदर्शित कर कृषि सखियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। इसी कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सुश्री वर्षा कुमारी ने पूरे पांच दिनों में मौखिक एवं प्रयोगात्मक माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रत्येक चरण को विस्तार से समझाया और कृषि सखियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मविश्वास से परिपूर्ण किया। समापन सत्र में डॉ. दिनेश महतो, डॉ. निराला, गणपति तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन से संबंधित विभिन्न ऐप का प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर शुक्रवार को जहानाबाद जिला अंतर्गत तीनों विधानसभा क्षेत्र के आइटी सहायक एवं कार्यपालक सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आइटी मैनेजर, मास्टर प्रशिक्षक, निर्वाची पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने प्रखंडों के अन्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि समय सीमा के अंदर सभी आवश्यक प्रविष्टियाँ ऐप के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाएगा। आइटी मैनेजर ने कहा कि ऐप के माध्यम से प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित पदाधिकारी तक पहुंचाना एवं तत्काल सूचित करना अनिवार्य होगा। आज के प्रशिक्षण में समाधान, सुविधा, सुगम, इनकोर आदि ऐप का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, उम्मीदवारों के नामांकन हेतु आवश्यक तैयारियों तथा विभिन्न प्रकार की अनुमति की सुविधा के लिए एकल खिड़की की स्थापना एवं एनओसी. प्राप्ति हेतु संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों के चिह्नीकरण से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में नीतीश सरकार की गिनाई गईं उपलब्धियां




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के हाजीपुर गोला स्थित रज़्ज़ा प्लेस में शुक्रवार को अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नियाज अशरफी ने की जबकि संचालन वरिष्ठ जदयू नेता एवं जिला बीस सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रज़्ज़ा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग, पटना के उपाध्यक्ष मौलाना उमर नूरानी, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद नाईम और जदयू जिला महासचिव नजीर मोहम्मद खां मौजूद रहे। आगंतुक अतिथियों को माला, अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना उमर नूरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा को प्राथमिकता दी है। इसके तहत प्रत्येक टोला और अल्पसंख्यक बहुल ग्रामों में तालीम मरकज स्कूल खोले गए, जहां उसी समाज के लोगों को शिक्षक के रूप में बहाल किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य के नौ हजार पंजीकृत कब्रिस्तानों में से आठ हजार की घेराबंदी पूरी की गई है। इसके अलावा अल्पसंख्यक छात्रावासों का निर्माण, उर्दू अनुवादक के पद सृजन, स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति तथा मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के विकास में मुख्यमंत्री की विशेष रुचि रही है। जिला अध्यक्ष मोहम्मद नियाज अशरफी ने कहा कि 2005 से नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज की बेटियों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार और नौकरी में भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पहले लोग शाम पांच बजे के बाद घरों में सिमट जाते थे, लेकिन आज लोग रात 12–1 बजे

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा को दी प्राथमिकता**

**अल्पसंख्यक समाज की बेटियों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार और नौकरी में भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया**

जसेवी मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अब्दुल्ला, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद चंचल, कलाम अंसारी और मोहम्मद साहब सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# नगर थाने में थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा के तबादले पर विदाई समारोह आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर थाने में पदस्थापित थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा को दी गई भावभीनी विदाई। इस दौरान उनके तबादले की खबर मिलते ही थाने के सिपाहियों से लेकर अफसरों तक की आंखें नम हो गईं। समारोह के दौरान दिवाकर विश्वकर्मा खुद भी भावुक हो उठे। नगर थाना में आयोजित विदाई कार्यक्रम में सिपाही, महिला पुलिसकर्मी और अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। सभी ने उनकी कार्यशैली और व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक कर्मठ अधिकारी और अच्छे इंसान हैं।पुलिसकर्मियों ने याद किया कि दिवाकर विश्वकर्मा ने कभी यह अहसास नहीं होने दिया कि वे थाने के अध्यक्ष हैं। उन्होंने हमेशा खुद को टीम का हिस्सा माना और हर ऑपरेशन को सामूहिक प्रयास से सफल बनाया। नए जवानों को दिशा दिखाना और मार्गदर्शन देना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रहा। समारोह के दौरान जब उन्होंने संबोधन दिया तो उनकी आंखें भी नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह आप सबका प्यार है, जिसने मुझे आज भावुक कर दिया। हमारा खून का रिश्ता नहीं है, लेकिन आप सभी मेरे परिवार जैसे हैं। जिस सम्मान और सहयोग के साथ आपने मेरे साथ काम किया, वह हमेशा याद रहेगा। चुनौतियां चाहे कितनी भी आईं, लेकिन टीम की मेहनत और ईमानदारी ने हर मुश्किल को आसान बना दिया। विदाई समारोह में नगर थाने के एसआई, एएसआई, सिपाही और महिला पुलिसकर्मी सहित आस-पास के थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# किनारी बाजार में जन सुराज की बिहार बदलाव सभा आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड की किनारी पंचायत के किनारी बाजार में जन सुराज पार्टी के बैनर तले शुक्रवार को बिहार बदलाव सभा आयोजित की गई। सभा में पार्टी के नेता डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में अगर जन सुराज पार्टी सत्ता में आई तो हर बुजुर्ग को दो हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। इस बार छठ के बाद लोगों का रोजी रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। परिवार लाभ कार्डधारक महिलाओं को रोजगार के लिए कम ब्याज पर पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। गरीबों के घरों की आर्थिक दशा बदलेगी। उन्होंने बताया कि यह जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का वादा है। डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि उनकी पार्टी बिहार में व्यवस्था में बदलाव करना चाहती है। बिहार से अगर पलायन को रोकना है, शिक्षा में सुधार करना है, भ्रष्टाचार को खत्म करना है, लाखों लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना है तो व्यवस्था में बदलाव जरूरी है।

डॉ. शर्मा ने बिहार में पिछले चार दशकों से सत्ता पर काबिज राजनीतिक पार्टियों के क्रिया कलापों की चर्चा की और प्रदेश की दुर्दशा के लिए नेताओं को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे नेताओं ने केवल अपने परिवारों का भला किया। बिहार की आम जनता के दुख दर्द को नहीं समझा गया। अन्य राज्यों की तुलना में बिहार पिछड़ता चला गया और आज यह स्थिति है कि यह राज्य सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है। इस मौके पर लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया और उन्हें बताया गया कि जन सुराज की सत्ता आने पर लाभ कार्डधारी हर परिवार को बीस हजार रुपए तक का लाभ मिलेगा। साठ वर्ष से ऊपर हर महिला पुरुष को दो-दो हजार रुपए पेंशन मिलेगी। खेती को मनरेगा से जोड़ा जायेगा। आमदनी वाली खेती को बढ़ावा दिया जायेगा।

सभा में सत्येंद्र कुमार, जुबेर मियां, फेकन मियां, सुमित्रा देवी, मिनता देवी, वार्ड सदस्य विकास कुमार, कृष्णा साह, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर कुमार, नरेश राय, शिक्षक लक्ष्मण कुमार आदि को अंगवस्त्र देकर डॉ. अभिराम शर्मा ने सम्मानित किया। इस मौके पर किनारी के अलावा दिलबहारचक टोला खगड़िया, मखदुमपुर, कुमारू बिगहा, रामपुर टोला, नीमा टोला, गुलजारबाग, सलेमापुर आदि गांवों के लोग उपस्थित थे।

# रफीगंज में घर से चोरी, चोर गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज शिक्षक कॉलोनी वार्ड संख्या-7 में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अब्दुलपुर निवासी कृष्णा राम के 22 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। पीड़ित अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके घर पर ताला बंद था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि घर की रेलिंग पर साड़ी बंधी हुई है और एक चोर को पकड़कर रखा गया है। सूचना मिलते ही वे घर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। घर की तलाशी लेने पर पीतल की बाल्टी, परात, कठौती, तसला, लोटा, गिलास, छह पीस फूल का कोटरा, नई साड़ी, 20 हजार रुपये नगद, सोने का लॉकेट, पंखा, तार, बिजली का सामान और सेट-टॉप बॉक्स गायब पाए गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पकड़े गए युवक से पूछताछ की। आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए बताया कि उसने चोरी का सामान छिपाकर रखा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सभी सामान बरामद कर विधिवत वीडियोग्राफी करते हुए जब्ती की। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली 12 किमी सड़क बदहाल

- नौ वर्ष पूर्व बनी थी सड़क हो गई बेकार
- जर्जर सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी
- राहगीर अक्सर गिरकर होते हैं चोटिल
- सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का नहीं है ध्यान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली करीब 12 किमी की सड़क जर्जर हो गई है। बता दें कि सड़क का निर्माण करीब नौ वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के द्वारा कराई गई थी। वर्षों से सड़क जर्जर हालत में है। इससे जहां आवागमन के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित विद्यालय में शिक्षा को ले आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं सड़क जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जर्जर सड़क का शिकार होकर चोटिल हो रहे है, लेकिन लोगों की समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क जर्जर होने से ग्रामीण ही नहीं गांव में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं अब तो ग्रामीणों के रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वह कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से इंसान के साथ वाहन की हालत तक खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी उसके बाद ही वह उनके यहां आएंगे। इस पथ से होकर मेघुआ, साहो कर्मा, कुम्हैनी, सिमला, कियाखांप सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आवागमन होता है। दोपहिया व साइकिल सवार को सड़क से होकर आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्षा के दिनों में अधिक परेशानी होती है। ग्रामीण प्रतिदिन सड़क पर उभरे गड्ढों में गिरकर घायल होते रहते हैं। कुम्हैनी गांव के मंगेर यादव, धनंजय दांगी, मिकु सिह, निरंजन सिह, इंद्रदेव दास, भीम यादव, युगेश्वर यादव, सुदर्शन सिह ने बताया कि जर्जर सड़क से होकर छात्र प्रतिदिन विद्यालय कासमा पढ़ने जाते हैं लेकिन सड़क की हालत के कारण हम लोगों को चोटिल होकर शारीरिक नुकसान के साथ शिक्षा का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है।

# सरिया चोरी कर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के घनश्याम बिगहा गांव के समीप भारतमाला एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रहे सरिया का चोरी कर भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। मामले की जानकारी टेहटा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ पहुंची टेहटा थाना की पुलिस ने दोनों चोरों को हिरासत में लेकर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया की गिरफ्तार लोगों में घोसी थाना क्षेत्र के नीतीश कुमार एवं टेहटा थाना क्षेत्र के पराधी गांव निवासी विक्की कुमार सामिल है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।

# देव नगर पंचायत में सफाई के नाम पर मची है लूट



खुले में सड़कों पर फेंके जा रहे कूड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक सूर्य नगरी देव के नगर पंचायत में फैली गंदगी और बदहाली केवल एक सफाई समस्या नहीं बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले रही है। वहीं नगर पंचायत की लापरवाही के कारण सड़कों पर कूड़े के ढेर, खुली नालियां और चारों ओर फैला कचरा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहा है। कूड़े के यह ढेर कई तरह के खतरनाक रोगाणुओं और कीटाणुओं का घर बन गए हैं। मक्खियां, चूहे और मच्छर इन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जो मलेरिया, डेंगू, टायफाइड और हैजा जैसी जानलेवा बीमारियां फैला सकते हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, क्योंकि पानी के जमाव से बीमारियां तेजी से फैलती हैं। स्थिति यह है कि देव नगर पंचायत के उदासीन रवैया होने के कारण यहां दुर्गंध को दूर करने के लिए या कीटाणुओं की नाश के लिए कभी भी ब्लीचिग पाउडर का छिड़काव नहीं होता है। सफाई के नाम पर यहां लाखों रुपये खर्च किए जा रहे है परंतु इसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। सफाई ठेकेदार और नगर पंचायत के अधिकारियों से मिली भगत के कारण उनकी चांदी कट रही है जबकि परेशान आम जनता है। बरसात में इन दिनों गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है लेकिन नगर के अधिकारियों के एसी में बैठने और सोने के कारण यहां के लोगों को मच्छरों से हो रही परेशानी दिखाई नहीं देती है। देव नगर पंचायत के कन्हैया मोड़ स्थित शमशान के सामने मुख्य सड़क पर तथा देव के कब्रिस्तान के सामने मुख्य सड़कों पर पूरे नगर पंचायत की गंदगी का अंबार पड़ा हुआ है। ठेकेदार और कर्मी नियम कानून को ताख पर रखकर खुले में सड़कों पर कूड़ा कचरा फेंक रहे हैं। वहीं लोग जब इस रास्ते से गुजरते हैं तो मुंह को ढ़ककर सड़क पार करने में मजबूर है। देव के स्थानीय चिकित्सकों ने बताया कि हमें हर दिन गंदगी से जुड़ी बीमारियों के कई मामले मिल रहे हैं। पेट में संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग और सांस की बीमारियां आम हो गई हैं। अगर जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह एक बड़ी महामारी का रूप ले सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर पल बदबू और बीमारियों के डर के बीच जीना पड़ रहा है। छोटे बच्चे सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। नगर पंचायत के अधिकारी हमारी समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। स्थानीय समाजसेवी आलोक कुमार सिह और दीपक कुमार सिह ने कहा कि नगर पंचायत में सफाई के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबाट हो रहा है। जबकि नगर पंचायत के मुख्य सड़क को छोड़कर गलियों में नियमित सफाई नहीं होती, सड़कों पर कूड़ा फेंकना नगर प्रशासन और सफाई एजेंसी की लापरवाही दर्शाता है। देव में जिन दो मुख्य सड़कों पर कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। इस सड़क से हजारों लोग, गाड़ियां, बच्चे, बच्चियां इन सड़कों से गुजरती है। ऐसे लापरवाह ठेकेदार पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

**लोगों को भी लेनी होगी जिम्मेदारी**

केवल नियमों और दंड से ही समस्या का समाधान नहीं होगा। हम सभी को अपनी ज़िम्मेदारी समझनी होगी। हमेशा कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें। प्लास्टिक की थैलियों और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे का उपयोग कम करें। यदि आपको कहीं कूड़ेदान न मिले, तो कचरे को अपने पास रखें और घर आकर उसे कूड़ेदान में डालें। यह जानकारी नागरिकों को सड़क पर कूड़ा न फेंकने के लिए प्रेरित करती है और उन्हें नियमों के बारे में जागरूक करती है।

# रफीगंज स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और रेलवे संपत्ति को नुकसान से बचाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट रफीगंज की ओर से शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13554 डाउन और 13305 अप के आगमन के दौरान आयोजित किया गया। निरीक्षक प्रभारी के निर्देशन में उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, प्रधान आरक्षी आत्माशंकर यादव, प्रधान आरक्षी संतोष कुमार, आरक्षी पिरोलाल पासवान और आरक्षी शंकर कुमार सिंह ने यात्रियों को सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इस दौरान यात्रियों को बताया गया कि गाड़ियों पर पत्थरबाजी जानलेवा साबित हो सकती है और इससे न केवल यात्रियों की जान को खतरा होता है बल्कि रेलवे संपत्ति को भी क्षति पहुंचती है। आरपीएफ ने यात्रियों को बिना कारण एसीपी (चेन पुलिंग) न करने की अपील की और इससे होने वाले नुकसान एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें ट्रेन की छत, पायदान, महिला एवं दिव्यांग बोगी में अनधिकृत रूप से यात्रा न करने, विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने और किसी अजनबी के दिए खाने-पीने की वस्तु न ग्रहण करने की सलाह दी गई। यात्रियों को ट्रैक पार न कर फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया। इस दौरान स्टेशन एवं ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अंत में यात्रियों को बताया गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# बीपीएससी संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला में यह आयोजन 13 सितंबर को एकल पाली में एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा कुल 17 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी एवं उड़न दस्ता की संयुक्त आदेश के अंतर्गत प्रति नियुक्ति की जा चुकी है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सभी संबंधित केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में ब्रीफिंग कर परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त बनाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया गया कि बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा दिए गए निदेश का अक्षरश पालन सुनिश्चित किया जाए। कहीं भी कदाचार के लिए कोई भी स्थान नहीं छोड़ा जाए। साथ ही सभी केंद्रों का जांच कर ली जाय एवं आज से ही सारे केंद्र अनाधिकार प्रवेश के लिए वर्जित माने जाए। आने जाने वाले सभी की पूर्ण रूप से फ्रिस्किंग की जाय। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी सीसीटीवी सर्विलेंस के अंदर आएंगे एवं बिहार लोक सेवा आयोग स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करेगा। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु अनुमंडल कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका दूरभाष संख्या 06114–223013 है। परीक्षा के एक घंटा पूर्व से परीक्षा परिसर के बाहर भीड़ या आसामाजिक तत्वों का जमाव नहीं हो पाए, अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर जहानाबाद को इस हेतु सभी कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा द्वारा परीक्षा संचालित करने की सभी गहन बिंदुओं से सभी को अवगत कराया गया।

जो परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं उनके लिए विभाग द्वारा पूर्व में निर्देशित किया जा चुका है की परीक्षा परिसर में मोबाइल, मोबाइल घड़ी, ब्लूटूथ, पेजर वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, व्हाइटनर, ब्लेड, इरेज़र जैसी कोई भी सामग्री की अनुमति नहीं है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षार्थियों की अच्छे से तलाशी लेना सुनिश्चित करेंगे। ब्रीफिंग में सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि आज ही अपने अपने परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी एवं जैमर की जांच कर लें। साथ ही निर्देश दिया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र के आसपास की परिधि में कोई भी फोटो कॉपी मशीन की दूकान कार्यरत नहीं होना चाहिए। कदाचार करते हुए पाये जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पांच वर्षों के लिए तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जायेगा।

# नहर से मिले महिला के शव की न हो सकी पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव के समीप बसडीहा कैनाल से गुरुवार की सुबह बरामद महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि शव को सदर अस्पताल औरंगाबाद के शवगृह में रखा गया है। सीमावर्ती थाना एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मृतका के पहचान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखा जाएगा। शव की शिनाख्त न होने पर सरकारी प्रावधान के अनुसार अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

# मतदाता जागरुकता अभियान में 'हर मतदाता, हर वोट' की अहमियत पर जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिले में निरंतर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में 12 सितम्बर को मोदनगंज परियोजना अंतर्गत चरुई गांव में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ-साथ आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मोदनगंज ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसी क्रम में जहानाबाद ग्रामीण परियोजना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया, जहां ग्रामीणों को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जहानाबाद ग्रामीण रेणु कुमारी द्वारा निर्वाचन आयोग की विभिन्न सुविधाओं एवं मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सभी योग्य मतदाता आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# 207 पीडीएस दुकानों की जांच, 30 से स्पष्टीकरण

## निरीक्षण में एक का लाइसेंस रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जनवितरण प्रणाली दुकानों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु निरीक्षण अभियान संपन्न हो चुका है जो बीते 2 सितंबर से 9 सितंबर तक सघन रूप से प्रखंड स्तर पर अभियान चलाया गया था। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल में तकरीबन 260 जन वितरण दुकान का निरीक्षण किया गया, जहां 30 जन वितरण दुकानदारों पर कारण बताओं नोटिस जारी की गई है। एक दुकान को रद्द कर दिया गया है और एक पीडीएस पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार 2 सितंबर से 9 सितंबर तक चले अभियान के दौरान कई पीडीएस दुकानों में गडबडी, डीलर का व्यवहार गोदाम में राशन का स्टॉक आदी बिंदुओं पर निरीक्षण की गई थी। जहां 30 पीडीएस दुकानों पर स्पष्टीकरण जारी की गई है। वहां धनरूआ के मई नेतौल के पीडीएस दुकानदार सुभाषचंद्र की दुकान को रद्द कर दी गई है। एवं सांडा पंचायत के जन वितरण विक्रेता पर राशन कालाबाजारी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रारंभ किए गए इस पहल का मूल उद्देश्य खाद्यान्न वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और लाभुक केंद्रित बनाना है। इस सधन निरीक्षण अभियान से जन वितरण प्रणाली में जवाबदेही एवं अनुशासन और अधिक मजबूत होगा तथा यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे।

# महिलाओं ने दिखाया आत्मनिर्भर बनने का जज्बा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार सरकार द्वारा हर घर की एक महिला को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से चलायी जा रही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दरभंगा जिले में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। जिले के सभी 18 प्रखंडों में ग्राम संगठन स्तर पर विशेष बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहाँ महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्र होकर आवेदन भर रही हैं। अब तक जिले के 2,812 ग्राम संगठनों में बैठकें आयोजित हो चुकी हैं और 3 लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं। सुबह से ही महिलाएं अपने-अपने ग्राम संगठन में इकट्ठा होकर आवेदन भर रही हैं। जिले में ग्राम संगठनों में आवेदन प्रक्रिया लगातार जारी है। जीविका की डीपीएम डॉ. ऋचा गार्गी ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। रोजगार शुरू होने और उसकी प्रगति के आधार पर दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाना है। डॉक्टर गार्गी ने बताया कि कर्मियों को निर्देश दिया है कि योजना का कार्य ससमय और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए, किसी भी प्रकार की धांधली या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी समस्या की स्थिति में महिलाएं प्रखंड और जिला स्तर पर शिकायत दर्ज कर सकती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में फिर से ...

तथाकथित 'माई-बहिन योजना'का फॉर्म भोली-भाली ग्रामीण महिलाओं से भरवाया जा रहा। यह सिर्फ ठगैती एवं झांसेबाजी है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मंच से पीएम मोदी के स्व. मां को गाली दिया गया। इस बार के चुनाव में उधर उधर नहीं जाना है। हम लोगों का उम्मीदवार पांचों पार्टियों का सिंबल उम्मीदवार होगा। चुनाव में उम्मीदवार के साथ-साथ सिंबल का ध्यान रखना है। अर्जुन की तरह लक्ष्य भेदना है और केवल एनडीए का बटन दबना है। जब तक पार्टी से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होती तब तक हलचल रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है कि एकजुट होकर अपने उम्मीदवारों ताकत देना है और जिले के सभी छह सीटों पर जीत निश्चित करना है। इस अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, पूर्व सांसद महाबली सिंह, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक अनिता गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह, महामंत्री सतीश कुमार सिंह, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण उर्फ सोनू सिंह, मगध प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, अनिता सिंह, अशोक सिंह, जितेंद्र गुप्ता, पंकज पासवान, रणधीर सिंह, सुमन अग्रवाल, जुलेखा खातून सहित अन्य मौजूद रहे।

# एनटीपीसी बाढ़ में उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** शुक्रवार को एनटीपीसी बाढ़ में 'उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति 2024-25' कार्यक्रम का आयोजन ईडीसी परिसर में किया गया। यह पहल एनटीपीसी बाढ़ के सामुदायिक विकास की गतिविधियों के अंतर्गत है जिसका उद्देश्य परियोजना प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम चंदन कुमार एवं मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी बाढ़) जी श्रीनिवास राव, शामिल हुए। इस वर्ष कुल 62 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जिनमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं शामिल थे। प्रत्येक छात्र को 3 हजार की राशि दी गई, जिससे कुल 1 लाख 86 हजार की छात्रवृत्ति वितरित की गई।

कार्यक्रम में श्रीकांत केरहालकर, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), प्रशांत कुमार सामल, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) एवं अन्य अधिकारीगण, मेधावी छात्र-छात्राएं और उनके परिवारजन शामिल हुए। एनटीपीसी की यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को नए अवसर प्रदान करती है।

# विधायक ने की हर थाने में एससी-एसटी सेल बनाने की मांग

## एससी-एसटी अत्याचार सतर्कता अनुश्रवण समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम क्रियान्वयन हेतु सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति मैन्युअल स्कैवेंजर निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम की संयुक्त बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता एसडीएम अभिषेक कुमार ने की। मौके पर फुलवारी विधायक गोपाल रविदास, एएसपी कमल मीणा, बीडीओ प्रभाकर कुमार समेत सभी थानों के थाना प्रभारी एवं समिति के सदस्य शामिल हुए, एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया की सभी थानों में एससी एसटी से जुड़े हुए लंबित मामले, इसके अलावा किसी भी केस में अगर चार्जशीट नहीं हुआ है या प्रस्ताव नहीं भेजा गया है इसका क्या कारण है कितने मामले लंबित हैं यह सभी चीजों पर चर्चा की गई। जहां धनरूआ थाना में 12 मामले लंबित मसौढ़ी थाने में 9 केस लंबित थे, जिन्हें त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में कई थानों के पुलिस पदाधिकारी अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर की। बैठक में विधायक गोपाल रविदास ने मांग की है कि सभी महादलित टोले में पेयजल संकट को निरीक्षण कर चापाकल को दुरुस्त किया जाए, हर थानों में जिस तरह से महिला सेल होती है उसी तरह से लिए एससी एसटी सेल का गठन किया जाए। इसके अलावा दलित नाबालिग बच्ची के साथ हुए बलात्कार की घटना में पीड़ित परिवार को केस वापस लेने की धमकियाँ देने की बात उठाई और पीड़िता के पिता को फर्जी तरीके से हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को लेकर मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन क्षेत्रों में विशेष जागरूकता शिविरों के आयोजन का सुझाव दिया।

## एक नजर

### चिकित्साशास्त्र के महत्व पर परिचर्चा आयोजित

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति शास्त्र विभाग में शुक्रवार को परिचर्चा का आयोजन हुआ। लब्धप्रतिष्ठित प्रोफ़ेसर नवल किशोर दुबे ने इंडियन ट्रेडिशनल नॉलेज ऑन मेडिकल प्लांट्स विषय पर अपने विचार रखें। प्रो दुबे ने स्वास्थ्य सुरक्षा और सस्टेनेबल एप्रोच की दृष्टि से भारतीय ज्ञान परंपरा में एलोपैथी चिकित्साशास्त्र के महत्व को रेखांकित किया। इस परिचर्चा की अध्यक्षता विभाग की अध्यक्ष प्रो सबिता वर्मा ने किया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### संगीत और नाट्य कार्यक्रम का होगा आयोजन

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग को सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली और विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में संगीत और नाट्य विषयक कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में संगीत एवं नाट्य विधा के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार भाग लेंगे और अपनी प्रस्तुतियां देंगें। आयोजन के बारे में विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' ने बताया कि तारीख़ और कलाकारों की सूचना शीघ्र ही प्रेषित की जाएगी। प्रो लावण्या ने कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी और सचिव,संगीत नाटक अकादमी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस कार्यक्रम हेतु अपनी अनुमति देकर हमें गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है।

### हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कादीरगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पोखर पर गांव से हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट मामले के फरार आरोपी पंकज कुमार उर्फ रौनी पिता अशोक प्रसाद घर अगरपुर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि बीते 18 .4.2025 को अगरपुर मुसहरी में सूअर को खेत में चले जाने के विवाद को लेकर मारपीट एवं फायरिंग की थी, जहां पर घटना के बाद दो नामजद, दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जहां अशोक प्रसाद अगरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था, वहीं उसके बेटे पंकज कुमार फरार चल रहा था, जिसे पोखर पर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पुनपुन पुल से नदी मे कूदी किशोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पुनपुन घाट रेलवे पुल के ऊपर से शुक्रवार की शाम को एक ड्यूटी ने पल के ऊपर से नदी में चलांग लगा दी और आत्महत्या करने की कोशिश की मौके पर मौजूद एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे बचा लिया गया। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि किशोरी कुछ निजी कारणों से आत्महत्या करने के लिए पुनपुन रेलवे पुल से पुनपुन नदी में कूद गई थी। मौके पर एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत पुनपुन नदी से सकुशल बाहर निकाला लिया। उसे पुनपुन थाना द्वारा उनकी मां को बुलाकर सुपुर्द किया गया।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा शिविर लगाकर चलाया गया वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** स्थानीय बिहारी बिगहा गाँव में बैंक ऑफ इंडिया शाखा बाढ़ के द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राज्यवर्धन, समाजसेवी एवं जेडीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बी के सिंह पूर्व मुखिया रणवीर सिंह 'पंकज' एवं बाढ़ शाखा के प्रबंधक मनेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में बैंक में खाता खुलवाने हेतु महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक राज्यवर्धन ने बताया कि केवाईसी जरूर कराएं और भारत सरकार की योजना सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना सहित जितनी भी योजनाएं है उसका लाभ उठाएं। राणा बिगहा के पूर्व मुखिया रणवीर सिंह पंकज ने कहा कि बाढ़ के शाखा प्रबंधक मनेंद्र कुमार एसी कमरा छोड़कर ग्राहकों की सेवा में लगे रहते है। अब बैंक आपके द्वार पर आकर आपका खाता खोलने की सुविधाओं के साथ साथ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जीवन बीमा, पेंशन योजना के लाभ से अवगत करा रहा है। मौके पर स्टेट बैंक के आठ काउंटर बनाए गए थे जहां ग्राहकों के लिए सेवाएं दी जा रही थी। आपको बता दें भारत सरकार के द्वारा जनता के लिए चलाए जा रहे इस स्कीम को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह के शिविर का आयोजन 1 जुलाई से चल रहा है जो अगले 30 सितंबर तक चलेगा।

# जनता दरबार में कई मामलों का किया गया त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में आए परिवादियों की समस्याओं को बड़े ही धैर्यपूर्वक सुना और निवारण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर ही कई मामलों का त्वरित समाधान किया, जबकि अन्य आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में आज हर घर नल-जल योजना, बिजली आपूर्ति, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, ग्रामीण विकास, तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभागीय अधिकारी समस्याओं का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से करें ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

जनता दरबार में जिलाधिकारी के साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने मौके पर ही कई आवेदनों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी। जनता दरबार में अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, सहायक नोडल आईटी कोषांग पुजा चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उबला अंडा देने के बजाए बच्चों के हाथों में थमा दिया गया कच्चा अंडा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के कई सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन (एमडीएम) योजना के तहत प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को उबला हुआ अंडा देने का सरकारी निर्देश है. हालांकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां जैसे कुछ स्कूलों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है. यहां बच्चों को मध्यान भोजन के दौरान उबला अंडा देने के बजाय स्कूल की छुट्टी होने के बाद कच्चा अंडा थमा दिया जाता है। यह प्रक्रिया न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों की सुविधा और सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बताया कि मध्यान भोजन के समय उन्हें उबला अंडा नहीं दिया जाता इसके बजाय, स्कूल की छुट्टी के बाद उन्हें लाइन में लगाकर कच्चा अंडा पकड़ा दिया जाता है, जैसे कोई प्रसाद बांटा जा रहा हो। बच्चों का कहना है कि कच्चा अंडा ले जाते समय उनके हाथ से गिरने का डर बना रहता है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ जाती है। यह स्थिति न केवल बच्चों के लिए असुविधाजनक है, बल्कि सरकारी योजना के उद्देश्य को भी कमजोर करती है.शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मध्यान भोजन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। बावजूद इसके, मसौढ़ी के कई विद्यालय सरकारी नियमों को नजरअंदाज कर अपने तरीके से संचालित हो रहे हैं। उत्क्रमण मध्य विद्यालय नहवां का यह मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां स्कूल प्रशासन द्वारा सरकारी मापदंडों की अनदेखी की जा रही है। यह स्थिति शिक्षा विभाग की निगरानी और जवाबदेही पर भी सवाल उठाती है। पूरे मामले पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि कच्चा अंडा देना सरकारी नियमों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मध्यान भोजन में बच्चों को उबला हुआ अंडा ही देना है. नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय किसान महासभा की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड कमेटी की बैठक शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय मसौढी में किया गया, बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भगवान सिंह ने की, बैठक का संचालन प्रखंड सचिव शशि यादव ने किया बैठक में मुख्य रूप से 15 सितंबर 2025 को संयुक्त मोर्चा के द्वारा किसान महापंचायत की तैयारी पर सभी सदस्यों ने अपना विचार रखा। प्रखंड सचिव शशि यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी बिहार विधानसभा के परिपेक्ष में बिहार में कृषि संकट को उजागर करने और किसानों की मांग को चुनाव में मुद्दा बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा 15 सितंबर को किसान महापंचायत का आह्वान किया है, आज बिहार में तीन चौथाई आबादी कृषि पर आश्रित है फिर भी बिहार के किसान कई समस्याओं से घिरे हुए हैं, बैठक में किसान नेता सुरेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, महिला किसान नेतृ उषा देवी, मिंता देवी, बटेश्वर यादव, सच्चिदानंद प्रसाद, ललन सिंह, जोगेंद्र कुमार आदी शामिल रहे।


**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 18 / 2025.26

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– 18/2025-26/EE/BCD/GARHWA — दिनांक– 12.09.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Vulnerable Witness Deposition Center Garhwa Under Garhwa Distt. | ₹ 50,50,700.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 19.09.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 26.09.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 27.09.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
14. प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत हीं भुगातन किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 361691 Building (25-26)_D



**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/16 दिनांक–12.09.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**
**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2025 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling आयोजन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/13 दिनांक– 03.09.2025 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga के B.Tech. पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 में सम्मिलित अभ्यर्थियों एवं सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि Round-2 Counselling के आधार पर नामांकन पश्चात् रिक्त सीटों पर Online Mop-up Counselling हेतु पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थियों से दिनांक 04.09.2025 से 08.09.2025 तक Willingness लेते हुए Choice Filling कराया जा चुका है। परन्तु इस बीच कतिपय संस्थानों से कुछ नामांकित अभ्यर्थियों द्वारा अपना नामांकन रद्द करा लेने के कारण कुछ अतिरिक्त रिक्तियाँ उत्पन्न हो गयी, जिसे उपलब्ध रिक्तियों में जोड़ दिया गया है।

2. अब संशोधित रिक्तियों के विरुद्ध BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 के वैसे पात्रता–प्राप्त जो अभ्यर्थी निर्धारित अवधि दिनांक 04.09.2025 से दिनांक 08.09.2025 तक की अवधि में Online Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Willingness दिये हैं और यदि वे अपने भरे हुए पूर्व के Choices में कोई बदलाव करना चाहते हैं तो वे **"Online Counselling Portal of BCECE(PCM / PCB / PCMB)-2025"** के माध्यम से अपने Account में login कर अपना Choices को Edit कर बदल सकते हैं। परन्तु जैसा कि पूर्व विज्ञापन द्वारा सूचित किया जा चुका है कि वे Round-1 / Round-2 Counselling से नामांकित Choice को अपने Choice List से हटा नहीं सकते हैं।

3. **अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे यह ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक विकल्प (Choices) भरें क्योंकि उन्नयन के कारण virtual vacancy / वास्तविक रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।**

4. शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

5. संशोधित रिक्तियों के विरुद्ध **Online Choice Filling** की तिथि एवं अन्य **Mop-up Counselling** कार्यक्रम निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | **Date of Start online Choice filling / Editing** of Choices for seat allotment (Round-2) | 04.09.2025 | **13.09.2025** |
| ii. | **Last Date of online Choice filling / Editing** of Choices for seat allotment and Locking (Round-2) | 08.09.2025 | **14.09.2025** |
| iii. | **2nd Round** Counselling Provisional Seat Allotment Result publication date | 11.09.2025 | **18.09.2025** |
| iv. | Downloading of Allotment Order | 11.09.2025 to 14.09.2025 | **18.09.2025** to **20.09.2025** |
| v. | **Document Verification and Admission** (Round-2) | 13.09.2025 to 14.09.2025 | **19.09.2025 to 20.09.2025** |

6. **Choice Filling/ Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या–BCECEB(BCECE)-2025/13 दिनांक 03.09.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

परीक्षा नियंत्रक

# प्रेमानंदजी से साइना नेहवाल ने पूछा- बहुत स्ट्रेस होता है

## कल क्या होगा, मां-बहन के साथ वृंदावन दर्शन करने पहुंचीं

**मथुरा (एजेंसी)।** ओलंपिक मेडलिस्ट शटलर साइना नेहवाल वृंदावन दौरे पर हैं। गुरुवार को वह मां उषा और बहन चंद्रांशु के साथ संत प्रेमानंद के दर्शन करने उनके आश्रम पहुंचीं। साइना ने प्रेमानंद महाराज से पूछा-मुझे मंदिर जाना बहुत पसंद है। मैं काफी मंत्र भी जपती हूं।



लेकिन जब मुझे लोग इवेंट्स में बुलाते हैं, तो इवेंट्स में जाने का सोचकर मैं थोड़ा स्ट्रेस में आ जाती हूं। बार-बार दिमाग में आता है कि कल क्या होगा, कल के इवेंट्स का क्या होगा। बहुत स्ट्रेस होता है।

इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा- अज्ञान की वृद्धि जब तक नष्ट नहीं होगी। तब तक वह चिंता सताती रहती है। वर्तमान का समय हम भगवान के नाम में लगा दें, तो हमारा भूत और भविष्य दोनों ठीक हो जाएगा।

हम व्यर्थ में चिंतन करते हैं। कभी भूत का चिंतन हो जाता है तो कभी भविष्य का। दिमाग ही है। कभी बीते हुए कल की तो कभी आने वाले कल की काल्पनिक चिंता होने लगती थी।

# सचिन तेंदुलकर ने कहा बीसीसीआई के नए अध्यक्ष की दौड़ में नहीं हूं

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में नहीं हैं।



पिछले कुछ दिनों से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि मास्टर ब्लास्टर को रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारिक बयान में कहा गया है, हमारे संज्ञान में आया है कि सचिन तेंदुलकर के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए विचार किए जाने या नामांकित किए जाने के बारे में कुछ रिपोर्ट और अफवाहें फैल रही हैं।

# 'मुझे यही करना है', शुभमन गिल ने बताया कब पता चला क्रिकेटर ही बनना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान और सभी प्रारूपों के स्टार शुभमन गिल ने उस पल का खुलासा किया जब उन्हें 11 साल की उम्र में एहसास हुआ कि उन्हें क्रिकेट खेलना ही है।



शुभमन एप्पल म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर एक साक्षात्कार में बोल रहे थे। गिल ने बताया कि 11 साल की उम्र में उन्होंने अंडर-23 तेज गेंदबाजों के एक शिविर में भाग लिया और अपने से कहीं ज्यादा उम्र के गेंदबाजों के खिलाफ खेलते हुए 90 से ज़्यादा रन बनाए।

गिल ने उन दिनों को याद करते हुए कहा, सच कहूं तो मुझे 11 साल की उम्र में ही एहसास हो गया था कि यही मेरा करियर होगा। एक पल ऐसा आया।

एशिया कप 2025

# आज श्रीलंका पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मजबूत करने उतरेगा बंगलादेश

**अबु धाबी (एजेंसी)।** बंगलादेश शनिवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 टी-20 के पांचवें मुकाबले में अपने पहले मैच में मिली जीत की महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त को मजबूत करने और श्रीलंका के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के लिए उतरेगा।

पिछले महीनों के आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश का पलड़ा भारी है क्योंकि उसने जुलाई 2025 में श्रीलंका को टी-20 सीरीज में 2-1 से हराया था और उनकी मौजूदा लय उन्हें एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाती है। बंगलादेश ने एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ शानदार शुरुआत की है। इस मैच में बंगलादेश ने लिटन दास की 39 गेंदों पर 59 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत बंगलादेश ने हांगकांग के खिलाफ 144 रनों के लक्ष्य का 18 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया।

बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन, मध्यक्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदय और जैकर अली के साथ मिलकर एक संतुलित बल्लेबाजी क्रम प्रदान करते हैं जो प्रभावी ढंग से पारी को आगे बढ़ाने और समाप्त करने में सक्षम है। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाए तो तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान का तेज गेंदबाजी आक्रमण शानदार फॉर्म में है।



स्पिनर महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन अबु धाबी की परिस्थितियों के अनुकूल हैं। संभावित बंगलादेश एकादश- परवेज हुसैन इमोन, तनजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, जैकर अली, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तनजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान। वहीं अगर श्रीलंका की बात की जाये तो उसने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल करते हुए, अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। बंगलादेश से सीरीज हार और जिम्बाब्वे से मिली करारी हार ने एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत में टीम पर दबाव बढ़ा दिया है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा के साथ मिलकर पारी को स्थिर करने की उम्मीद है, जबकि कामिल मिशारा और चरित असालंका पारी के अंत में तेजी ला सकते हैं।

गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाए तो वनिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज और चरित असालंका की अगुवाई में श्रीलंका का स्पिन विभाग अबु धाबी की पिच पर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। दुष्मंथा चमीरा तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, हालांकि हालात में स्पिनरों का पलड़ा भारी लग सकता है।

### पिच रिपोर्ट

विश्लेषकों के अनुसार शेख जायद स्टेडियम की पिच संतुलित है जिस पर बल्लेबाज शुरुआत में खुलकर खेल सकते हैं, जबकि स्पिनर बीच के ओवरों में सटीकता का फायदा उठाकर नियंत्रण बना सकते हैं। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को ऐतिहासिक रूप से फायदा मिलता रहा है। पिछले 10 टी20 मैचों में से आठ लक्ष्य का पीछा कर जीते गए है। इसलिए टॉस जीतने वाले कप्तान के पहले क्षेत्ररक्षण करने की संभावना है। 170 के आसपास के स्कोर से एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होने की उम्मीद है।

### संभावित प्लेइंग 11

**बंगलादेश-** तंजीद हसन, परवेज़ हुसैन इमोन, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, तंज़ीम हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान

**श्रीलंका-** पथुम निसंका, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), कुसल परेरा, कामिल मिशारा, कामिंडु मेंडिस, चरित असालंका (कप्तान), दासुन शनाका, महेश दीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज/मथीशा पथिराना, वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा।

# एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 56 प्रतिशत मैच हराए

## पिछले 10 साल में पाक महज 1 मैच जीता; दोनों कभी फाइनल में नहीं भिड़े

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में ग्रुप स्टेज का महामुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टीम इंडिया ने,श्व के खिलाफ 9 विकेट की जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। वहीं पाकिस्तान आज ओमान के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट इतिहास में दोनों ने आपस में 18 मैच खेले। 10 में भारत और 6 में पाकिस्तान को जीत मिली। हालांकि, पिछले 10 साल में राइवलरी एकतरफा सी हो गई, जहां पाकिस्तान को 7 मुकाबलों में महज 1 बार जीत नसीब हो सकी।



एशिया कप 1984 से खेला जा रहा है। भारत ने 8 और पाकिस्तान ने 2 खिताब जीते हैं, लेकिन दोनों टीमें कभी फाइनल में आमने-सामने नहीं हो सकीं। स्टोरी में जानते हैं दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमों का एशिया कप में एक-दूसरे के खिलाफ कैसा रिकॉर्ड है।

**भारत ने पाकिस्तान को 56 प्रतिशत मैच हराए-** 1984 में पहली बार एशिया कप खेला गया, तब भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने ही हिस्सा लिया। भारत ने शारजाह में पाकिस्तान को 54 रन से हराया और फिर राउंड रॉबिन फॉर्मेट जीतकर खिताब भी उठा लिया। तब श्रीलंका रनर-अप और पाकिस्तान तीसरे नंबर पर रही थी। 1984 से दोनों टीमों के बीच वनडे और टी-20 एशिया कप में 18 मैच खेले गए। 56 प्रतिशत यानी 10 में भारत को जीत मिली, वहीं 6 मुकाबले पाकिस्तान के नाम रहे। 1997 और 2023 में दोनों टीमों के बीच 1-1 मुकाबला बेनतीजा भी रहा था।

**वनडे एशिया कप में भारत ने 53 प्रतिशत मैच जीते-** एशिया कप 14 बार वनडे और 2 बार टी-20 फॉर्मेट में खेला गया। इस दौरान वनडे फॉर्मेट में दोनों के बीच 15 मैच हुए। 8 में भारत और 5 में पाकिस्तान को जीत मिली। इस दौरान 2 मुकाबले बेनतीजा भी रहे। यानी भारत ने पाकिस्तान को 53 प्रतिशत वनडे मुकाबले हराए।

टी-20 एशिया कप में दोनों टीमें 2016 में मीरपुर के मैदान पर पहली बार भिड़ी थीं। तब भारत ने 5 विकेट से मुकाबला जीता था। 2022 में दोनों के बीच दुबई में 2 टी-20 खेले गए। पहला मैच भारत ने और दूसरा मैच पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। पिछले 10 साल में यह पाकिस्तान की भारत पर इकलौती जीत भी थी। इस दौरान भारत ने 5 मैच जीत लिए।

**वनडे एशिया कप में भारत ने 53 प्रतिशत मैच जीते-** एशिया कप 14 बार वनडे और 2 बार टी-20 फॉर्मेट में खेला गया। इस दौरान वनडे फॉर्मेट में दोनों के बीच 15 मैच हुए। 8 में भारत और 5 में पाकिस्तान को जीत मिली। इस दौरान 2 मुकाबले बेनतीजा भी रहे। यानी भारत ने पाकिस्तान को 53 प्रतिशत वनडे मुकाबले हराए।

टी-20 एशिया कप में दोनों टीमें 2016 में मीरपुर के मैदान पर पहली बार भिड़ी थीं। तब भारत ने 5 विकेट से मुकाबला जीता था। 2022 में दोनों के बीच दुबई में 2 टी-20 खेले गए। पहला मैच भारत ने और दूसरा मैच पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। पिछले 10 साल में यह पाकिस्तान की भारत पर इकलौती जीत भी थी। इस दौरान भारत ने 5 मैच जीत लिए।

# हॉन्गकॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट, सत्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

## मलेशियाई जोड़ी को तीन गेम में हराया; लक्ष्य सेन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई



**हॉन्गकॉन्ग (एजेंसी)।** हॉन्गकॉन्ग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेन्स डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी सेमीफाइनल में जगह बना ली है,वहीं लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की जोड़ी जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को रोमांचक तीन गेम वाले मुकाबले में हराया।

**कांटे का रहा मुकाबला-** पहले गेम में सत्विक-चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को 21-14 से आसानी से हरा दिया। लेकिन दूसरे गेम में वे थोड़े चूक गए और 20-22 से हार गए, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। वे 21-16 से जीतकर टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मैच एक घंटे से ज्यादा समय तक चला। इसमें सात्विक-चिराग शुरू से मैच में अपनी पकड़ बनाए रखा। अब सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में चाइनीज ताइपेई के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई का सामना करेंगे।

### लक्ष्य सेन ने प्रणय को हराया

भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी और वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-20 लक्ष्य सेन ने भी शानदार खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने अपने ही देश के खिलाड़ी एचएस प्रणय (वर्ल्ड रैक 34) को 15-21, 21-18, 21-10 से मात दी। इस मैच में लक्ष्य की शुरुआत धीमी रही और प्रणय ने पहला गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि दूसरे गेम में लक्ष्य ने वापसी की। 11-9 से पीछे रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 21-18 से गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने पूरी तरह से मैच पर पकड़ बना ली और 21-10 से आसान जीत दर्ज की।

# जींद की प्राची सैनी ने तलवारबाजी में जीते 2 मेडल

## चंडीगढ़ को हराकर टीम इवेंट में जीता गोल्ड, एकल में सिल्वर, उत्तराखंड में हुई प्रतियोगिता

**जींद (एजेंसी)।** जींद की प्राची सैनी ने उत्तराखंड में हो रही नेशनल तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता में दो मेडल जीतकर हरियाणा का मान बढ़ाया है।



प्राची ने टीम इवेंट में गोल्ड और एकल इवेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 सितंबर से 14 सितंबर तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में नेशनल कैडेट (अंडर-17) आयु वर्ग की नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को हुए मुकाबलों में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए फॉयल इवेंट के एकल वर्ग में महाराष्ट की खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन फाइनल मुकाबला नहीं जीत पाई, इसलिए सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इसके बाद टीम इवेंट में खेलते हुए प्राची सैनी ने चंडीगढ़ की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल जीता।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल, यश-रजत के शतक

## सेंट्रल जोन का स्कोर 300 रन पार; साउथ जोन 149 रन पर ऑलआउट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेला जा रहा है। आज यानी शुक्रवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। सेंट्रल जोन ने आज अपनी पहली पारी को 50/0 के स्कोर से आगे बढ़ाया।टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 357 रन बना लिए हैं। यश राठौड़ शतक लगाकर नाबाद हैं।

कप्तान रजत पाटीदार शतक (101 रन), लगाकर आउट हुए। उनके अलावा, दानिश मालेवार 53, ओपनर अक्षय वाडकर 22, शुभम शर्मा 6 और उपेंद्र यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले, गुरुवार को साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।



**सारांश जैन को 5 विकेट-** साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ही सिमट गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। उनके अलावा सलमान निजार 24, अंकित शर्मा 20, रिकी भुई 15 और एमडी निधेश 12 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से सारांश जैन ने 5 और कुमार कार्तिकेय ने 4 विकेट झटके।

# हिसार की अवलीन दूसरी बार नेशनल में पहुंची

## अंडर-19 चेस में लगातार पांच जीत, हरियाणा की टॉप-5 में शामिल, स्कूल में मिला सम्मान

**हिसार (एजेंसी)।** हिसार जिले के उकलाना की लोटस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दसवीं की स्टूडेंट और चैस क्वीन अवलीन कौर ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए अंडर-19 नेशनल चैम्पियनशिप में जगह बना ली है। अवलीन इतनी कम उम्र में लगातार दूसरी बार अंडर-19 नेशनल में पहुंचने वाली पहली चेस खिलाड़ी बनी हैं। अवलीन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हिसार का नेतृत्व किया और शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा की टॉप-5 चैस प्रतिभागियों में जगह बनाई। इसके बाद हुए नेशनल ट्रायल में भी उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाते हुए हरियाणा की टीम में अपना स्थान पक्का किया।



# रोनाल्डो का खेल देखकर प्रेरणा लेते हैं एशिया कप स्टार हॉकी खिलाड़ी अभिषेक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप हॉकी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे फॉरवर्ड अभिषेक के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो प्रेरणास्रोत रहे जिन्हें देखकर ही उन्होंने काफी कुछ सीखा। हाल ही में राजगीर में हुए एशिया कप में भारत ने फाइनल में पिछली चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और अगले साल नीदरलैंड तथा बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। अभिषेक ने टूर्नामेंट में छह गोल किये और कई गोलों में सूत्रधार रहे। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे अंदर से लग तो रहा था कि यह टूर्नामेंट कुछ खास होगा लेकिन यह नहीं सोचा था कि प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बनूंगा। उन्होंने कहा, 'अब हमे विश्व कप की तैयारी के लिए लंबा समय मिल गया है। अपनी बात करूं तो मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जो आगामी टूर्नामेंटों और विश्व कप में काफी काम आएगा।% पेरिस ओलंपिक 2024 कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य रहे अभिषेक ने बताया कि उनके खेल पर पुर्तगाल के महान फुटबॉलर रोनाल्डो का काफी प्रभाव है और उनके मैच देखकर वह काफी कुछ सीखते हैं। भारत के लिए 113 मैचों में 48 गोल कर चुके इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे बचपन के कोच शमशेर दहिया मेस्सी के फैन हैं और मुझे वैसा ही बनाना चाहते थे। लेकिन मुझे रोनाल्डो पसंद है। मैं उनके मैच देखता हूं जिनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल और हॉकी दोनों टीम खेल हैं और गेंद से ही खेली जाती है। पूरा खेल रनिंग और इंड्यूरेंस का है जिसमें पोजिशनिंग काफी अहम होती है



और इसमें मेरे प्रेरणास्रोत रोनाल्डो हैं। उन्होंने आगे कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों में सरदार सिंह मुझे बहुत पसंद हैं और उनको देखकर ही मैंने हॉकी खेलना शुरू किया था। लेकिन मेरे भारतीय टीम में आने से पहले उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया था तो मुझे उनके साथ खेलने का मौका नहीं मिला।

अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर हॉकी स्टिक थामने वाले अभिषेक ने बताया कि बचपन में कलाई में चोट लगने के बाद उनके माता-पिता ने आगे हॉकी खेलने से मना कर दिया था लेकिन कोच ने उन्हें राजी किया और हिन्दी शिक्षक रहे अपने पहले कोच की सलाह वह आज भी लेते हैं। उन्होंने कहा, 'शमशेर सर को आधुनिक हॉकी के बारे में ज्यादा नहीं पता लेकिन मेरे खेल के बारे में वह बहुत कुछ बताते हैं। मैं उनसे सलाह लेता रहता हूं। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टोन से भी अपने खेल के बारे में खुलकर बात करता हूं।

यह पूछने पर कि एशिया कप में जीत का जश्न कैसे मनाया, अभिषेक ने कहा कि परिवार के साथ समय बिताना ही सबसे बड़ा जश्न है चूंकि अधिकांश समय वह घर से बाहर रहते हैं। उन्होंने कहा, 'एशिया कप में परिवार से कोई नहीं आया था क्योंकि भाभी मां बनने वाली है। भैया भाभी ने हॉकी इंडिया लीग के मैच देखे थे। एशिया कप से लौटने के बाद हम सभी ने साथ में डिनर किया और यही मेरे लिये जश्न जैसा था ।28 सितंबर को शिविर में लौटना है तो उससे पहले परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहता हूं।

# लखपति दीदी और जीविका से जुड़ी महिलाओं को 400 करोड़ का ऋण देगा पंजाब नैशनल बैंक

## महिला सशक्तिकरण में पंजाब नैशनल बैंक अग्रणी भूमिका निभायेगा : नाथूराम बंजारा

### अब तक 320 करोड़ रुपये का ऋण वितरित






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तिकरण की महत्वाकांक्षी पहल लखपति दीदी योजना को सफल बनाने में पंजाब नैशनल बैंक अग्रणी भूमिका निभायेगा। स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक के औरंगाबाद मंडल क्षेत्र में करीब 400 करोड़ रुपए के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल प्रमुख सह बिहार राज्य प्रमुख नाथूराम बंजारा ने आज औरंगाबाद जिले के नबीनगर में आयोजित स्वीकृति पत्र वितरण एवं संवितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी के तहत अब तक औरंगाबाद मंडल क्षेत्र में 320 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का ऋण वितरित किया जा चुका है। बैंक ने अब किसी भी लखपति दीदी के अच्छा कामकाज करने पर उन्हें श्रेष्ठा मानते हुए ऋण की सीमा को 10 लाख तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। जीविका दीदी को बिहार सरकार ने भी ऋण पर सब्सिडी देने की घोषणा की है। इस प्रकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के साथ-साथ पंजाब नेशनल बैंक भी हर संभव अपेक्षित कदम उठा रहा है।

### महिला के सशक्त होने से पूरा परिवार होगा सशक्त

श्री बंजारा ने कहा कि यदि कोई महिला सशक्त होती है तो उनसे पूरा परिवार सशक्त होता है, समाज, गांव-नगर और राज्य मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के अलावा बैंकों की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार, व्यापार और उद्योग से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ उठाने के लिए महिलाओं को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर आज जीविका दीदियों और लखपति दीदियों के बीच 20 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण वितरित किया गया। इस मौके पर 14 सौ ऋण खाता खोले गये। बैंक के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की लोन लिमिट को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने की जो बात हो रही है। हमलोग चाहते हैं कि उसे 20 लाख करें। जो समूह अच्छा कार्य करेंगे उसे चिन्हित करके शाखा प्रमुख अनुशंसा करेंगे तो उन्हें 20 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि पैसा ज्यादा होगा तो आप खुलकर काम कर सकेंगे और मुनाफा भी ज्यादा कमा सकेंगे। उन्होंने सभी जीविका दीदियों से अनुरोध किया कि आप लोग अपने नजदीकी शाखाओं में जाइए और सरकार की हर योजना का लाभ जरूर उठाइए।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल पटना के डॉक्टरों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसका लाभ जीविका दीदियों ने लिया। शिविर में सभी महिलाओं के ब्लड प्रेशर, शुगर के अलावा, आंखों की भी जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। वहीं कार्यक्रम में अलग से एक स्टॉल लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में जीविका दीदियों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी से इस बीमा योजना का लाभ लेने की बात कही गई ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है तो उन्हें बैंक के द्वारा मदद मिल सके।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर उप मंडल प्रमुख डीके ब्रह्मचारी, औरंगाबाद के एलडीएम आनंद वर्द्धन, शाखा प्रमुख नबीनगर शशिकांत कुशवाहा, अंबा शाखा प्रमुख सुमित सिंह समता, कुटुंबा शाखा प्रमुख ओम प्रकाश भारती, माली शाखा प्रमुख अनिकेत कुमार, टंडवा शाखा प्रमुख जयप्रकाश कुमार, बैंक अधिकारी चंदन श्रीवास्तव, जीविका मैनेजर माइक्रो फाइनेंस पंचम कुमार दांगी, कुटुंबा के बीपीएम धनंजय तिवारी, बीपीएम नबीनगर नवरचन गहरवाल, सर्कल कार्यालय की टीम एवं कृषि विभाग की टीम के अलावा सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# हर परिवार की एक महिला को रोजगार के लिए मिलेंगे 10 हजार रुपये : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के रोजगार के लिए एक नई योजना मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की गई है। योजना का लक्ष्य राज्य के सभी परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। यह बात समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में डीएम श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कही। डीएम ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिहार ग्रामीण की जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति के माध्यम से कराया जा रहा है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता के लिए सभी परिवारों की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार के लिए प्रथम किस्त के रूप में 10 हजार रुपये दिया जाएगा। महिलाओं का रोजगार प्रारंभ करने के लिए दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता आवश्यकता के अनुसार दी जाएगी। बताया कि औरंगाबाद में तीन लाख से अधिक जीविका दीदी हैं। प्रथम श्रेणी में उन्हें ही लाभ मिलेगा। 1856 ग्राम संगठन है। एक ग्राम संगठन में 10 से 15 महिलाएं है। जीविका दीदी इसी ग्राम संगठन को अपना आवेदन जमा कर सकती है। डीएम ने बताया कि जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़े सभी सदस्य इस योजना के पात्र होंगे। वे योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकती है। वहीं समूह के सभी सदस्यों की एक विशेष बैठक ग्राम संगठन स्तर पर आयोजित की जाएगी जिसमें एक समूह के सभी



सदस्यों का एक समेकित प्रपत्र में आवेदन लिया जाएगा। बताया कि ग्राम संगठन के बाहर संग्रह आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं जो महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूह से बाहर हैं उन्हें योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए समूह से जुड़ना अनिवार्य होगा। वहीं जो महिलाएं समूह से नहीं जुड़ी है वे सबसे पहले स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए अपना आवेदन संबंधित ग्राम संगठन में निर्धारित प्रपत्र में करेंगे। डीएम ने बताया कि इस योजना से जुड़ने के लिए किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। यदि किसी के द्वारा योजना में जुड़ने के लिए राशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना अपने ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संघ एवं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक को देंगे। योजना में मात्र ग्राम संगठन द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन प्रपत्र ही मान्य होगा। इसके अलावा अन्य जगहों से वितरित आवेदन प्रपत्र प्रारूप मान्य नहीं होगा। वहीं जीविका सदस्य एवं गैर जीविका सदस्य दोनों तरह के सभी योग्य परिवार की एक महिला को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। श्री शास्त्री ने बताया कि योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक का बैंक खाता, आधार नंबर से जुड़ा एवं क्रियाशील रहना अतिआवश्यक है। बताया कि जीविका द्वारा डीबीटी के माध्यम से राशि लाभुकों के आधार से संबद्ध बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। महिलाओं को समूह से जुड़ने के लिए उम्र 18 से 60 वर्ष होनी चाहिए। आवेदिका स्वयं या उनके पति आयकर दाता की श्रेणी में नहीं हो। आवेदिका स्वयं अथवा उनके पति सरकारी सेवा में नहीं हो। डीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि आवेदकों को अगर इस योजना का लाभ दिलाने के लिए किसी तरह की राशि की मांग की जाती है तो जीविका के प्रखंड या जिला कार्यालय, डीएम, डीडीसी, बीडीओ के कार्यालय में इसकी सूचना दें।

# विधानसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव-2025 की तैयारियां चुनाव आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रारंभ कर दी गई हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त मानदंडों एवं दिशा-निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी अपने-अपने स्तर से कार्य योजना तैयार करने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सह वरीय पदाधिकारी कम्युनिकेशन प्लान एवं डीइएमसी कोषांग उपेंद्र पंडित की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में



नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बारून एवं कुटुंबा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित ने बताया कि कम्युनिकेशन प्लान के अंतर्गत जिला स्तर के अतिरिक्त निर्वाचन पदाधिकारी स्तर एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर बूथ लेवल कर्मियों का डेटाबेस चुनाव आयोग के पोर्टल पर प्रविष्ट करने का निर्देश दिया गया है। वहीं नोडल पदाधिकारी बेबी प्रिया ने कहा कि चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देशिका के अनुसार सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को समय-सीमा के भीतर कार्य योजना तैयार कर अनुमोदन उपरांत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करनी है।

# सेवानिवृत गोपाल प्रसाद सिंह के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के करमा भगवान निवासी विद्युत विभाग से सेवानिवृत गोपाल प्रसाद सिंह का निधन पर गुरुवार को सुबह में हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की उम्र आखिरी सांस ली। श्री सिंह धर्म परायण व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अरुण कुमार सिंह उर्फ बड़का बाबू ने दिया। बता दें कि गोपाल बाबू गायत्री परिवार का अध्यक्ष रहने के साथ ही वर्षों तक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रहे। वे विद्युत विभाग के कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी



रहे। उनके निधन से शोक की लहर है। वे अपने पीछे दो पुत्रों का छोड़ गए हैं। उनके छोटे पुत्र अजीत कुमार सिंह उर्फ छोटका बाबू स्वास्थ्य विभाग में बड़े पद पर आसीन हैं तथा प्रदेश के कई वरीय संगठन से जुड़े हैं। गोपाल बाबू के निधन को शहर के गणमान्य लोगों ने अपूरणीय क्षति बताया है।

# जर्जर भवन व शिक्षकों की कमी से जूझ रहा धनगाईं मध्य विद्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून(औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय धनगाई की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। यहां नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 500 है, जिनमें से करीब 410 नियमित रूप से विद्यालय आते हैं। बावजूद इसके, विद्यालय में केवल पाँच कमरे हैं, जिनमें से तीन कमरे खपड़ैल और पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। बरसात के दिनों में कमरों से पानी टपकने के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है और कई बार छात्रों को बरामदे में पढ़ाई करनी पड़ती है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या भी बेहद कम है। कुल सात शिक्षक होने के बावजूद विषयवार शिक्षक की भारी कमी बनी हुई है। विशेष रूप से हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए एक भी शिक्षक नहीं है। छठे से आठवें वर्ग के छात्रों की पढ़ाई इस वजह से बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सातवीं कक्षा की छात्रा मुनि स्वीटी पिंकी ने बताया कि शिक्षक न होने से वे इन विषयों की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। विद्यालय का संचालन भी कठिनाइयों से घिरा है। कमरों की कमी के कारण पहली और दूसरी कक्षा को एक कमरे में, तीसरी और चौथी को दूसरे कमरे में, पांचवीं को तीसरे कमरे में, छठी-सातवीं को चौथे कमरे में तथा आठवीं को पांचवें कमरे में पढ़ाया जाता है। एक जर्जर कमरे को कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। विद्यालय तक पहुँचने का रास्ता भी छात्रों और शिक्षकों के लिए चुनौती बना हुआ है। नहर में कटाव से रास्ता संकरा हो गया है, वहीं बरसात के दिनों में यह कीचड़युक्त होकर बेहद कठिन हो जाता है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में चारदीवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित होता है। प्रधानाध्यापक मिथलेश पासवान ने बताया कि कमरों की कमी और भवन की जर्जर स्थिति की सूचना कई बार संबंधित पदाधिकारियों को दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि विद्यालय को भवन निर्माण के लिए सूचीबद्ध किया गया है। जल्द ही नए कमरे बनवाकर छात्रों की समस्या दूर की जाएगी।

# अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज के छात्र अमेन्द्र ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैम्प में अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज नबीनगर के छात्र कैडेट अमेन्द्र कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अमेन्द्र कुमार के पिता बलराम मेहता एवं माँ शांति देवी टंडवा के अंतर्गत ग्राम कजकपुर के निवासी हैं। कैडेट के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण बिहार एवं झारखंड ग्रुप ने फायरिंग प्रतियोगिता में पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने कैडेट को बधाई देते हुए पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके पहले भी प्राचार्य की ओर से लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों को इसी तरह पुरस्कार दिए जाते रहे हैं। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अक्षय जैन ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का सबसे महत्वपूर्ण



कैम्प होता है जिसमें चयन हेतु कैडेट कई कैंपो से होकर गुजरते हैं। महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। इससे पहले भी कई कैडेट प्रत्येक वर्ष विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के कैम्प में चयनित हो चुके हैं। कैडेट की तैयारी 13 बिहार बटालियन औरंगाबाद के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक के निर्देशन में कराई गई है।

# अपहरण कर दुष्कर्म के मामले दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की पांचवी कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग को पीरू गांव निवासी 27 वर्षीय टेम्पो चालक रेयाज अंसारी ने पहले प्रेम जाल में फंसाया, उसके बाद उसे अपने दोस्त उसी गांव निवासी टेम्पो चालक 22 वर्षीय मो. सुहैल अंसारी के माध्यम से 5 सितंबर को औरंगाबाद ले गया। वहां से राजस्थान ले जाकर शादी का झांसा दिया। इस दौरान कथित प्रेमी के साथ उसके तीन दोस्तों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म भी किया। जबकि रेयाज की शादी हो चुकी है और उसके बच्चे भी हैं। जब 5 सितंबर की रात नाबालिग घर नहीं लौटी तो 6 सितंबर को उसके पिता ने हसपुरा थाना में लापता होने का आवेदन दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की तो नाबालिग को बहलाकर कहीं ले जाने की जानकारी मिली। फिर पुलिस ने आरोपियों पर दबाव बनाया तो गुरुवार को नाबालिग को हसपुरा बाजार में छोड़ दिया गया। उसके बाद पुलिस ने उसे बरामद कर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से सुदृढ़ होगा पर्यावरणीय संतुलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पौधारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में सत्तर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज एवं जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बच्चों को पौधारोपण की महत्ता एवं



बिगड़ते पर्यावरणीय संकट को रेखांकित किया। डीएओ ने बच्चों को विस्तार से पर्यावरण की संरक्षा के सूत्र बताया और कहा कि अच्छा एवं स्वस्थ पर्यावरण ही लोगों को भोजन एवं खाद्यान्न उपलब्ध कराएगी। इसलिए बच्चे पृथ्वी को माता समझकर उसकी हरितिमा को आबाद रखने का संकल्प लें। कार्यक्रम में उपस्थित डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर ने बच्चों को बागवानी की आदत बचपन में ही डेवलप करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने कृषि आधारित बेसिक ज्ञान प्राप्त करने को प्रेरित किया जो उन्हें पृथ्वी माता के प्रति सम्मान का भाव बढ़ाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने जिला उद्यान पदाधिकारी के प्रति आभार प्रकट करते हुए जानकारी दी कि उनके सहज अनुरोध पर उन्होंने विद्यालय को सत्तर फलदार वृक्ष तत्काल उपलब्ध कराएं जिससे बच्चों को सरकार के अभियान को पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक पेड़ मां के नाम अभियान को देख रहीं पीरामल फाउंडेशन की डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर कृति ने भी बच्चों को संबोधित कर पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया एवं प्राचार्य के त्वरित तरीके से सत्तर पौधे लगवाने के सदप्रयास की भी प्रशंसा की। इस अभियान की मास्टर ट्रेनर एवं विद्यालय की शिक्षिका मंजु कुमारी ने सभी के प्रति आभार जताया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर 15 परिवादियों की समस्याएं सुनी। इस क्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए परिवादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इन आवेदनों में बकाया मानदेय भुगतान, वरीयता क्रम निर्धारण, विद्यालय भवन निर्माण, अंतरजातीय विवाह फॉर्म वेरीफिकेशन, रास्ता सीमांकन, भूमि निबंधन, सड़क, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनहित की समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जनता दरबार में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव रणधीर सिंह के द्वारा नवीनगर एनटीपीसी परियोजना में युवाओं को रोजगार, ठेकेदारों को कार्य और सीएसआर का उपयोग सुनिश्चित कराने का निवेदन किया गया। ओबरा थाना क्षेत्र बहादुर बिगहा निवासी नंदकेश्वर नोनियां के द्वारा गलत तरीके से भूमि निबंधन करने की



शिकायत की गई। सलैया थाना क्षेत्र के सदोसराय गांव निवासी राजजय सिंह मदनपुर अंचल के द्वारा सर्वे द्वारा कायम रास्ते का सीमांकन करवाने की मांग की गई। नरारीकला खूर्द थाना क्षेत्र के किसमत करमा निवासी शिवनारायण सिंह के द्वारा एनपीजीसी योजना के तहत रिश्वत लेकर चापाकल दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की शिकायत रखी गई। तिवारीडीह गांव निवासी गजाधर सिंह के द्वारा रामवि तिवारीडीह का भवन ग्राम तेतरहड़ में बनाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। देव अंचल के उपदाहा गांव निवासी अमित कुमार के द्वारा अंतरजातीय विवाह वेरिफिकेशन फॉर्म ब्लॉक स्तर पर लंबित रहने की समस्या रखी गई। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा गांव और कस्बों में सड़क, नाली, पुल, नल-जल आपूर्ति व्यवस्था एवं जनसुविधा से संबंधित मुद्दे भी रखे गए। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। और निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आर्थिक तंगी से परेशान एक युवक ने जहर खाकर आत्म हत्या कर लिया। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र संघत रोड की है। मृतक की पहचान कपिल प्रजापति के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने आज जहर खा लिया। इसके बाद वह पेट दर्द से वह चीखने-चिल्लाने लगा। परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते वक्त युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि कपिल ने दो शादियां की थी। पहली पत्नी कहीं दुसरे जगह चली गई। जबकि दुसरी पत्नी साथ में घर पर रहती है। दूसरी पत्नी से दो बच्चे हैं। एक बच्चे का छह दिन पहले छठीहार था। वह किसी किराना दुकान में मजदूरी करता था और परिवार का भरण-पोषण करता था। आर्थिक तंगी को लेकर वह डिप्रेशन में रहता था। इसी क्रम शुक्रवार को उसने जहर खा लिया। इधर, परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम करवाएं ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं आसपास मातम पसरा हुआ है।